# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : रविवार, 14 जून, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-118 ■ पृष्ठ-14 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


# 6.25 लाख एकड़ भूमि पर होगा 12 नई टाउनशिप विकसित : मुख्यमंत्री

## 24 घंटे में 20 घंटे हम सबको काम करना होगा, तभी बिहार समृद्ध होगा

दैनिक नवसंदेश



बिहार के विकास की नयी उड़ान में उद्योग, निवेश और जनभागीदारी बनेगी सबसे बड़ी ताकत

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी देश को विकसित बनाने के लिए निरंतर विकास कार्य कर रहे हैं। मेरा मानना है कि भारत तभी विकसित होगा जब बिहार समृद्ध होगा। आज से 2000 वर्ष पूर्व इस धरती ने देश को स्वर्णिम काल दिया। लगभग 200 वर्षों तक बिहार शासन का केन्द्र रहा, जिसे स्वर्णिम काल के रूप में जाना जाता है। बीच के कालखंड में आक्रांताओं ने भारत आकर सिर्फ लूटपाट मचायी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह ने बिहार के विकास के लिए काफी काम किया। वर्ष 1962 से 90 के बीच जो मुख्यमंत्री रहे, उनका कार्यकाल मात्र एक से डेढ़ वर्ष के बीच ही रहा। उन्होंने कहा कि हमें पूरी व्यवस्था बदल कर सामाजिक संरचना खड़ा करते हुये लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है, तभी बिहार समृद्ध होगा। बिहार दुनिया का सबसे अधिक घनत्व आबादी वाला राज्य है। पिछले 20 वर्षों से अपने संसाधन से बिहार का ग्रोथ रेट डबल डिजिट में रहा है। भारत सरकार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। सीएम ने कहा कि बिहार में 85 प्रशित लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। देश के किसी भी कोने में आप कश्मीर से कन्याकुमारी तक चले जाएं, सबसे अच्छी ग्रामीण सड़क आपको बिहार में ही मिलेगी। शहरी क्षेत्रों में भी सड़कों को बेहतर बनाया जा रहा। उन्होंने कहा कि विकसित होनेवाले 12 टाउनशिप में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, इंडस्ट्रियल पार्क भी विकसित किया जाएगा। इसमें जिन लोगों की जमीन अधिग्रहित होगी, उन्हें सरकार उचित मुआवजा देगी। हमने कहा है कि किसी व्यक्ति की जमीन टाउनशिप क्षेत्र में आती है और उनके घर में अगर बेटी की शादी है या वह किसी भी विपदा से जूझ रहे हैं तो वे डीएम को आवेदन दें। उनके खाते में मुआवजे की राशि तत्काल भेजी जाएगी, ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने सहयोग शिविर कार्यक्रम शुरू किया है जिसमें अब तक तीन लाख आवेदन आ चुके हैं। उनमें से 2 लाख 40 हजार आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जी० बिजनेस ने भरोसे की च्वॉइस कार्यक्रम शुरू की है यह बिहार की उन्नति और समृद्धि का रास्ता खोलेगा। 1990 से 2005 के कालखंड में बिहार काफी पीछे छूट गया है। 24 घंटे में 20 घंटे हम सब को काम करना होगा, न सोना है, न सोने देना है, न खाना है, न खाने देना है तभी बिहार समृद्ध होगा। जी बिजनेस ने बिहार पर भरोसा किया है, जिस ट्रैक पर बिहार चल पड़ता है वह पीछे मुड़कर नहीं देखता। बिहार को समृद्ध बनाते हुये हमें अपने गौरवशाली अतीत को प्राप्त करना है। हमलोग बिहार को समृद्ध और विकसित बनाने के लिये निरंतर काम कर रहे हैं।

**न खायेंगे, न खाने देंगे, न सोयेंगे, न सोने देंगे**

### जेपी गंगा पथ पर एक लाख पौधारोपण का लक्ष्य

**सीएम ने की जल संसाधन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक**

**पटना :** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में जल संसाधन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में जल संसाधन विभाग के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभागीय परिसंपत्तियों का बेहतर उपयोग, सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवनों का उपयोग एवं वर्तमान स्थिति, गंगा तट क्षेत्र के विकास तथा राज्य की ऐतिहासिक एवं पर्यटकीय विकास की कार्य योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ पर एक लाख पौधारोपण का लक्ष्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि राज्य के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों के विकास के लिए समन्वित कार्ययोजना तैयार करें। इन स्थलों के संबंध में सही एवं विस्तृत जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि देश-विदेश के अधिकाधिक पर्यटक बिहार की समृद्ध विरासत से परिचित हो सकें।

### 8 लाख से अधिक आय वाले ओबीसी परिवारों को नहीं मिलेगा आरक्षण का लाभ : सम्राट

**कहा-अधिक वाले ओबीसी परिवारों को क्रीमी लेयर मानते हुए आरक्षण का लाभ नहीं दिया जाएगा**

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर स्पष्ट कर लिया है। उन्होंने कहा कि सालाना आय 8 लाख रुपये से अधिक वाले ओबीसी परिवारों को क्रीमी लेयर मानते हुए आरक्षण का लाभ नहीं दिया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, आरक्षण व्यवस्था का मूल उद्देश्य आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों को मुख्यधारा में लाना है। इसलिए हमारी सरकार क्रीमी लेयर की व्यवस्था को सख्ती से लागू कर रही है। जिन परिवारों की वार्षिक आय 8 लाख रुपये से ज्यादा है, उन्हें क्रीमी लेयर माना जाएगा और उन्हें सरकारी नौकरियों तथा शैक्षणिक संस्थानों में ओबीसी आरक्षण का फायदा नहीं मिलेगा। सीएम सम्राट चौधरी ने आगे स्पष्ट किया कि जिन ओबीसी परिवारों की सालाना आय 8 लाख रुपये से कम है, उन्हें नॉन-क्रीमी लेयर की श्रेणी में रखा जाएगा।

# सभी तकनीकी मानकों का पालन कर कार्य को निर्धारित समय से पूरा करें : मुख्य सचिव



**मुख्य सचिव ने कच्ची दरगाह-बिदुपुर गंगा सेतु परियोजना कार्य का लिया जायजा**

**पटना। (एनएसबी)।** मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने शनिवार को कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के निर्माण कार्य का जायजा लिया। मुख्य सचिव ने परियोजना के मुख्य पुल के साथ-साथ दोनों तरफ बन रहे एप्रोच रोड (पहुंच मार्ग) सहित अन्य व्यवस्थाओं की वर्तमान स्थिति की बारीकी से समीक्षा की। इस मौके पर पथ निर्माण विभाग के सचिवपंकज कुमार पाल एवं बिहार राज्य सड़क विकास निगम लिमिटेड के अभियंता गण सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

विभागीय सचिव ने मुख्य सचिव को जानकारी दी कि इस महत्वपूर्ण परियोजना के कार्यों को गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए तेजी से पूरा किया जा रहा है और परियोजना का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। शेष कार्य को जुलाई, 2026 के पहले सप्ताह तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। वर्तमान में पुल पर फिनिशिंग कार्यों के साथ-साथ एक्सपेंशन जॉइंट्स की स्ट्रेसिंग और अन्य तकनीकी कार्य चल रहे हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने परियोजना से जुड़े अभियंताओं को निर्देश दिए कि अंतिम चरण के कार्यों में कोई ढिलाई न बरती जाए। वरीय अधिकारी इसकी रोजाना मॉनिटरिंग करें। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि सभी तकनीकी मानकों का पालन करते हुए कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें ताकि आम जनता के लिए इस मार्ग को शीघ्र खोला जा सके। उन्होंने बताया कि बिहार के परिवहन बुनियादी ढांचे के लिए यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है, जो राजधानी पटना और उत्तर बिहार के बीच कनेक्टिविटी को पूरी तरह से बदल देगी। पटना जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-30 पर अवस्थित कच्ची दरगाह एवं वैशाली जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ सख्या-103 पर अवस्थित बिदुपुर के बीच गंगा नदी पर कुल 19.76 किमी लम्बाई के 6 लेन ग्रीनफिल्ड पुल परियोजना का निर्माण किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत 9.76 किलोमीटर लम्बा पुल तथा 10 किलोमीटर लम्बा पहुंच पथों का निर्माण कार्य शामिल है। इस परियोजना का भौतिक कार्य 98.2 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। प्रथम चरण में कच्ची दरगाह, पटना से राघोपुर दियारा, वैशाली (कुल लम्बाई 4.57 किमी) का उद्घाटन किया जा चुका है। यह सिक्स-लेन पुल, जो कि पटना के सबलपुर को एनएच-103 (बिदुपुर) से जोड़ता है, पटना-बख्तियारपुर बाईपास (एनएच-30) से सीधे जुड़ा होगा। यह परियोजना न केवल गंगा नदी को पार करने का एक सुगम मार्ग प्रदान करेगा, बल्कि हाजीपुर और समस्तीपुर की ओर जाने वाले यातायात को भी सुगम बनाएगा। सिक्स लेन पुल बिदुपुर तक शुरू किए जाने के बाद गांधी सेतु पर दबाव कम होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### असम में 18+ उम्र वालों का आधार कार्ड नहीं बनेगा

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने अवैध घुसपैठ रोकने के लिए आधार कार्ड के नियम सख्त कर दिए हैं। अब राज्य में 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को नया आधार कार्ड नहीं मिलेगा। सरकार का कहना है कि इसका मकसद अवैध बांग्लादेशियों को आधार कार्ड हासिल करने से रोकना है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में शनिवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। सीएम सरमा ने कहा कि 18 साल से ज्यादा उम्र के किसी व्यक्ति को आधार कार्ड लेने के लिए विशेष मंजूरी लेनी होगी। जिला आयुक्त प्रस्ताव भेजेंगे, जिसके बाद राज्य सरकार पात्रता की जांच करेगी।

### राहुल पटना में 11 जुलाई को करेंगे छात्र सम्मेलन

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 11 जुलाई को पटना में छात्र सम्मेलन आयोजित करेंगे। कांग्रेस ने पेपर लीक, परीक्षा अनियमितताओं और बेरोजगारी के मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने की घोषणा की है। इस सम्मेलन में छात्रों, उम्मीदवारों, युवा संगठनों, शिक्षकों और परीक्षा घोटालों से सीधे प्रभावित सभी लोगों को एक साथ लाया जाएगा। पेपरलीक और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर राहुल गांधी स्टूडेंट्स से बात करेंगे।



### जिंदा मिसाइल के साथ भारत पहुंचा ऑयल टैंकर

**कोच्चि।** इंडियन नेवी ने संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह से कोच्चि आए एक ऑयल टैंकर से जिंदा मिसाइल को सुरक्षित निकालकर बड़ा समुद्री हादसा टाल दिया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 26 मई को ओमान तट के पास एमटी ओलम्पिक ऑयल टैंकर पर हमला हुआ था। इस शिप पर मार्शल आइलैंड का झंडा था।हमले के बाद मिसाइल का वारहेड फटा नहीं, बल्कि टैंकर के बाहरी हिस्से को भेदते हुए फ्यूल टैंक में जाकर फंस गया। टैंकर अरब सागर में करीब 2,000 किलोमीटर का सफर तय करके कोच्चि पहुंचा। 11 जून को इंडियन नेवी ने हाई-रिस्क ऑपरेशन चलाकर मिसाइल वारहेड को बाहर निकाला।

### पटना में दो छात्राएं ज्वेलरी दुकान लूटने पहुंची

**दानापुर ।** पटना के दीघा थाना क्षेत्र में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है. यहां दो नाबालिग छात्राओं ने फिल्मी अंदाज में एके ज्वेलरी दुकान में लूटे की कोशिश की. लेकिन दुकानदार की सूझबूझ और स्थानीय लोगों की तत्परता के कारण उनकी साजिश नाकाम हो गई. फिलहाल पुलिस ने दोनों नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया है.मिली जानकारी के अनुसार दोनों लड़कियां दीघा इलाके स्थित एक ज्वेलरी दुकान पर ग्राहक बनकर पहुंचीं. दुकान के मालिक राजेश कुमार से उन्होंने पहले गहने दिखाने को कहा. इसके बाद सोने के टॉप्स देखने की इच्छा जताई. जब दुकानदार ने टॉप्स निकालकर काउंटर पर रख दिए, तब दोनों ने उनका ध्यान भटकाने के लिए अंगूठी दिखाने की मांग की।

### झारखंड : कोयले की बंद खदान में जहरीली गैस से चार युवकों की मौत

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में कोयले की एक बंद खदान में अवैध उत्खनन के दौरान जहरीली गैस के रिसाव से चार युवकों की मौत हो गई। हादसा शनिवार को गिद्दी-रामगढ़ सीमावर्ती अरगड्डा वन क्षेत्र में उस समय हुआ, जब कुछ युवक खदान के भीतर उत्खनन के लिए उतरे थे। मृतकों में दो युवक रामगढ़ और दो हजारीबाग जिले के निवासी थे। जानकारी के मुताबिक, खदान के भीतर सबसे पहले एक युवक जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गया।

असम एयरबेस पर बड़ा हादसा

# जोरहाट एयरबेस पर वायु सेना का विमान क्रैश, पांच की मौत

## इसमें बिहार का एक जवान भी शामिल, लैंडिंग के दौरान लगी आग



**जोरहाट( एजेंसी)।** असम में जोरहाट के रौरिया इंडियन एयरबेस पर शनिवार सुबह 10 बजे लैंडिंग के दौरान वायुसेना का विमान क्रैश हो गया। इस हादसे में पायलट समेत 5 जवानों की मौत हो गई। इनमें स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम शामिल हैं। एक को-पायलट घायल हो गया है।

हादसा उस समय हुआ, जब विमान एयरबेस पर उतरने की कोशिश कर रहा था। हादसे के बाद उसमें आग लग गई और दो हिस्से में टूट गया। यह एएन-32 मालवाहक विमान था, जिसका इस्तेमाल सैनिकों और सामान की ढुलाई के लिए किया जाता है। हादसे की वजह सामने नहीं आई है।इंडियन एयरफोर्स ने बताया कि विमान रुटीन उड़ान पर था। साथ ही अपील कि शुरूआती नतीजे आने तक कोई अंदाजा न लगाएं। कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए हैं।

### बिहार के कुल्हाड़ियां के थे अग्निवीर दानिश

अग्निवीर दानिश बिहार में भोजपुर के कोईलवर प्रखंड के कुल्हाड़ियां गांव के रहने वाले थे। वे अक्टूबर 2025 में अग्निवीर जवान के रूप में वायु सेना में भर्ती हुए थे। दानिश के शहीद होने की सूचना मिलने के बाद से पूरे गांव में शोक की लहर है। घर के इकलौते बेटे की असमय मौत से माता-पिता और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। 30 मई को ड्यूटी पर लौटे थे।

# उपेन्द्र कुशवाहा फिर बने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष




**पटना (एनएसबी)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी के संस्थापक और वरिष्ठ नेता उपेंद्र कुशवाहा को एक बार फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। अध्यक्ष पद के लिए केवल उनका ही नामांकन दाखिल हुआ था, जिसके कारण उनका निर्वाचन निर्विरोध हुआ। पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय लोक मोर्चा का गठन उपेंद्र कुशवाहा ने वर्ष 2024 में किया था। बिहार की राजनीति में कुशवाहा समाज के प्रमुख नेताओं में गिने जाते हैं।अपने राजनीतिक जीवन में वह सांसद, केंद्रीय मंत्री और विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा चुके हैं। एक समय उन्हें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का करीबी सहयोगी भी माना जाता था, लेकिन बदलते राजनीतिक समीकरणों के बीच उन्होंने अपनी अलग राजनीतिक राह चुनी।

# सूबे में 25 जगहों पर ईओयू का छापा

## पटना में इनामी अपराधी संतोष डॉन के ठिकानों पर छापेमारी



**संजय यादव और संतोष डॉन के नेटवर्क पर प्रहार**

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में संगठित अपराध के बड़े नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए आर्थिक अपराध इकाई ने शनिवार सुबह एक बेहद गोपनीय और देशव्यापी स्तर का महा ऑपरेशन शुरू किया है। इस विशेष कार्रवाई के तहत राज्य के अलग-अलग जिलों में फैले कुल 25 संदिग्ध ठिकानों पर भारी सुरक्षा बल के साथ एक साथ दबिश दी गई। ईओयू के शीर्ष अधिकारियों के नेतृत्व में यह पूरी घेरेबंदी कुख्यात अपराधियों संजय यादव और संतोष डॉन के सिंडिकेट से जुड़े सफेदपोशों और उनके करीबियों को बेनकाब करने के लिए की गई है।

इस अचानक हुई रेड की वजह से राज्य के कई रसूखदार जनप्रतिनिधियों और उनके रिश्तेदारों में हड़कंप मच गया है क्योंकि जांच की आंच अब सीधे उनके दरवाजों तक पहुंच चुकी है। बिहार पुलिस की सबसे विशेष विंग आर्थिक अपराध इकाई ने इस कार्रवाई को पूरी तरह गुप्त रखा था। शनिवार की भोर होते ही अलग-अलग जिलों में ईओयू की टीमें गाड़ियों के काफिले के साथ संदिग्ध ठिकानों पर धमक पड़ीं। स्थानीय पुलिस को भी इस ऑपरेशन की भनक बिल्कुल आखिरी वक्त पर दी गई। जांच टीम ने सबसे पहले उन घरों और दफ्तरों को अपने नियंत्रण में लिया जो सीधे तौर पर इस सिंडिकेट को आर्थिक मदद पहुंचा रहे थे। इस पूरी छापेमारी के केंद्र में दो बड़े नाम शामिल हैं। पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज संजय यादव और संतोष डॉन के करीबियों पर यह अब तक का सबसे बड़ा प्रहार माना जा रहा है। अधिकारियों के हाथ कुछ ऐसे इनपुट लगे थे जिनसे पता चला था कि यह नेटवर्क राज्य में अवैध संपत्तियों और संगठित रंगदारी के धंधे को संचालित कर रहा था। जांच दल इस समय इन दोनों से जुड़े हर वित्तीय लेन-देन के रिकॉर्ड को खंगालने में जुटा हुआ है। पटना जिले के खुशरूपुर और बाढ़ इलाके में शनिवार को आर्थिक अपराध इकाई ने बड़ी कार्रवाई की है। ईओयू ने जिले के टॉप-10 अपराधियों में शामिल संतोष यादव उर्फ संतोष डॉन से जुड़े करीब 25 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की है।

# पीएम मोदी फ्रांस पहुंचे, आज राष्ट्रपति मैक्रों से करेंगे मुलाकात



**नई दिल्ली/पेरिस (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस के नीस पहुंच गए हैं। वे आज फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे और 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम का उद्घाटन भी करेंगे। मोदी और मैक्रों के बीच भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी, रक्षा सहयोग, व्यापार, निवेश और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। प्रधानमंत्री 13 से 18 जून तक फ्रांस और स्लोवाकिया के दौरे पर हैं। पीएम बनने के बाद मोदी की यह 7वीं फ्रांस यात्रा है। उनका फ्रांस दौरा दो फेज में होगा। पहले फेज में 13-14 जून तक नीस में रहेंगे। दूसरे फेज में 16 से 18 जून के बीच एवियन में G7 समिट में हिस्सा लेंगे। 17 जून को G7 समिट के दौरान ढट मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से द्विपक्षीय मुलाकात होगी। व्हाइट हाउस ने शनिवार को इसकी पुष्टि की है। दोनों नेताओं में 16 महीने बाद आमने-सामने की मुलाकात होगी। दोनों आखिरी बार फरवरी 2025 में वॉशिंगटन में मिले थे।

# लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ अगले आर्मी चीफ होंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को अगला सेना प्रमुख नियुक्त किया है। सेठ अभी उप सेना प्रमुख के पद पर तैनात हैं। उन्होंने दो महीने पहले, 1 अप्रैल को यह पद संभाला था। उप सेना प्रमुख धीरज सेठ के करीब 40 साल का सैन्य अनुभव है। उन्होंने रेगिस्तान, जम्मू-कश्मीर और पश्चिम मोर्चे सहित कई संवेदनशील जगहों पर कमान संभाली है।धीरज सेठ दक्षिणी-पश्चिमी कमान और दक्षिणी कमान के जीओसी-इन-सी भी रह चुके हैं। वे पश्चिमी मोर्चे पर दो ऑपरेशनल कमानों की नेतृत्व करने वाले चुनिंदा अधिकारियों में शामिल हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मिशन (अंगोला), सेना मुख्यालय और क्षमता विकास से जुड़े कई अहम पदों पर भी काम किया है।

# बिहार के 2.60 लाख शिक्षकों की नौकरी पर संकट ?

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले से हड़कंप



**नई दिल्ली/पटना (एनएसबी)** सुप्रीम कोर्ट के एक अहम फैसले ने बिहार के लाखों शिक्षकों की चिंता बढ़ा दी है. दरअसल, सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के लिए पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य कर दिए जाने के बाद राज्य के करीब 2 लाख 60 हजार से अधिक शिक्षकों की नौकरी पर सवाल खड़े हो गए हैं।

इस मामले पर बिहार सरकार ने कानूनी पहलुओं की समीक्षा शुरू कर दी है. शिक्षा मंत्री मिलिलेश तिवारी ने ळफए-4 बहाली को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया है.सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बिहार सरकार सतर्क हो गई है. कोर्ट ने सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य कर दिया है. इस फैसले के बाद बिहार के करीब 2 लाख 60 हजार से अधिक शिक्षकों के भविष्य को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं. शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि सरकार की लीगल टीम कोर्ट के आदेश का अध्ययन कर रही है. उन्होंने बताया कि सभी कानूनी और तकनीकी पहलुओं की समीक्षा के बाद सरकार अपना अगला कदम तय करेगी. इस मुद्दे पर सोमवार को उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों और विशेषज्ञों के साथ विस्तृत बैठक भी बुलाई गई है.सुप्रीम कोर्ट के फैसले और ळफए-4 बहाली को लेकर बिहार के लाखों अभ्यर्थियों और शिक्षकों की नजर अब सरकार के अगले कदम पर टिकी हुई है. आने वाले दिनों में होने वाली बैठक के बाद इस पूरे मामले में तस्वीर और साफ होने की उम्मीद है. वहीं बिहार में शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया के चौथे चरण यानी ळफए-4 को लेकर भी शिक्षा मंत्री ने महत्वपूर्ण जानकारी दी है. उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न स्कूलों से विषयवार रिक्तियों का विवरण मांगा गया है. रिक्तियों की अंतिम सूची प्राप्त होने के बाद जुलाई महीने में बहाली की अधिसूचना इढरउ को भेजी जाएगी. मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार केवल उन्हीं पदों पर नियुक्ति करेगी, जो वर्तमान में रिक्त हैं. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है. शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया को भी इसी दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है।

# हर शनिवार संविधान पाठ पढ़ाने वाले प्राचार्य डीके मिश्रा सम्मानित

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** गोरिया टोली, पटना स्थित एक कोचिंग संस्थान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर के विचारों और भारतीय संविधान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रत्येक शनिवार छात्रों को संविधान का पाठ पढ़ाने वाले कोचिंग संस्थान के प्राचार्य डीक़े मिश्रा को सम्मानित किया गया।

जनकल्याण राशन कार्डधारी संघ की ओर से आयोजित इस सम्मान समारोह में प्राचार्य डीक़े मिश्रा को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर छात्रों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि युवाओं को संविधान की जानकारी देना और उन्हें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाना एक सराहनीय पहल है।


सम्मान समारोह।

इस अवसर पर जगत नारायण कालेज के प्राचार्य शशिकांत पासवान, पटना हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता रंजय सिंह, समाजसेवी वर्मा कुमार, जनकल्याण राशन कार्डधारी संघ के संरक्षक दशरथ पासवान तथा प्रदेश अध्यक्ष राजेश पासवान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने डीक़े मिश्रा के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि संविधान के मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में उनकी भूमिका प्रेरणादायक है।

## बिहार लोक सेवा आयोग ने 6 मई को ही साई एडुकेर प्राईवेट लिमिटेड को काली सूची में डालते हुए जमानत की राशि जब्त कर ली गई

**पटना/ एनएसबी।** बीपीएससी ने कहा है कि आयोग द्वारा आयोजित एईडीओ परीक्षा में बायोमैट्रिक एजेंसी मेसर्स साईं एडुकेर प्राईवेट लिमिटेड के कर्मियों के कथित रूप से कदाचार में संलिप्तता के आरोप में उक्त एजेंसी को काली सूची में डालने के प्रस्ताव सम्बन्धी खबरें आज के कुछ समाचार पत्रों ,(दैनिक नव संदेश में नहीं) एवं सोशल मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशित की गई है।

इस सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि आयोग ने अपने स्तर से माह अप्रैल, 2026 में ही आंतरिक जाँच कर साईं एडुकेर प्राईवेट लिमिटेड से कारण पृच्छाएँ की थी। उक्त एजेंसी द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण के समीक्षोपरान्त असंतोषजनक पाये जाने पर आयोग के आदेश 6 मई से मेसर्स साई एड्यूकेर प्राइवेट लिमिटेड को काली सूची में दर्ज करते हुए सुरक्षित जमा राशि को जब्त कर ली गई है। साथ ही इसकी सूचना संघ लोक सेवा आयोग, एनटीए, चुनाव आयोग, नई दिल्ली के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण चयन सेवा आयोग एवं देश के सभी राज्य लोक सेवा आयोग को भी 6 मई को संसूचित है। आयोग की प्रेस-विज्ञप्ति द्वारा मेसर्स साई एड्यूकेर प्राइवेट लिमिटेड के विरूद्ध की गई उक्त कार्रवाई की सूचना पूर्व में ही सार्वजनिक की जा चुकी है।

# बिस्कोमान के बेल्ट्रान कार्यालय में लगी आग में इलेक्ट्रानिक सामान जले, भारी नुकसान की आशंका

**पटना / एनएसबी।** गाँधी मैदान थाना क्षेत्र स्थित बिस्कोमान भवन की 13वीं मंजिल पर शनिवार तड़के बेल्ट्रान कार्यालय में आग लग गई। गार्ड मौके पर मौजूद था। उसने धुआं निकलते देखा। बाहर निकला तो 13वें माले की खिड़कियों से आग की लपटें दिखाई दीं।

इसके बाद उसने पुलिस और फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। थोड़ी देर में फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बिस्कोमान भवन पहुंच गईं। ऊंचाई ज्यादा होने की वजह से आग पर काबू पाने में परेशानी हो रही है थी।

मौके पर हाइड्रोलिक गाड़ियां मंगवाई गई। इनकी मदद से करीब 45 मिनट के अंदर आग पर काबू पा लिया गया। आग से बेल्ट्रन आफिस को नुकसान पहुंचा है। इलेक्ट्रनिक गैजेट्स और डाक्यूमेंट्स जले हैं। आगे लगने के बाद फ्लोर में धुआं भरने लगा। इसके बाद गार्ड पता लगाने में लगा कि धुंआ कहां से आ रहा है। उसने देखा कि 13वीं मंजिल पर आग लगी है। इसके बाद अफरातफरी का माहौल बन गया। फायर कंट्रोल रूम को खबर की गई।

आग लगने की घटना में नुकसान भी पहुंचा है। जिसका आंकलन फिलहाल नहीं किया जा सका है। लोगों ने बताया कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की आवाज आ रही थी। ये सब सुनकर हम यहां पहुंचे। देखा तो बिल्डिंग से तेज लपटें उठ रही थीं।

फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में जुटी थी। बिल्डिंग की ऊंचाई ज्यादा होने से परेशानी हुई, लेकिन थोड़ी देर में लंबी वाली क्रेन आ गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड के कर्मचारी लिफ्ट क्रेन की मदद से सीधे उस फ्लोर तक पहुंच गए, जहां आग लगी थी। मेरे रहते तक आग पर काबू नहीं पाया गया था।

मौके पर पहुंचे अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि सुबह में आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद दमकल की गाड़ी आई। हाईराइज बिल्डिंग होने के चलते काफी परेशानी हुई।

पहले से इस भवन में मॉकड्रिल की गई थी, तो काफी सहूलियत मिल रही है। आग को नियंत्रण में कर लिया गया है। आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं है।

प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट से आग लगने की बात कही जा रही है, लेकिन संबंधित पदाधिकारी इसकी जांच करेंगे। मौके पर 15 से 16 दमकल की गाड़ियां बुलाई गई ।

फायर आफिसर के मुताबिक, लगभग पौने चार बजे हम लोगों को सूचना प्राप्त हुई थी कि बिस्कोमान भवन की 13वीं मंजिल से धुंआ निकल रहा है। हम लोग यहां 5 मिनट के भीतर पहुंच गए थे।

हम लोगों ने पूरी तरह से आग पर नियंत्रण पा लिया है। संभवतः माना जा रहा है कि शार्ट सर्किट से ही ये आग लगी थी।

बताया जा रहा है कि आग की वजह से बेल्ट्रन आफिस को भारी नुकसान पहुंचा है। कमरे की फल्स सीलिंग पूरी तरह जलकर नीचे गिर गई।

आफिस में रखे कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, कंप्यूटर, फर्नीचर, इलेक्ट्रनिक उपकरण और अन्य कीमती सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए। फिलहाल नुकसान के सटीक आंकलन और सुरक्षा आडिट के लिए टीम जांच में जुटी हुई है।

## खबरें : एक नजर में

### ऐक्टू के राष्ट्रीय परिषद् की दो दिवसीय बैठक 20 और 21 जून को पटना में

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मजदूर अधिकारों पर बढ़ते हमले एवं कारपोरेट परस्त 4 लेबर कोड्स कानून के खिलाफ ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन्स (ऐक्टू) के राष्ट्रीय परिषद् की दो दिवसीय बैठक 20 - 21 जून 2026 को पटना में होगी। बैठक में ऐक्टू के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी् शंकर, राष्ट्रीय महासचिव राजीव डिमरी सहित बिहार, दिल्ली , हरियाणा, राजस्थान, यूपी, झारखंड, उड़ीसा, तमिलनाडु, प् बंगाल, असम, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, गुजरात, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, पंजाब, पुडुचेरी, आदि अन्य राज्यों के 200 से ज्यादा नेतृत्वकारी शामिल होंगे। जिसमें कोयला खदान, असंगठित क्षेत्र, स्कीम वर्कर्स, रेल , रिफाइनरी आदि के वरिष्ठ मजदूर नेता शिरकत करेंगे।

इसकी तैयारी को लेकर शनिवार को स्थानीय आर ब्लाक, रोड नम्बर 6 स्थित ऐक्टू राज्य कार्यालय में पटना के नेतृत्वकारी नेताओं की बैठक हुई, जिसमें राष्ट्रीय परिषद् की बैठक को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए समुचित योजना बनायी गयी।

बैठक की अध्यक्षता जितेंद्र कुमार ने की। बैठक में ऐक्टू के राज्य महासचिव आरएन ठाकुर, राष्ट्रीय सचिव रणविजय कुमार, बिहार विधान परिषद सदस्य शशि यादव, राज्य सचिव मुकेश मुक्त, कोषाध्यक्ष पप्पु शर्मा, अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोपगुट के सम्मानित राज्य अध्यक्ष रामबली प्रसाद व राज्य महासचिव प्रेमचंद सिन्हा, ऐक्टू के पटना जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव, अटो चालकों के नेता मुर्तजा अली, पुलिस सिंह आदि शामिल हुए।

इस आशय कि जानकारी जारी विज्ञप्ति में देते हुए ऐक्टू राष्ट्रीय सचिव रणविजय कुमार ने बताया कि बैठक से 4 लेबर कोड और इसके विनाशकारी प्रभावों के खिलाफ उठे नोयडा, मानेसर , भिवाड़ी आदि स्थानों के आंदोलनकारी मजदूर नेताओं व मजदूरों पर मोदी सरकार के बर्बर दमन तथा गिरफ्तारी के खिलाफ आंदोलन की रूप रेखा इस बैठक से तैयार किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि देश भर के माइग्रेट लेबर को संगठित करने की भी कार्ययोजना बनाई जाएगी।

# प्रेशर हार्न एवं मल्टी ट्यून्ड हार्न लगाने वाले वाहन मालिकों पर होगी सख्त कार्रवाई : परिवहन सचिव

दैनिक नवसंदेश

**इसके विरुद्ध चलाया जाएगा राज्यव्यापी विशेष जांच अभियान**

**हार्न विक्रेताओं पर भी होगी कार्रवाई**

**बिक्री करने वाले प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर हार्न की होगी जब्ती**

**पटना।** राज्यभर के वाहनों में अवैध रूप से इस्तेमाल हो रहे प्रेशर हार्न एवं मल्टी-ट्यून्ड हार्न के खिलाफ परिवहन विभाग जांच और कार्रवाई करने जा रहा है। साथ ही इन हॉर्नो की बिक्री करने वाले प्रतिष्ठानों पर छापेमारी एवं जब्ती जैसी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में परिवहन सचिव राज कुमार ने राज्यव्यापी विशेष जांच एवं प्रवर्तन अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

अभियान के तहत सभी जिलों में वाहनों एवं स्कूली वाहनों की सघन जांच होगी। जांच के दौरान उच्च तीवता वाले हर्न का उपयोग पाए जाने पर संबंधित वाहन के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 190(2) के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**प्रेशर हार्न का उपयोग करना दंडनीय अपराध :** मानक स्तर से अधिक ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले प्रेशर हार्न एवं मल्टी ट्यून्ड हार्न का उपयोग करना मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 190 (2) के तहत दंडनीय अपराध है। इससे ना केवल ध्वनि प्रदूषण बढ़ाता है, बल्कि सड़क सुरक्षा एवं आमजन की सुविधा के लिए भी गंभीर


परिवहन सचिव राज कुमार ।

चुनौती है। अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों में इनके उपयोग से आम लोगों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**जांच के लिए सभी डीटीओ को दिया गया निर्देश :** प्रेशर हार्न एवं मल्टी ट्यून्ड हार्न के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के लिए राज्य परिवहन आयुक्त(एसटीसी) आरिफ अहसन ने सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) को निर्देश दिया है। इसके साथ ही सभी नगर आयुक्त को पत्र जारी कर निगम के वाहनों में भी प्रयुक्त होने वाले प्रेशर हर्न को हटाने का निर्देश दिया गया है।

**विक्रेताओं पर भी होगी कार्रवाई :** विभाग ने जिलों को निर्देश दिया है कि ऐसे हर्न की बिक्री करने वाले प्रतिष्ठानों पर धावा दल के माध्यम से छापेमारी कर हर्नो को जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

**ध्वनि प्रदूषण एवं सड़क सुरक्षा पर विशेष जोर :** परिवहन सचिव ने वाहन चालकों एवं वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में प्रेशर हर्न या मल्टी-ट्यून्ड हर्न का प्रयोग न करें तथा सुरक्षित, शांत एवं नियमसम्मत यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## प्रतिस्पर्धी परीक्षा के दौर में राज्य के शिक्षा मंत्री का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है : अरुण कुमार यादव

**पटना/ एनएसबी।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि बिहार की शिक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के बजाय शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी विद्यालय में फेल व्यवस्था खत्म करने की बात कर बिहार की ध्वस्त शिक्षा व्यवस्था पर पर्दा डाल रहे हैं। प्रतिस्पर्धी परीक्षा के दौर में राज्य के शिक्षा मंत्री द्वारा इस तरह का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है।


अरुण कुमार यादव।

सरकार को थोड़ी सी भी शिक्षा व्यवस्था की चिंता है तो विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता, बेहतर शिक्षण, नियमित मूल्यांकन, अतिरिक्त कक्षाएं और कमजोर छात्रों के लिए विशेष सहायता कार्यक्रम चलाने चलाये। सरकार बैठे लोगों को मालूम होना चाहिए कि शिक्षा में सुधार का रास्ता गुणवत्ता से होकर जाता है, केवल औपचारिक रूप से पास कराने से नहीं।

बिहार की एनडीए सरकार ने 20 बर्षो के शासनकाल में बिहार की शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था को देशभर में हंसी का पात्र बना दिया है। एनडीए सरकार के पास विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने को लेकर किसी प्रकार का रोडमैप नहीं है। डिजिटल शिक्षा, पुस्तकालय, खेल मैदान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के मामले में बिहार अभी भी फिसड्डी राज्यों के श्रेणी में है।

राजद प्रवक्ता ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर एनडीए सरकार अगर गंभीर रहता तो 20 वर्षो के लंबे शासनकाल के बावजूद हर मामले में शिक्षा व्यवस्था की दयनीय स्थिति नहीं रहती।

## नियोजित शिक्षकों को समय पर वेतन भुगतान एवं प्रोन्नति दे राज्य सरकार : चित्तरंजन गगन

**पटना / एनएसबी ।** राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने राज्यपाल को पत्र लिखकर नियोजित शिक्षकों को समय पर वेतन भुगतान करने एवं नियमावली में प्रावधान के अनुसार उन्हें प्रोन्नति देने के लिए स्वयं हस्तक्षेप कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।


चित्तरंजन गगन।

राज्यपाल को लिखे पत्र में राजद प्रवक्ता ने बताया कि नियोजित शिक्षकों को पिछले चार माह से वेतन नहीं मिल रहा है जिसकी वजह से शिक्षक एवं उनका परिवार भुखमरी के कगार पर है। राज्य के नियोजित शिक्षकों को विगत चार महीनों से नियमित वेतन का भुगतान नहीं होना अत्यंत चिंताजनक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है।

नियमावली में स्पष्ट प्रावधान होने के बावजूद नियोजित शिक्षकों को कालबद्ध प्रोन्नति, ातक ग्रेड में प्रोन्नति तथा प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति नहीं दी जा रही है। जबकि नियमावली के अनुसार 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले नियोजित शिक्षकों को कालबद्ध प्रोन्नति, बेसिक ग्रेड में 8 वर्ष की सेवा पर ातक ग्रेड में प्रोन्नति तथा ातक ग्रेड में 5 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर मध्य विद्यालय प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति देने का प्रावधान है। उन्होंने महामहिम राज्यपाल को लिखे पत्र में नियोजित शिक्षकों के ईपीएफ अंशदान की कटौती वास्तविक भुगतेय मूल वेतन के आधार पर सुनिश्चित करने की मांग की है।

## राजस्व महा-अभियान की निगरानी के लिए प्रमंडलवार मॉनिटरिंग सेल का गठन, हर घंटे ली जा रही प्रगति रिपोर्ट : डा दिलीप जायसवाल

**46 लाख आवेदनों की स्कैनिंग, अपलोडिंग और निष्पादन का लक्ष्य, मुख्यालय से हर घंटे हो रही मनिटरिंग**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राजस्व महा-अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए प्रमंडलवार विशेष मानिटरिंग सेल का गठन किया है। विभाग द्वारा 11 जून से 17 जून 2026 तक विशेष शिविर आयोजित कर आवेदनों की स्कैनिंग, अपलोडिंग और निष्पादन की प्रक्रिया को तेज गति से संचालित किया जा रहा है।

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि राजस्व महा-अभियान के तहत प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से मुख्यालय स्तर पर एक सशक्त मानिटरिंग तंत्र विकसित किया गया है, जो राज्य के सभी जिलों में चल रहे कार्यों की लगातार निगरानी कर रहा है।

मंत्री ने कहा कि विभाग का लक्ष्य पूरे राज्य में प्राप्त लगभग 46 लाख आवेदनों की स्कैनिंग और अपलोडिंग का कार्य शीघ्र पूरा करना है। इसके लिए मुख्यालय से प्रत्येक घंटे जिलों की प्रगति की समीक्षा की जा रही है तथा अद्यतन आंकड़े संकलित किए जा रहे हैं। जहां कहीं भी कार्य की गति अपेक्षा के अनुरूप नहीं पाई जा रही है, वहां तत्काल आवश्यक निर्देश जारी किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राजस्व महा-अभियान राज्य के लाखों लोगों से जुड़ा हुआ है। इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी जिलों को निर्देश दिया गया है कि विशेष शिविरों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर करें और प्रतिदिन की प्रगति विभाग को उपलब्ध कराएं।

विभाग द्वारा प्रमंडलवार अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण के लिए पदाधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की गई है। पटना प्रमंडल की निगरानी की जिम्मेदारी अजय कुमार सरकार को, तिरहुत प्रमंडल की संतोष कुमार चौधरी को, कोशी एवं सारण प्रमंडल की उमा शंकर को, मगध एवं भागलपुर प्रमंडल की सक्षम सिंह को, दरभंगा प्रमंडल की मयंक आशुतोष आनंद को तथा पूर्णिया एवं मुंगेर प्रमंडल की निगरानी की जिम्मेदारी अश्विनी कुमार को सौंपी गई है।

## नगर आयुक्त ने पार्षदों के साथ वार्ड 11, 12, 13 एवं 14 का किया व्यापक निरीक्षण

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना नगर निगम के नगर आयुक्त ने शनिवार को नूतन राजधानी अंचल अंतर्गत वार्ड संख्या 11, 12, 13 एवं 14 का व्यापक स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित वार्डो के पार्षदों एवं निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं, जलनिकासी व्यवस्था, जलापूर्ति परियोजनाओं, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट तथा नागरिक सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त ने बेउर क्षेत्र में इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की गैस पाइपलाइन के एलाइंमेंट में प्रस्तावित नाला निर्माण एवं जलापूर्ति परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही तकनीकी एवं प्रशासनिक चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

अभियंताओं द्वारा अवगत कराया गया कि बुडको के माध्यम से बेउर मोड़ से डीपीएस तक एक महत्वपूर्ण नाला निर्माण परियोजना प्रस्तावित है। यह परियोजना क्षेत्र में जलनिकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने और वर्षा के दौरान होने वाले जलजमाव की समस्या के समाधान के उद्देश्य से तैयार की गई है। हालांकि, प्रस्तावित नाला आईओसीएल की गैस पाइपलाइन के प्रभाव क्षेत्र से होकर गुजरता है, जिसके कारण अब तक आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) प्राप्त नहीं हो सका है।


नगर आयुक्त ने पार्षदों के साथ वार्ड 11, 12, 13 एवं 14 का किया व्यापक निरीक्षण।

परिणामस्वरूप परियोजना का कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है और क्षेत्र में जलजमाव की समस्या बने रहने की आशंका है।

इसके अतिरिक्त पटना नगर निगम की जलापूर्ति पाइपलाइन परियोजना भी आईओसीएल की गैस पाइपलाइन के राइट-ऑफ-वे के समीप प्रस्तावित है। इस परियोजना के लिए भी एनओसी लंबित रहने के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। अधिकारियों ने बताया कि बुडको एवं नगर निगम के जलापूर्ति बोर्ड द्वारा इस संबंध में आईओसीएल के साथ लगातार पत्राचार एवं समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

नगर आयुक्त ने अभियंताओं को निर्देश दिया कि वे आईओसीएल के अधिकारियों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर आवश्यक अनुमतियां शीघ्र प्राप्त करें तथा लंबित परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने पंजाबी कलोनी, साई नगर, गर्दनीबाग, महादेवपुरी सहित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थानीय नागरिक सुविधाओं की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने जलजमाव की संभावित समस्याओं, सफाई व्यवस्था, कचरा निष्पादन, नालों की सफाई, स्ट्रीट लाइट की कार्यशीलता एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने तथा नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के दौरान वार्ड संख्या 11 के पार्षद रवि प्रकाश, वार्ड संख्या 12 की पार्षद श्रीमती सविता सिन्हा, वार्ड संख्या 13 के पार्षद गीत कुमार, अपर नगर आयुक्त (सफाई), नूतन राजधानी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी, नूतन राजधानी प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, जलापूर्ति बोर्ड के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबरें खास-खास

### पटना नगर निगम ने 19 सार्वजनिक शौचालयों के संचालन एवं रख-रखाव की जिम्मेदारी सुलभ इंटरनेशनल को सौंपी

**महापौर एवं उप महापौर की उपस्थिति में समझौता, आम जनता के लिए निशुल्क रहेगी सेवा**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** शहरवासियों को स्वच्छ, सुलभ एवं बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पटना नगर निगम ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस अर्गनाइजेशन के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत पटना नगर निगम द्वारा निर्मित 19 आधुनिक सार्वजनिक शौचालयों (चकाचक पटना) के संचालन, प्रबंधन एवं दैनिक रख-रखाव की जिम्मेदारी सुलभ इंटरनेशनल को सौंपी गई है। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर महापौर श्रीमती सीता साहू, उप महापौर श्रीमती रेशमी चंद्रवंशी एवं सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर निगम एवं सुलभ इंटरनेशनल के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। इस समझौते के तहत आम नागरिकों को इन सार्वजनिक शौचालयों की सुविधा पूर्णतः निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। नागरिकों से किसी प्रकार का उपयोग शुल्क नहीं लिया जाएगा, जिससे शहर के सभी वर्गो को स्वच्छ एवं सुरक्षित शौचालय सुविधा का लाभ मिल सकेगा। पटना नगर निगम एवं सुलभ इंटरनेशनल के बीच यह समझौता आगामी तीन वर्षो की अवधि के लिए किया गया है। समझौते के अनुसार निगम द्वारा प्रत्येक शौचालय के संचालन एवं रख-रखाव हेतु सुलभ इंटरनेशनल को प्रति माह 44,000 रुपये का भुगतान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त संबंधित शौचालयों का बिजली बिल भी नगर निगम द्वारा वहन किया जाएगा। सार्वजनिक सुविधाओं को अधिक प्रभावी एवं नागरिकों के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से शौचालयों के संचालन का समय भी निर्धारित किया गया है। मार्च से सितंबर तक सभी शौचालय प्रतिदिन सुबह 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित होंगे, जबकि अक्टूबर से फरवरी तक इनका संचालन सुबह 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक किया जाएगा। वहीं यात्रियों एवं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पटना जंक्शन गोलंबर के निकट स्थित सार्वजनिक शौचालय का संचालन 24 घंटे एवं सातों दिन (24 गुना 7) किया जाएगा। इस अवसर पर महापौर ने कहा, स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं का विस्तार पटना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सुलभ इंटरनेशनल जैसे अनुभवी एवं प्रतिष्ठित संगठन के सहयोग से शहर में सार्वजनिक शौचालयों के बेहतर संचालन एवं रख-रखाव को सुनिश्चित किया जा सकेगा। इससे स्वच्छ पटना एवं स्वस्थ पटना के लक्ष्य को और मजबूती मिलेगी। उप महापौर ने कहा, यह पहल न केवल नागरिक सुविधाओं को सदृढ़ करेगी, बल्कि शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम के दौरान सशक्त स्थायी समिति की सदस्य अनीता देवी (वार्ड-22), कुमार संजीत (वार्ड-34), मनोज कुमार (वार्ड-67) एवं राज कुमार गुप्ता (वार्ड-35), पटना नगर निगम के अपर नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त, मुख्य नगर अभियंता, निदेशक (शहरी विकास योजना) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस अर्गनाइजेशन की ओर से मानद नियंत्रक जयप्रकाश झा, मानद उप नियंत्रक शिशिर झा, मानद सहायक नियंत्रक सतीश चंद्र झा एवं कोअर्डिनेटर अमूल कुमार चौधरी ने कार्यक्रम में भाग लिया।


महापौर एवं उप महापौर की उपस्थिति में समझौता।

### राज्य में 95 लाख से अधिक लोगों ने कराया जीवन प्रमाणीकरण

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लगभग 95 लाख 82 हजार से अधिक पेंशनधारियों ने अबतक जीवन प्रमाणीकरण कराया है। समाज कल्याण विभाग के अनुसार इसके तहत राज्य के लगभग 80 प्रतिशत लाभुकों ने जीवन प्रमाणीकरण करा लिया है। विभाग ने शेष पेंशनधारियों से अपील किया है कि पंचायत स्तरीय शिविर या नजदीकी कमन सर्विस सेंटर के माध्यम से निशुल्क जीवन प्रमाणीकरण (लाईफ सर्टिफिकेशन) कराएं, ताकि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि उन्हें निर्बाध रूप से मिलती रहे। विभाग की ओर से इसके लिए विज्ञापन के जरिए सूचना दी जा रही है। विभाग का मानना है कि सभी पात्र लाभुकों तक योजनाओं को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंच अनिवार्य है। योजनाओं की सतत निगरानी कर जमीनी स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। जिलेवार आंकड़े के अनुसार सबसे अधिक मधुबनी जिले में 4 लाख 78 हजार लाभुकों ने जीवन प्रमाणीकरण कराया है। इसके बाद पूर्विचाम्परण में 4 लाख 47 हजार, पटना में 4 लाख 43 हजार, मुजफ्फरपुर में 4 लाख 24 हजार, समस्तीपुर में 4 लाख 10 हजार और दरभंगा जिले में 3 लाख 80 हजार लाभुकों ने अपना जीवन प्रमाणीकरण करा लिया है। वहीं सबसे कम आंकड़ा शेखपुरा जिले में 62 हजार दर्ज की गई है। इसके बाद शिवहर में 67 हजार, अरवल में 76 हजार और लखीसराय में 96 हजार लोगो ने जीवन प्रमाणीकरण कराया है। हाल ही में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने घोषणा किया है कि प्रत्येक महीने के 10 तारीख को सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि लाभुकों के खाते में भेज दी जाएगी। वहीं 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोग जिन्हें पेंशन नहीं मिलती है, विभाग ने उनसे शीघ्र ही आवेदन करने की अपील की है।

### गुड़ उत्पादन इकाइयों को स्थापित करने के लिए 25 जून तक जमा होंगे अनलाइन आवेदन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य में गुड़ उत्पादन इकाइयों को स्थापित करने के लिए गन्ना उद्योग विभाग में 25 जून तक आनलाइन आवेदन जमा होंगे। विदित हो कि राज्य में गन्ना की खेती करने के साथ ही चीनी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की कई योजनाएं चल रही है। जिसमें गन्ना की खेती करने के लिए किसानों को अनुदान दिए जा रहे हैं। इसी प्रकार राज्य सरकार ने गुड़ उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बिहार राज्य गुड़ उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्रम शुरू की है। जिसमें गुड़ उत्पादन इकाईयों को स्थापित करने लिए गन्ना किसानों और निवेशकों को छह लाख से लेकर एक करोड़ तक का अनुदान दिया जा रहा है। इसके लिए गन्ना उद्योग विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रथम चरण में 25 जून 2026 तक आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारित किया है। विभाग के अनुसार विभिन्न पेराई क्षमता वाली गुड़ उत्पादन इकाईयों को पूंजी की लागत का 50 फीसदी तक अनुदान देने का प्रावधान है। जिसमें 5 से 20 टन प्रतिदिन गन्ना पेराई की क्षमता वाले इकाईयों को अधिकतम 6 लाख रुपये अनुदान दिया जाएगा। इसी प्रकार 21 से 40 टन प्रतिदिन पेराई करने वाले इकाईयों को अधिकतम 15 लाख रुपये, 41 से 60 टन प्रतिदिन पेराई क्षमता वाले इकाईयों को अधिकतम 45 लाख रुपये और 60 टन से अधिक प्रतिदिन पेराई करने वाले इकाईयों को अधिकतम 1 करोड़ रुपये अनुदान दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### यूनेस्को क्लब दरभंगा ने गोलू के निधन पर जताया शोक



**दरभंगा (एनएसबी)।** यूनेस्को क्लब, दरभंगा की सक्रिय सदस्य एवं सचिव डॉ. अंजू अग्रवाल तथा डॉ. अभिषेक के एकमात्र सुपुत्र, 21 वर्षीय गोलू का दिल्ली स्थित मैक्स अस्पताल में कल सायंकाल असामयिक निधन हो गया। यह अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक समाचार है, जिससे समूचा यूनेस्को परिवार एवं नगरवासी शोकाकुल हैं। दिवंगत गोलू का पार्थिव शरीर  दरभंगा लाया गया, जहाँ बंगलागढ़ स्थित उनके आवास पर बड़ी संख्या में परिजन, मित्रगण, मोहल्लेवासी एवं गणमान्य नागरिकों ने अंतिम दर्शन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके उपरांत पार्थिव शरीर को उनके पैतृक निवास सहरसा के लिए ले जाया गया। यूनेस्को क्लब की ओर से अध्यक्ष बिनोद कुमार पंसारी, प्रधान सचिव प्रो. मधु रंजन प्रसाद, कोषाध्यक्ष ललित कुमार खेतान, मनोरंजन प्रसाद अग्रवाल, रतन कुमार खेड़िया, डॉ. अभय कुमार कश्यप, मनोज कुमार डोकानियां, अभिषेक बुबना सहित अन्य सदस्यों ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस अपूरणीय क्षति की घड़ी में यूनेस्को क्लब का सम्पूर्ण परिवार डॉ. अंजू अग्रवाल एवं डॉ. अभिषेक के साथ खड़ा है।क्लब के वरीय सदस्यों डॉ. बिनोद कुमार मिश्रा, प्रो. समीर कुमार वर्मा, डॉ. ए.के. गुप्ता, दीपक सिन्हा, डॉ. आर.एन.पी. सिन्हा, डॉ. आर.एन. चौरसिया, डॉ. सारिक हुसैन, श्रवण कुमार बैरोलिया, अमन पाठक, चंदन सिंह, बिनोद कुमार सिंह, शमीम हैदर, हीरा कुमार झा, राघवेंद्र कुमार, राजकुमार मारीवाल, विजय अग्रवाल, डॉ. हिदायतुल्ला खान राजू, डॉ. मनीष प्रसाद, डॉ. बी.बी. शाही, डॉ. राजेश द्विवेदी, डॉ. एस.एन. सराफ, प्रो. अरविंद सुंदर झा, कुमार संजय, प्रो. रघुनाथ शर्मा, डॉ. राजीव अख्तर, विशाल गौरव, सिद्धू मल्ल, अमरनाथ साह, डॉ. संजीव कुमार तथा एस.एच. अली ने भी गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

### शोकाकुल परिवार से मिले भाजपा नेता पप्पू सिंह एवं अन्य

**अलीनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के तुमौल ग्राम में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के पूर्व जिला मंत्री एवं प्रखर साम्यवादी चिंतक रामकुमार झा की धर्मपत्नी स्वर्गीय भगवान देवी के निधन पर भाजपा नेताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। भाजपा दरभंगा पूर्वी के जिलाध्यक्ष विनय कुमार पासवान एवं जिला महामंत्री संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह तुमौल स्थित आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की तथा दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।इस अवसर पर संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि स्वर्गीय भगवान देवी का निधन परिवार एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री शत्रुधन सहनी,प्रदीप प्रधान ,राहुल कर्ण,सुजित चौधरी,संजय झा,शिवशंकर झा,मृत्युंजय मृणाल आदि दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।



### हत्यारे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दरभंगा (एनएसबी)।** ए पी एम थाना अंतर्गत चंदन पट्टी चौक के पास यामाहा मोटरसाइकिल एजेंसी के मैनेजर की हत्या करने वाले एक अपराधी को दरभंगा पुलिस ने  गिरफ्तार कर लिया है।

### सकरी चीनी मिल का पुनः संचालन क्षेत्र के किसानों, मजदूरों एवं युवाओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा: ईश्वर मंडल

**सकरी चीनी मिल को पुनः चालू करने की शुरूआती तैयारियों का विधायक ने लिया जायजा**

**मनीगाछी (एनएसबी)।** बंद पड़ी चीनी मिलों को पुनर्जीवित करने की महत्वाकांक्षी योजना के तहत सकरी चीनी मिल को पुनः चालू करने की दिशा में तेजी से तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में आज दरभंगा ग्रामीण विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने सकरी चीनी मिल परिसर पहुंचकर वहां चल रही शुरूआती तैयारियों का समुचित निरीक्षण एवं जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री मंडल ने मिल परिसर में उपलब्ध संसाधनों, आधारभूत संरचनाओं तथा पुनः संचालन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से मिल के पुनरुद्धार शुरूआती कार्यों की प्रगति, तकनीकी आवश्यकताओं एवं भविष्य की कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। विधायक श्री मंडल ने कहा कि  बंद पड़ी शकरी के इस औद्योगिक इकाई को पुनः चालू कर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की जाएगी।  उन्होंने कहा कि सकरी चीनी मिल का पुनः संचालन क्षेत्र के किसानों, मजदूरों एवं युवाओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। इससे गन्ना उत्पादक किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।श्री मंडल ने कहा कि सरकार के प्रयासों से सकरी चीनी मिल शीघ्र ही पुनः संचालित होगी और यह दरभंगा सहित पूरे मिथिला क्षेत्र के औद्योगिक विकास का एक नया अध्याय लिखेगी। निरीक्षण में आज देव नारायण ठाकुर, भोला पासवान, चंदन कुमार झा, मुरारी मोहन मिश्रा, प्रकाश चंद्र मिश्र, अब्दुल कलाम, गंगा राम मंडल, प्रमोद ठाकुर राघवेन्द्र पासवान, दीपक झा, भवनाथ झा, वीरेन्द्र साहनी , सन्नी महतो, आनंद मंडल, धर्मेंद्र यादव,चैती सदाय,राम बच्चन मंडल, आदि लोग उपस्थित थे।



### कदाचारमुक्त एवं पारदर्शी परीक्षा संचालन के लिए जिलाधिकारी ने किया बैठक

**डीएम ने केन्द्राधीक्षक एवं स्टैटिक दंडाधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश**

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिला मुख्यालय स्थित प्रेक्षागृह, दरभंगा में जिला पदाधिकारी दरभंगा  कौशल कुमार द्वारा केंद्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती के अंतर्गत आयोजित होने वाली मद्यनिषेध सिपाही, गृह विभाग कारा कक्षपाल एवं परिवहन विभाग में चलंत दस्ता सिपाही भर्ती परीक्षा के सफल,पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर केन्द्राधीक्षकों एवं स्टैटिक दंडाधिकारियों की विस्तृत ब्रीफिंग की गई।परीक्षा संचालन से संबंधित सभी तकनीकी एवं सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के बारे में बताया गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि लिखित परीक्षा का आयोजन 14 जून एवं 17 जून 2026 को जिला मुख्यालय स्थित 24 परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। प्रथम पाली : प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक द्वितीय पाली : अपराह्न 03:00 बजे से 05:00 बजे तक, होगी।उन्होंने निर्देश दिया कि सभी परीक्षा केन्द्रों प्रतिनियुक्त अधिकारी ऑपरेटर आदि 3 घंटे पहले अवश्य पहुंच जाए। परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी परीक्षा केंद्र का सीसीटीवी कैमरा बंद नहीं होना चाहिए। इसके लिए निगरानी हेतु कार्यपालक सहायक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों की प्रतिनियुक्ति की गई है।उन्होंने विशेष रूप से बाहरी एजेंसियों एवं कर्मियों जैसे— बायोमेट्रिक संचालन टीम,जैमर संचालन टीम पर सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया।परीक्षा केंद्रों पर केंद्रीय चयन पर्षद द्वारा निम्न व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएँगी—जैमर का अधिष्ठापन,सीसीटीवी सर्विलांस प्रणाली,केन्द्राधीक्षक नियंत्रण कक्ष में हॉटलाइन (श्ङ्कद्ध) फोन,प्रवेश के समय अभ्यर्थियों की फोटोग्राफी, बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट सत्यापन,परीक्षा अवधि के दौरान अभ्यर्थियों की फोटोग्राफी,परीक्षा संचालन की सतत वीडियोग्राफी जिलाधिकारी ने सभी केन्द्राधीक्षकों को निर्देश दिया कि परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिन पूर्व सभी व्यवस्थाएँ पूर्ण रूप से तैयार कर ली जाएँ। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी केन्द्राधीक्षक परीक्षा में प्रतिनियुक्त वीक्षकों एवं कर्मियों के लिए प्रशिक्षण बैठक आयोजित करें तथा आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई अनुदेश पुस्तिका में दिए गए दिशा-निर्देशों से सभी को अवगत कराना सुनिश्चित करें। परीक्षा केंद्र पर केंद्र अधीक्षक, अधिकारी, वीक्षक अन्य मोबाइल फोन नहीं लायेंगे ।



# विकसित भारत और समृद्ध बिहार की ओर तेजी से बढ़ रहा है राज्य : संजय सरावगी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार का लक्ष्य केवल विकास नहीं, बल्कि गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्गों का समग्र सशक्तिकरण**



संजय सरावगी प्रदेश अध्यक्ष भाजपा।

**दरभंगा (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और बिहार में डबल इंजन सरकार के समन्वित प्रयासों से राज्य विकास के नए युग में प्रवेश कर चुका है। बिहार विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और हर क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि वर्ष 2014 से 2024 के बीच बिहार को केंद्र सरकार से लगभग 9.23 लाख करोड़ रुपये की सहायता एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला है, जो पूर्ववर्ती यूपीए शासनकाल की तुलना में लगभग चार गुना अधिक है। यह राशि बिहार के आधारभूत ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

बिहार में सड़क संपर्क व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य हुए हैं। ग्रामीण सड़कों का नेटवर्क 1.2 लाख किलोमीटर तक पहुंच चुका है तथा 100 से अधिक आबादी वाले सभी टोलों को पक्की सड़कों से जोड़ने का कार्य तेजी से चल रहा है। राज्य में पटना-पूर्णिया, बक्सर-भागलपुर, आमस-दरभंगा, गोरखपुर-सिलीगुड़ी, रक्सौल-हल्दिया तथा वाराणसी-गया-कोलकाता सहित छह बड़े एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं पर काम हो रहा है, जिससे बिहार की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने दावा करते हुए कहा कि गंगा नदी पर सात नए पुलों का निर्माण पूरा हो चुका है जबकि सात अन्य पुल निमार्णाधीन हैं। इसके अलावा कोसी, गंडक, सोन, बागमती और फल्गु नदियों पर भी कई महत्वपूर्ण पुल बनाए गए हैं। औंटा-सिमरिया गंगा पुल और पटना-आरा-सासाराम फोरलेन कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं ने उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच संपर्क को मजबूत किया है। बिहार को रेल अवसंरचना विकास के लिए लगभग एक लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं मिली हैं। राज्य के 198 रेलवे स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिकीकरण किया जा रहा है। शहरी परिवहन के क्षेत्र में भी बिहार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। पटना मेट्रो परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है तथा गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और भागलपुर मेट्रो परियोजनाओं को भी स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल के निर्माण, दरभंगा और गया हवाई सेवाओं के विस्तार तथा पूर्णिया ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की मंजूरी से राज्य की हवाई संपर्क व्यवस्था मजबूत हुई है।वर्तमान में 15 सरकारी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं तथा 21 नए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कार्य चल रहा है। एम्स दरभंगा, होमी भाभा कैंसर अस्पताल मुजफ्फरपुर और पीएमसीएच विस्तार जैसी परियोजनाएं राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान कर रही हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत चार करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है और हजारों करोड़ रुपये के मुफ्त इलाज का लाभ गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को प्राप्त हुआ है। शिक्षा बजट बढ़कर 77,690 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। राज्य में लगभग 94 हजार विद्यालय संचालित हैं और छह लाख से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति एवं सेवाएं शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बना रही हैं। इंजीनियरिंग कॉलेजों की संख्या 2 से बढ़कर 38, पॉलिटेक्निक संस्थानों की संख्या 13 से बढ़कर 46 तथा आईटीआई संस्थानों की संख्या 23 से बढ़कर 152 हो गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 76 लाख किसानों को लाभ मिला है। नौ लाख किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 8 हजार करोड़ रुपये से अधिक का ऋण उपलब्ध कराया गया है। मखाना को जीआई टैग मिलने, राष्ट्रीय मखाना बोर्ड के गठन तथा कोसी-मेची सिंचाई लिंक परियोजना जैसी पहलों से किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं।बिहार इन्वेस्टमेंट समिट के माध्यम से लगभग 2.3 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौते हुए हैं। चंपारण और बक्सर में विशेष आर्थिक क्षेत्र , मुजफ्फरपुर और खगड़िया में मेगा फूड पार्क, इथेनॉल नीति तथा टेक्सटाइल, मैन्युफैक्चरिंग और लेदर उद्योगों में निवेश की संभावनाओं ने रोजगार सृजन के नए द्वार खोले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार का लक्ष्य केवल विकास नहीं, बल्कि गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्गों का समग्र सशक्तिकरण है।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष विश्वास, विकास एवं जनकल्याण को समर्पित : रामकृपाल यादव

**मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर दरभंगा में मन्त्री ने की प्रेस वार्ता**




प्रेस वार्ता करते मंत्री एवं अन्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिला अतिथि गृह, दरभंगा में बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री  रामकृपाल यादव ने भाजपा दरभंगा जिला पश्चिमी द्वारा भारत के प्रधानमंत्री  नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित किया।  मंत्री रामकृपाल यादव ने केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा देश के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। प्रधानमंत्री  नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, आधारभूत संरचना और गरीब कल्याण के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं।विशेष रूप से दरभंगा एवं मिथिलांचल क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को रेखांकित करते हुए बताया गया कि केंद्र सरकार की योजनाओं और सहयोग से क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं को गति मिली है। इनमें दरभंगा एम्स की स्थापना की दिशा में पहल, दरभंगा हवाई अड्डा के संचालन से क्षेत्र की हवाई कनेक्टिविटी का विस्तार, रेल ओवर ब्रिज निर्माण कार्यों से यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने का प्रयास, तारामंडल (प्लैनेटेरियम) जैसी आधुनिक शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक सुविधाओं का विकास तथा एलिवेटेड रोड परियोजना के माध्यम से शहरी यातायात को बेहतर बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके साथ ही कृषि, ग्रामीण विकास, सड़क एवं परिवहन, डिजिटल सेवाओं के विस्तार, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए अवसरों का सृजन तथा गरीब कल्याण से जुड़ी योजनाओं की भी चर्चा की। इ स अवसर पर  सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर,बेनीपुर के विधायक सह सचेतक प्रो विनय कुमार चौधरी,पूर्व मंत्री हरि सहनी, जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना, जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा,जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी,अमरनाथ सिंह, जिला महामंत्री,संतोष पोद्दार सुजीत मल्लिक,सुनील चौधरी,श्रवण महतो,श्रवण मिश्र,मीरा मेहता,संगीता साह,बालेन्दु झा,रविंद्र मिश्रा,गुलशन चौधरी,दिलीप मंडल, विजय पोद्दार,ब्रह्मानंद यादव, राकेश झा,प्रेम कुमार मिश्र रिंकू,कृष्ण भगवान झा,प्रतीक कुमार,अभिषेक कर्ण उपस्थित थे।

## दरभंगा सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक को शीघ्र चालू करने का  आग्रह

दरभंगा सेन्ट्रल कॉपरेटिव बैंक का शीघ्र शुरू होना आवश्यकः डा. गोपाल जी ठाकुर

सहकारिता मंत्री को सांसद ने सौंपा पत्र

फोटो 2 मंत्री रामकृपाल यादव को मांग पत्र देते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर



**दरभंगा (एनएसबी)।** जिला में सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक के बंद होने से जिला के किसानों को केंद्र तथा राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से वंचित होना पर रहा है। दरभंगा जिला में स्थित दरभंगा जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, जो कभी किसानों, छोटे व्यापारियों एवं आमजनों के लिए एक सशक्त वित्तीय आधार रहा है, विगत कई दशकों से बंद पड़ा हुआ है। इसके लंबे समय से निष्क्रिय रहने के कारण क्षेत्र के कृषकों, मजदूरों एवं आम नागरिकों को भारी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए इसके संबंध में सभी औपचारिकताओं को पूरा कर इसे शीघ्र प्रारंभ किया जाय।

स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव को इस संबंध में एक पत्र को सौंपने के बाद उपरोक्त बातें कही। सहकारिता मंत्री श्री यादव को सौंपे पत्र में सांसद ने लिखा है कि दरभंगा सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक के माध्यम से पूर्व में कृषि ऋण, अल्पकालिक वित्तीय सहायता तथा विभिन्न सहकारी योजनाओं का लाभ स्थानीय जनता को सुलभ रूप से प्राप्त होता था। इसके बंद हो जाने से सहकारिता तंत्र अत्यंत कमजोर हुआ है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। दरभंगा जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के पुनरुद्धार एवं पुनः संचालन हेतु

## यामाहा मोटरसाइकिल एजेंसी के मैनेजर हत्याकांड का खुलासा एक गिरफ्तार

**दरभंगा/एनएसबी।** एपीएम थाना क्षेत्र के चंदन पट्टी के पास यामहा मोटरसाइकिल एजेंसी के मैनेजर की हत्या मामले में पुलिस ने 12 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वही आरोपी के पास से स्कूटी भी बरामद किया है। आरोपी की पहचान विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के लक्ष्मी सागर मोहल्ले के रहने वाले सोनू पासवान के रूप में हुई है। उसने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया है कि उसने प्रबंधक की हत्या की है। यामहा एजेंसी के प्रबंधक लहेरियासराय थाना क्षेत्र के पुरानी मुंसफी रहने वाले असर अहमद के पुत्र मोहम्मद फैज अहमद बताए जाते हैं। सदर एसडीपीओ 1 राजीव कुमार ने बताया कि हत्या का कारण गिरफ्तार सोनू ने बताया कि उसे दो-तीन महीने पहले नौकरी से निकाल दिए थे। जिसके प्रतिशोध में आरोपी ने प्रबंधक की हत्या की है। शुक्रवार को सोनू पासवान एजेंसी पर गया। कुछ देर तक वहां दूसरे मैकेनिक के साथ बैठकर बात करने के बाद कार्य भी किया। वह मैकेनिक से मोहर्रम के लिए मोटरसाइकिल के सोक्कर का पाइप मांग रहा था लेकिन मैकेनिक ने देने से मना कर दिया। इधर-उधर देखने के बाद दोपहर बाद सोनू सौक्कर का पाइप लेकर प्रबंधक के केबिन में पहुंचकर प्रहार कर दिया। जिससे मोहम्मद फैज अहमद की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

## फैज अहमद हत्याकांडः तेजस्वी यादव के निर्देश पर दरभंगा पहुंचे एमएलसी कारी सोहेब

**डीआईजी व एसएसपी से की बात ●परिजनों का दर्द सुन भावुक हुए, हर स्तर पर न्याय दिलाने का दिया आश्वासन**



**दरभंगा(एनएसबी)।** दरभंगा के चंदनपट्टी स्थित यामाहा एजेंसी के मैनेजर मो फैज अहमद की दिनदहाड़े हुई निर्मम हत्या की घटना अत्यंत दुखद, हृदयविदारक एवं कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करने वाली है। घटना की जानकारी मिलते ही एवं तेजस्वी प्रसाद यादव के निर्देश पर राजद एमएलसी कारी सोहेब ने दरभंगा पहुंचकर मृतक मो. फैज अहमद के परिजनों से मुलाकात की तथा मौके पर ही नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से वीडियो कॉल पर परिजनों से वार्ता कर शोक सांत्वना व्यक्त किए। इस दौरान शोकाकुल परिवार की पीड़ा सुनकर तेजस्वी प्रसाद यादव भावुक हो गए एवं मो फैज को न्याय दिलाने के लिए हर स्तरों पर सहयोग का आश्वासन भी दिए। पश्चात एमएलसी कारी सोहेब ने डीआईजी एवं दरभंगा एसएसपी से बात कर न्याय दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ने का अनुरोध भी किए। मीडिया से मुखातिब एमएलसी कारी सोहेब ने कहा कि एक मेहनतकश और जिम्मेदार व्यक्ति की इस तरह दिनदहाड़े हत्या होना पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है।  अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि उन्हें कानून का कोई भय नहीं रह गया है।  पुलिस प्रशासन को इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी सुनिश्चित करनी चाहिए तथा उन्हें कठोर से कठोर सजा दिलानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार में लगातार हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार एवं अन्य आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो रही है, जिससे आम नागरिकों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष एवं तेज जांच कर दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

## शिक्षकों को तकनीकी रूप से सुदृढ़ होना अनिवार्य, ताकि बदलते परिवेश में विद्यार्थियों को सही दिशा दे सकें: नीरज कुमार सिंह

**डी.ए.वी. दरभंगा में तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला क्षमता निर्माण कार्यक्रम हुआ संपन्न**



प्रशिक्षण कार्यशाला में नीरज कुमार सिंह, स्निग्धा स्नेहा, शिक्षक एवं अन्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, सारामोहनपुर, दरभंगा में आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आज शैक्षणिक संवर्द्धन और नए संकल्पों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। डी.ए.वी. सेन्टर फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस  नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित इस सघन कार्यक्रम को डी.ए.वी. बिहार जोन-जी (समस्तीपुर) के  सहायक क्षेत्रीय अधिकारी नीरज कुमार सिंह का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।  वहीं कार्यशाला का कुशल नेतृत्व दरभंगा क्लस्टर की हेड  सह डी.ए.वी. दरभंगा की प्रधानाचार्या  स्निग्धा स्नेहा द्वारा किया गया।कार्यशाला का मुख्य बिंदु सामाजिक विज्ञान (प्राथमिक, मध्य और माध्यमिक स्तर) तथा ई.ई.डी.पी. अर्ली एजुकेशन डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत शिक्षण कौशल को वैश्विक मानकों के अनुरूप उन्नत बनाना था। जोनल गाइडलाइन के तहत अपने संदेश में ए.आर.ओ. नीरज कुमार सिंह ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति  2020 के सफल क्रियान्वयन के लिए शिक्षकों को तकनीकी रूप से सुदृढ़ होना अनिवार्य है ताकि बदलते परिवेश में वे विद्यार्थियों को सही दिशा दे सकें। समापन सत्र के दौरान दरभंगा क्लस्टर हेड सह प्राचार्या स्निग्धा स्नेहा ने ए.आर.ओ. के मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागी शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, शिक्षा में निरंतर नवाचार और तकनीक का सही समन्वय ही छात्रों के सर्वांगीण विकास की कुंजी है। क्लस्टर हेड के रूप में हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि क्लस्टर के सभी विद्यालयों में यह प्रशिक्षण व्यावहारिक रूप से लागू हो। इससे सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों को और अधिक रोचक व संवादात्मक बनाया जा सकेगा और ई.ई.डी.पी. के माध्यम से नन्हे बच्चों की बुनियादी नींव को मजबूत किया जाएगा।प्रशिक्षण के अंतिम दिन मास्टर ट्रेनर्स ने ई.ई.डी.पी. सत्रों में प्री-प्राइमरी स्तर के नन्हे बच्चों के मानसिक व व्यावहारिक विकास के लिए 'प्ले-वे' और 'एक्टिविटी-बेस्ड' लर्निंग पर व्यावहारिक डेमो क्लासेस भी आयोजित कीं। इस कार्यशाला में डीएवी पब्लिक स्कूल बिहार जोन जी के 11 स्कूलों ने भाग लिया। जिसमें लगभग 200 से अधिक शिक्षकों एवं 15 मास्टर ट्रेनर शिक्षक ने भाग लिया । यह कार्यशाला तीन अलग-अलग शहरों के डी ए वी स्कूलों में अलग-अलग विषयों के साथ संपन्न हुआ ।

## नाबालिक लड़की का अपहरण

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** सिमरी थाना क्षेत्र के एक गांव से  एक नाबालिक लड़की के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़िता की मां ने सिमरी थाना में एफआईआर दर्ज करायी है। जिसने रामचेला निवासी सचिन कुमार एवं एक अज्ञात युवक को नामजद किया गया है। उसने बताया है कि दस जून की रात करीब आठ बजे नाबालिग लड़की घर से बाहर गई थी। इसी दौरान थाना क्षेत्र के रामचेला निवासी सचिन कुमार तथा उसके एक अज्ञात साथी ने लड़की को जबरन बाइक पर बैठाकर अपने साथ ले गए। काफी खोजबीन के बाद भी नाबालिग का कोई पता नहीं चला। लड़की की मां ने बताया है कि आरोपित पूर्व से नाबालिग का पीछा करता था तथा उसे परेशान करता था। परिजनों ने आशंका जताई है कि घटना में आरोपित के परिवार के अन्य सदस्यों की भी संलिप्तता हो सकती है। उसकी अविलम्ब बरामदगी की मांग की है। सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि लड़की की बारामदगी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने आयोजित की प्रेस कॉन्फ्रेंस एवं जिला बैठक



**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा समस्तीपुर में जिला स्तरीय बैठक सह प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों को विस्तार से रखा गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए व्यापार एवं उद्यमी आयोग के अध्यक्ष सुरेश रुंगटा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान सम्मान, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और आधारभूत संरचना के विकास जैसी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। बैठक में प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कार्यकताओं से बूथ स्तर तक जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा दक्षिणी जिला अध्यक्ष शशिधर झा ने की। इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भूमिहीन परिवारों के पुनर्वास की मांग को लेकर 29 जून को रोसड़ा में होगा विशाल धरना-प्रदर्शन

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** भाकपा (माले) एवं खेग्रामस ने हसनपुर प्रखंड के मंगलगढ़ स्थित पी. सुंदरैया नगर के भूमिहीन परिवारों के पुनर्वास की मांग को लेकर 29 जून को रोसड़ा अनुमंडल कार्यालय के समक्ष विशाल धरना-प्रदर्शन करने की घोषणा की है। इसकी जानकारी पार्टी के जिला सचिव उमेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 35 वर्षों से केसरे हिन्द जमीन पर बसे 907 भूमिहीन परिवारों को गत वर्ष वहां से उजाड़ दिया गया था। विरोध करने पर लोगों के साथ मारपीट की गई और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन की निष्क्रियता के कारण प्रभावित परिवार आज भी पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे हैं। कॉ. उमेश कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन, अनुमंडल प्रशासन एवं अंचल कार्यालय को कई बार आवेदन देने और लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन चलाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। उन्होंने मांग की कि भूमिहीन परिवारों को शीघ्र आवासीय भूमि उपलब्ध कराई जाए तथा जिन लोगों को पर्चा मिला हुआ है, उन्हें वास्तविक कब्जा दिलाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 28 जून तक पुनर्वास की ठोस व्यवबस्था नहीं की गई तो 29 जून को रोसड़ा अनुमंडल कार्यालय के समक्ष बड़े पैमाने पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### एसडीओ के निरीक्षण के बाद पूसा रोड एवं ताजपुर रोड निर्माण कार्यों में आई तेजी, लोगों में खुशी

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** समस्तीपुर नगर क्षेत्र के पूसा रोड एवं ताजपुर रोड में लंबे समय से चल रहे सड़क एवं पुल निर्माण कार्यों में अब तेजी देखने को मिल रही है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार द्वारा हाल ही में दोनों क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण किए जाने और संबंधित एजेंसियों को कड़े निर्देश दिए जाने के बाद निर्माण कार्यों की गति में उल्लेखनीय सुधार आया है। ताजपुर रोड में पुल निर्माण निगम तथा पथ निर्माण विभाग की एजेंसियों द्वारा युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। वहीं पूसा रोड में भी सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। लंबे समय से जर्जर सड़क एवं अधूरे निर्माण कार्यों के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बारिश के दिनों में स्थिति और भी विकट हो जाती थी। एसडीओ ने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को नियमित निगरानी रखने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है। स्थानीय नागरिकों ने भी निर्माण कार्यों में आई तेजी पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रशासन के प्रयासों की सराहना की है। लोगों का कहना है कि सड़क और पुल निर्माण पूरा होने के बाद यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा तथा शहरवासियों को राहत मिलेगी।

### भरण-पोषण मामलों की सुनवाई में 11 मामलों का हुआ निष्पादन, एसडीओ ने पारिवारिक सामंजस्य पर दिया जोर



**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** अनुमंडल कार्यालय स्थित प्रकोष्ठ में शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार की अध्यक्षता में भरण-पोषण से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के लिए कुल 31 मामले सूचीबद्ध किए गए थे, जिनमें से 11 मामलों का निष्पादन आपसी सहमति एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कर दिया गया। शेष मामलों को अगली सुनवाई तक स्थगित रखा गया है। सुनवाई के दौरान एसडीओ ने सभी पक्षों की बातों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों का उद्देश्य केवल कानूनी विवाद का समाधान करना नहीं बल्कि परिवारों के बीच आपसी विश्वास एवं सामंजस्य स्थापित करना भी है। उन्होंने संबंधित पक्षों को भविष्य में विवादों से बचने तथा पारिवारिक दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने की सलाह दी। एसडीओ ने कहा कि भरण-पोषण से जुड़े मामलों में महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों के अधिकारों की रक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। जरूरतमंद लोगों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए अनुमंडल प्रशासन लगातार प्रयासरत है। सुनवाई शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई।

### जनता दरबार में पहुंचे 14 फरियादी, पांच मामलों का निष्पादन

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** वारिसनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित अंचल कार्यालय में शनिवार को नियमित रूप से आयोजित होने वाले जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार की अध्यक्षता अंचलाधिकारी धर्मेंद्र पंडित ने की। इस दौरान भूमि विवाद एवं अन्य राजस्व संबंधी समस्याओं को लेकर कुल 14 फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। सुनवाई के दौरान पांच मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर संबंधित पक्षों को राहत प्रदान की गई। अंचलाधिकारी धर्मेंद्र पंडित ने बताया कि शेष मामलों की प्रकृति को देखते हुए संबंधित पक्षों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ अगले जनता दरबार में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है, ताकि उनकी शिकायतों का भी निष्पक्ष एवं त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरल एवं सुलभ मंच उपलब्ध कराना है। जिन मामलों का निष्पादन किया गया उनमें पूनम देवी, रामानंद ठाकुर, बाबू पासवान, नंद किशोर पासवान, चंद्रिका पासवान, संजय पासवान, तारा देवी, रामाशीष राय, केदार राय एवं पप्पू राय से संबंधित मामले प्रमुख रहे। इस अवसर पर राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार, अंचल कर्मी मंटून कुमार, रविशंकर पासवान सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### कृषि जन कल्याण चौपाल सह खेत बचाओ अभियान में किसानों को दी गई आधुनिक एवं जैविक खेती की जानकारी

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत कलौंजर एवं सोरमार पंचायत में आत्मा समस्तीपुर के तत्वावधान में कृषि जन कल्याण चौपाल सह खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक के संरक्षण में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कृषि समन्वयक अरविंद कुमार चौधरी, एटीएम सूर्यभूषण कुमार, रूपम कुमारी एवं चंद्रमौली ने किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, फसल अवशेष प्रबंधन, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण तथा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। किसानों को रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग और नियमित मृदा जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके। वक्ताओं ने बताया कि प्राकृतिक एवं जैविक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक होती है। कलौंजर पंचायत के मुखिया ने किसानों से कृषि विभाग की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

# मंदिर सौंदर्यीकरण एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को दी जाएगी प्राथमिकता: एसडीओ



बैठक में शामिल एसडीओ व अन्य।

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** अनुमंडल पदाधिकारी सह अध्यक्ष किशन कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय में श्री बालेश्वर स्थान विद्यापतिधाम मंदिर न्यास समिति की द्वितीय त्रैमासिक बैठक शनिवार को आयोजित की गई। बैठक में मंदिर के विकास, श्रद्धालुओं की सुविधाओं तथा आय-व्यय से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान मंदिर न्यास समिति के कोषाध्यक्ष रत्न शंकर भारद्वाज द्वारा पिछले छह माह के आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए उसे सार्वजनिक किया गया। कोषाध्यक्ष ने मंदिर के चढ़ावा, विवाह, मुण्डन, दान व अन्य स्रोतों से प्राप्त आय तथा मंदिर रखरखाव, पूजा सामग्री, कर्मचारियों के वेतन और विकास कार्यों पर हुए व्यय का विवरण रखा। समिति के सदस्यों ने आय-व्यय विवरण की समीक्षा करते हुए वित्तीय पारदर्शिता एवं बेहतर प्रबंधन पर बल दिया। इस अवसर पर मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साथ ही आगामी श्रावणी मेले में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने पर भी सहमति बनी। आगामी निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्यों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। कोषाध्यक्ष ने बताया कि बीते दस माह में चढ़ावा, विवाह, मुण्डन एवं अन्य स्रोतों से 1.293.730 ( बारह लाख तेरानवे हजार सात सौ तीस) रुपये की आय हुई। ऑनलाइन माध्यम से श्रद्धालुओं द्वारा 94.039 रुपये का दान प्राप्त हुआ। वहीं मंदिर जीर्णोद्धार कार्यों में मुख्य गर्भगृह में ग्रेनाइट पत्थर, पांच छोटे मंदिरों में टाइल्स, हवनकुण्ड के टाइल्स, कुंआ के पास पेयजल, स्नानघर, कपड़ा चेंजिंग रूम, पानी टंकी तथा (आइसर) जनरेटर खरीदगी पर अब तक 1.031.699 (दस लाख इकत्तीस हजार छह सौ निनानवे) रुपये से अधिक राशि व्यय की गई। बताया गया कि बिहार राज्य धर्मिक न्यास पर्षद,पटना द्वारा मंदिर विकास कार्य के लिए 20 लाख रुपये की अनुदान राशि दी गई हैं।वर्तमान में मंदिर के बैंक खाते में 2.094.039 रुपये उपलब्ध हैं। जिन्हें विकास मद में व्यय किया जाएगा। आगामी श्रावणी मेले के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। मंदिर सौंदर्यीकरण एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी किशन कुमार ने कहा कि विद्यापतिधाम क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन और न्यास समिति की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने मंदिर के समग्र विकास एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान बीडीओ महताब अंसारी, न्यास समिति के उपाध्यक्ष मणिकांत सिंह, सदस्य हरिओम गिरि, कैलाश पासवान, संजय कुमार ठाकुर, प्रवीण गिरि, दीनदयाल गिरि एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बस स्टैंड से ताजपुर रोड तक अतिक्रमण का एसडीओ ने किया निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में प्रशासन ने सक्रिय पहल शुरू कर दी है। इसी क्रम में शनिवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) दिलीप कुमार ने बस स्टैंड से ताजपुर रोड तक विस्तृत निरीक्षण कर सड़क किनारे एवं सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर सड़क एवं सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



जायजा लेते एसडीओ।

एसडीओ ने कहा कि सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अतिक्रमित स्थलों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा स्थायी समाधान के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने स्थानीय व्यवसायियों एवं नागरिकों से भी सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमणमुक्त रखने में सहयोग की अपील की।

निरीक्षण के उपरांत एसडीओ ने भोला टॉकीज रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप कार्यों की समीक्षा की। निर्माण एजेंसी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए और समय पर परियोजना पूरी करने के लिए सभी आवश्यक संसाधनों का उपयोग किया जाए। इस दौरान वैकल्पिक यातायात व्यवस्था एवं आम लोगों को होने वाली असुविधाओं पर भी चर्चा की गई।

## करंट से मां और मासूम बेटे की दर्दनाक मौत

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के बढ़ौना पंचायत अंतर्गत चतरा गांव में शुक्रवार देर रात एक हृदयविदारक हादसे में मां और उसके मासूम बेटे की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार चतरा वार्ड 15 गांव निवासी कन्हैया पासवान की पत्नी रंगीला देवी (24 वर्ष) अपने छह वर्षीय पुत्र रतन कुमार के साथ घर में सो रही थीं। इसी दौरान बिजली से चलने वाला स्टैंड पंखा अचानक उनके शरीर पर गिर पड़ा। पंखे में करंट प्रवाहित होने के कारण मां-बेटा उसकी चपेट में आ गए। हादसा इतना भयावह था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना शुक्रवार की रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। सुबह जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। अचानक हुई इस दुखद घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक परिवार की खुशियां पल भर में उजाड़ दीं। मां और बेटे की एक साथ हुई मौत से हर कोई स्तब्ध है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।



### दी गई 'सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बिहार' की सीख

**मोहिउद्दीननगर (एनएसबी)।** 'सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बिहार' अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र में गंगा किनारे बख्तियारपुर-ताजपुर फोरलेन के समीप स्थित गंगा के तट पर नाव पर बैठकर की गई,। एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जेपी सेनानी, मटिऔर निवासी राम बहादुर सिंह ने तथा संचालन अभियान के संयोजक एवं समाजसेवी रणधीर भाई ने किया। इस दौरान आयोजकों ने गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव बताए। लोगों से अपील की गई कि वे गंगा को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। साथ ही नाविकों से भी अनुरोध किया गया कि वे यात्रियों को प्लास्टिक के उपयोग से बचने के लिए प्रेरित करें। विशेषज्ञों ने बताया कि प्लास्टिक से कई गंभीर बीमारियाँ फैलती हैं और यह पर्यावरण के लिए अभिशाप है। बख्तियारपुर-ताजपुर फोरलेन के समीप गंगा किनारे नाव पर बैठकर की गई। इसी क्रम में वक्ताओं ने कहा कि, जब तक आम लोग खुद जागरूक नहीं होंगे, तब तक अभियान का उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता। कार्यक्रम में प्रो. सुनील सिंह, एडवोकेट दीनबंधु सिंह, सुरेश राय, भोला जी, शत्रुध्न जी, धर्मेंद्र साह, अमरेश कुमार चुन्नु, विवेक सिंह, देवेंद्र कुमार, बिट्टू केवट सहित दर्जनों समाजसेवियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।



## जहरीली शराब पिलाने व मारपीट कर हत्या का आरोप

### 50 वर्षीय रामप्रीत उर्फ टिलटिल महतो की मौत से सनसनी



मौके पर मौजूद लोग।

**विद्यापतिनगर( एनएसबी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत साहिट पंचायत के वार्ड संख्या 13 निवासी स्वर्गीय भुवनेश्वर महतो के पुत्र करीब 50 वर्षीय रामप्रीत महतो उर्फ टिलटिल महतो की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि उन्हें पहले जहरीली शराब पिलाई गई और उसके बाद बेरहमी से मारपीट की गई, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र मोनू कुमार ने मीडिया को बताया कि घटना के दिन उनके पिता को तीन-चार अज्ञात लोग घर से बुलाकर अपने साथ ले गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पिता के साथ खान-पान किया गया तथा शराब पिलाई गई। इसके बाद उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई और उन्हें मृत अवस्था में साहिट पंचायत के मुसहरी टोल स्थित गाछी में फेंक दिया गया। मोनू कुमार ने यह भी आरोप लगाया कि मुसहरी टोल में अवैध रूप से देसी शराब बनाने और बेचने का कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि उनके पिता की मौत जहरीली शराब पिलाने और मारपीट किए जाने के कारण हुई है। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजन घटनास्थल से शव को अपने घर ले आए थे। रामप्रीत उर्फ टिलटिल महतो की मौत के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में विद्यापतिनगर थाना अध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों की ओर से अब तक किसी प्रकार का लिखित आवेदन थाना में नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध औपचारिक शिकायत भी दर्ज नहीं कराई गई है। थाना अध्यक्ष के अनुसार, परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से भी इंकार कर दिया है। पोस्टमार्टम नहीं होने के कारण मौत के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं परिजनों द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद पूरे इलाके में घटना को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है। गौरतलब है कि परिजनों ने जहरीली शराब पिलाने और मारपीट कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस को अब तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। ऐसे में मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही हो सकेगा।

### दो पक्षों के बीच मारपीट, दो लोग घायल

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के जितवारिया गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। परिजनों एवं स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में भर्ती कराया गया।

## आरपीसीएयू प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

### कुलपति ने खेलों को बताया व्यक्तित्व विकास का माध्यम




खिलाड़ियों के साथ मौजूद कुलपति व अन्य।

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा में वैज्ञानिकों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों के बीच आपसी समन्वय और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आरपीसीएयू प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में कुलपति डॉ. पी. एस. पांडेय एवं आईसीएआर के पूर्व महानिदेशक डॉ. मंगला राय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. पांडेय ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। खेल व्यक्ति को अनुशासन, धैर्य, संघर्ष और टीम भावना की सीख देते हैं। उन्होंने कहा कि हार और जीत जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन हार के बाद भी लगातार प्रयास करते रहना ही सफलता की कुंजी है। पूर्व महानिदेशक डॉ. मंगला राय ने कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति के नेतृत्व में लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। हाल के वर्षों में विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियां केवल स्वास्थ्य सुधार का माध्यम नहीं बल्कि शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

समारोह के दौरान कुलपति डॉ. पांडेय ने बल्लेबाजी तथा डॉ. मंगला राय ने गेंदबाजी कर प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया। बाद में दोनों ने भूमिकाएं बदलकर भी खेल का आनंद लिया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि भविष्य में फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस सहित अन्य खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

## सहयोग सह जनकल्याण शिविर की तैयारियों की प्रभारी डीएम ने की समीक्षा, समय पर सभी व्यवस्था पूरी करने का निर्देश




बैठक में शामिल डीएम व अन्य ।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले में 17 एवं 18 जून को आयोजित होने वाले सहयोग सह जनकल्याण शिविर के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को समाहरणालय सभागार में प्रभारी जिलाधिकारी सह उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिविर की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रभारी जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर के सफल संचालन के लिए सभी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि सहयोग सह जनकल्याण शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों तक सरकार की योजनाओं और जनकल्याणकारी सेवाओं का लाभ सीधे पहुंचाना है। इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शिविर को प्रभावी एवं जनोपयोगी बनाएं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर स्थल पर लाभुकों की सुविधा के लिए पेयजल, बैठने की व्यवस्था, बिजली, स्वास्थ्य सुविधा, सहायता काउंटर एवं शिकायत निवारण काउंटर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए विभागवार स्टॉल लगाए जाएं तथा पात्र लाभुकों के आवेदन प्राप्त कर उनका त्वरित निष्पादन किया जाए।

प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि शिविर के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं हो, इसके लिए पूर्व से ही सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं।

बैठक में अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी समस्तीपुर दिलीप कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी अली एकराम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी समाहरणालय सभागार में उपस्थित रहे। वहीं विभिन्न प्रखंडों एवं अंचलों के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए और अपने-अपने क्षेत्रों में चल रही तैयारियों की जानकारी दी।

### कार से 18 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, तस्कर फरार

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बिहार में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू कराने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कल्याणपुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक कार से 18 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही वाहन चालक एवं उसके सहयोगी मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार शनिवार की अहले सुबह पुलिस गश्ती दल लदौरा चौक से गोपालपुर चौक जाने वाली बूढ़ी गंडक बॉटरबेस सड़क पर गश्त कर रही थी।

## संक्षिप्त खबरें

### 49 हजार 791 एलपीजी गैस सिलिंडर का स्टॉक उपलब्ध



**मधुबनी,(एनएसबी)।** एलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की मधुबनी जिले में उपलब्धता पूरी तरह सामान्य एवं नियंत्रित है। जिला प्रशासन द्वारा जिलेभर में गैस वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है ताकि प्रत्येक उपभोक्ता तक समय पर गैस उपलब्ध हो सके।जिले में वर्तमान में कुल 49 हजार 791 एलपीजी गैस सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है। जिले में नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिले में कुल 99 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं।जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में की गई जांच के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 4 गैस एजेंसियों को सील किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं के हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जिला प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि पेट्रोल-डीजल का अनावश्यक भंडारण न करें ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना अथवा अप्रिय घटना की संभावना उत्पन्न न हो।जिला प्रशासन द्वारा संपूर्ण स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर त्वरित एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### सुशासन, विकास और जनकल्याण के 12 वर्ष गौरवपूर्ण वर्ष

**मधुबनी(एनएसबी)।** शनिवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र में 12 वर्षों के सेवा, सुशासन, विकास और जनकल्याण के 12 वर्ष गौरवपूर्ण वर्ष होने पर मधुबनी जिला अतिथिगृह में प्रेस वार्ता और मिडिया संवाद कार्यक्रम को आयोजन किया गया! मुख्य अतिथि सह वक्ता बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह बिहार विधान परिषद सदस्य हरि सहनी ने संबोधित किया। प्रेस वार्ता सह मिडिया संवाद में, राष्ट्रीय परिषद् सदस्य देवेन्द्र कुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष सतीश ठाकुर, जिला महामंत्री सुबोध कुमार चौधरी, जिला मिडिया प्रभारी मनोज कुमार मुन्ना, आई टी सेल जिला संयोजक आदित्य झा, कन्हैया साह, वीरेंद्र मेहता, चन्द्रवीर यादव , जामून सहनी, रवि महतो, राम पुकार ठाकुर, रवि रजंन, महेश कुमार सहित अन्य लोग शामिल हुए।

### शिक्षकों का धरना प्रदर्शन 16 जून को

**बिस्फी (एनएसबी)।** नियोजित शिक्षकों के बकाया वेतन भुगतान एवं प्रोन्नति की मांग को लेकर दिनांक 16 जून को शिक्षा भवन, मधुबनी के समक्ष आक्रोशपूर्ण धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा. इसकी जानकारी देते हुए संघ के उपाध्यक्ष मोहम्मद नूर आलम ने बिस्फी, परसौनी, सिमरी, धजवा, भैरवा सहित कई पंचायत का क्षेत्र भ्रमण के दौरान कहीं. उन्होंने सभी शिक्षकों से इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की. बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के सभी प्रखंड एवं जिला स्तरीय प्रतिनिधियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क कर आंदोलन को सफल बनान .तथा अधिक से अधिक शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित हो.कहा कि जिले के नियोजित शिक्षक विगत चार महीनों से नियमित वेतन भुगतान से वंचित हैं. वेतन नहीं मिलने के कारण शिक्षकों एवं उनके परिवारों को गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. इसके साथ ही प्रोन्नति सहित अन्य लंबित समस्याओं के समाधान की दिशा में विभाग द्वारा अपेक्षित पहल नहीं किए जाने से शिक्षकों में व्यापक आक्रोश व्याप्त है. शिक्षकों की जायज मांगों की लगातार उपेक्षा किए जाने के कारण अब शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक आंदोलन ही एकमात्र विकल्प बचा है. एकजुटता ही हमारी ताकत है. वेतन भुगतान एवं प्रोन्नति हमारा अधिकार है.

### रेलवे एवं पुलिस बल की समन्वयात्मक व्यवस्था की समीक्षा की एसपी

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार ने भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के महत्वपूर्ण रेल संपर्क जयनगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर, यात्री सुरक्षा व्यवस्था, सीमा पार आवागमन से संबंधित सुरक्षा प्रबंधों तथा रेलवे एवं पुलिस बल की समन्वयात्मक व्यवस्था की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को स्टेशन परिसर में सतर्क निगरानी रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए रखने तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही भारत-नेपाल सीमा की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाए रखने पर बल दिया गया।

### 17 एवं 18 जून को प्रखंड परिसर में लगेगा सहयोग सह जन कल्याण शिविर

**बिस्फी(एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित टीपीसी भवन के सभागार में सभी विभाग के पदाधिकारियो, कर्मियों के साथ शनिवार को बैठक आयोजित किया गया. बैठक की अध्यक्षता बीडीओ वसंत कुमार सिंह ने की इस मौके पर प्रखंड परिसर में 17 एवं 18 जून को आयोजित होने वाले सहयोग सह जन कल्याण शिविर की तैयारी को लेकर विचार किया गया.वही कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए.बीडीओ ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारी कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य सहयोग सह जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया है .इसमे राजस्व मामलों को छोड़कर आम जनता की सभी समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा. इसके लिए विभिन्न विभागों के अलग-अलग काउंटर लगाए जाएंगे. जहां लोगों की शिकायतें एवं आवेदन प्राप्त किए जाएंगे. एक हेल्प डैस्क के साथ 17 काउंटर लगाए जाएंगे जहां पदाधिकारी कर्मी उपस्थित रहेंगे. काउंटर पर तैनात पदाधिकारी एवं कर्मी न केवल आवेदन भरने में सहायता करेंगे बल्कि सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं के प्रति लोगों को जागरूक ही करेंगे. उन्होंने सभी कर्मियों से शिविर को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की. कहा कि शिविर में उपस्थित होकर आम लोगों की जन समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा. लाभूक से अपील करते हुए कहा कि आवेदन प्रक्रिया को सरल एवं त्वरित बनाने के लिए वे अपने साथ आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता अपने साथ लेकर जरूर आवे. मौके पर प्रधान लिपिक नंदकिशोर मंडल, नाजिर मिथिलेश कुमार कामत सहित कई कर्मी उपस्थित थे.

### ग्रामीण कार्य विभाग के तकनीकी कर्मियों के साथ हुई समीक्षा बैठक



**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बेनीपट्टी शारंग पाणि पाण्डेय की अध्यक्षता में आहूत की गई। इस बैठक में क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विभिन्न सड़कों की स्थिति और जारी निर्माण कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई।बैठक के दौरान एसडीओ शारंग पाणि पाण्डेय ने सभी तकनीकी कर्मियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में जितने भी निमार्णाधीन सड़कों के कार्य चल रहे हैं, उन्हें गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराया जाए। इसके साथ ही उन्होंने आम जनता को आवागमन में हो रही परेशानियों को देखते हुए जर्जर सड़कों की अविलंब मरम्मत कराने का भी निर्देश दिया।जिन योजनाओं में ठेकेदारों को वर्क स्टार्ट नोटिस (कार्य प्रारंभ करने की सूचना) जारी होने के बावजूद काम शुरू नहीं हुआ है या कार्य की गति मंद है, उसमें संबंधित तकनीकी दल नियमित रूप से कार्यस्थलों का भौतिक निरीक्षण करें ताकि योजनाओं को पारदर्शी और ससमय पूरा किया जा सके। बैठक मेंगौतम आनंद ,कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत बेनीपट्टी,चुन्नू कुमार सहायक अभियंता, आर्यन पटेल , तकनीकी पर्यवेक्षक,कुमार शुभम, तकनीकी पर्यवेक्षक,गौरव नाथ, तकनीकी पर्यवेक्षक, कृष्ण मोहन,तकनीकी पर्यवेक्षक,उदय शंकर यादव ,तकनीकी पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

### कृषि जन कल्याण चौपाल सह खेत बचाओ अभियान आयोजित

**जयनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के बैरा पंचायत अंतर्गत सुरियाही गांव में शनिवार को कृषि जन कल्याण चौपाल सह खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मिट्टी संरक्षण, जैविक खेती तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और कृषि विशेषज्ञों से खेती से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।कार्यक्रम में उपस्थित कृषि अधिकारियों ने किसानों से अपने खेतों में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम से कम करने तथा उनकी जगह जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देने का आग्रह किया। अधिकारियों ने बताया कि लगातार और अत्यधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है। इससे भूमि की उत्पादक क्षमता धीरे-धीरे कम होती जा रही है, जो भविष्य की खेती और खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन सकती हैवक्ताओं ने कहा कि यदि खेतों की मिट्टी की गुणवत्ता और उर्वरता को नहीं बचाया गया तो आने वाली पीढ़ियों को कृषि उत्पादन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने किसानों से गोबर खाद, वर्मी कम्पोस्ट, हरी खाद तथा अन्य जैविक विकल्पों को अपनाने की अपील की, ताकि भूमि की प्राकृतिक शक्ति बनी रहे और पर्यावरण भी सुरक्षित रहे।

# भूमि विवाद, दाखिल-खारिज एवं राजस्व संग्रहण कार्यो की भी हुई गहन समीक्षा,दैनिक लक्ष्य हर हाल में पूरा करें:डीएम



जिलाधिकारी आनंद शर्मा

**मधुबनी,(एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से जिले के सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, अंचलाधिकारी एवं राजस्व अधिकारियों के साथ राजस्व महाअभियान, भूमि सुधार एवं राजस्व प्रशासन से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्व महाअभियान की सफलता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की स्कैनिंग, अपलोडिंग एवं निष्पादन कार्य की प्रगति का आकलन किया। उन्होंने बताया कि लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जिले में 11 जून से 17 जून 26 तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने सभी अंचलों को निर्देश दिया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।बैठक में राजस्व महाअभियान के तहत जयनगर, बिस्फी, लौकही एवं अंधराठाढ़ी अंचल की अपेक्षाकृत धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने गहरा असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित अंचलाधिकारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक अंचल में निर्धारित दैनिक लक्ष्य हर हाल में पूरा किया जाए तथा कार्य निष्पादन में किसी प्रकार की उदासीनता पर जवाबदेही तय की जाएगी।जिलाधिकारी ने सभी डीसीएलआर को निर्देश दिया कि वे प्रतिदिन अपने क्षेत्र के अंचलों का भ्रमण कर कार्यों का भौतिक सत्यापन करें तथा अभियान की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व महाअभियान केवल एक प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आम नागरिकों को समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। बैठक में भूमि विवादों के निष्पादन, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, ऑनलाइन जमाबंदी, लगान वसूली, भू-अभिलेखों के अद्यतनकरण एवं अन्य राजस्व मामलों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नागरिकों से जुड़े सभी राजस्व मामलों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को अनावश्यक कार्यालयी प्रक्रियाओं और परेशानियों का सामना न करना पड़े।समीक्षा के दौरान जिले की आंतरिक संसाधन सुदृढ़ीकरण एवं राजस्व संग्रहण की स्थिति पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए राजस्व प्राप्ति बढ़ाने तथा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में अपर समाहर्ता मुकेश रंजन, प्रभारी पदाधिकारी राजस्व शाखा, सभी डीसीएलआर, सभी अंचलाधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।


## गैस गोदाम में हुई चोरी का उद्भेदन 8 चोर गिरफ्तार



गैस सिलेंडर

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधेपुर थानान्तर्गत गैस गोदाम में हुई चोरी की घटना का किया गया सफल उद्भदन। घटना में संलिप्त 8 अभियुक्त गिरफ्तार एवं चोरी के सिलेंडर व अन्य सामान भी बरामद । पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 8 जून को कर्ण इण्डेन गैस एजेंसी के प्रोप्राइटर द्वारा मधेपुर थाना को एक लिखित आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें बताया गया कि 6 जून की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा गोदाम का ताला काटकर सिलेंडर एवं अन्य सामान की चोरी कर ली गई हैं। तदोपरांत इस संबंध में मधेपुर थाना द्वारा सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ की गई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निदेर्शानुसार एक विशेष टीम का गठन किया गया। वैज्ञानिक एवं तकनीकी अनुसंधान तथा गुप्त सूचना के आधार पर गठित टीम द्वारा त्वरित छापेमारी कर -12. जून को इस कांड में संलिप्त कुल 08 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया हैं। पुलिस द्वारा पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा उक्त कांड में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया गया हैं एवं इनकी निशानदेही पर चोरी के सिलेंडर व अन्य सामान को भी को विधिवत जप्त कर लिया गया है। पुलिस द्वारा इस गिरोह के अन्य सदस्यों एवं इनके आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजने की अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## इंडियन ओवरसीज बैंक के एटीएम का शुभारंभ, ग्राहकों को मिलेगी बेहतर बैंकिंग सुविधा



उद्घाटन करत

**जयनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के दुल्लीपट्टी स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक शाखा में ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शनिवार को नए एटीएम का शुभारंभ किया गया। एटीएम का उद्घाटन बैंक के महाप्रबंधक विनोद कुमार रजक ने विधिवत फीता काटकर किया। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में ग्राहकों की उपस्थिति रही।उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक विनोद कुमार रजक ने कहा कि बैंक का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी आधुनिक एवं सुगम बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि एटीएम की शुरूआत से दुल्लीपट्टी एवं आसपास के गांवों के लोगों को नकदी निकासी के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे समय की बचत होगी और ग्राहकों को 24 घंटे बैंकिंग सुविधा का लाभ मिल सकेगा।उन्होंने कहा कि बैंक लगातार डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप नई सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है। एटीएम की स्थापना से क्षेत्र के किसानों, व्यवसायियों, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं आम ग्राहकों को काफी सहूलियत मिलेगी।इस अवसर पर दुल्लीपट्टी शाखा के शाखा प्रबंधक रविभूषण झा ने कहा कि बैंक ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्राहकों से एटीएम एवं डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की। साथ ही सुरक्षित बैंकिंग के प्रति जागरूक रहने का भी संदेश दिया। कार्यक्रम में आईटी मैनेजर आदित्य वर्मा, दीपक कुमार झा, शुमन कुमार सहित बैंक के कई अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों में दुल्लीपट्टी के मुखिया प्रतिनिधि बीरेन्द्र यादव, भूतपूर्व मुखिया प्रतिनिधि बरही प्रमोद कुमार सिंह, रूपेश कुमार यादव, किशोर कुमार यादव, राम लाल राय समेत अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए।उद्घाटन के बाद उपस्थित लोगों ने एटीएम का निरीक्षण किया तथा बैंक प्रबंधन को इस पहल के लिए बधाई दी। स्थानीय लोगों ने कहा कि दुल्लीपट्टी में एटीएम की सुविधा शुरू होने से क्षेत्र के हजारों ग्राहकों को सीधा लाभ मिलेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी।

## गांगुली पंचायत में वीएसएनडी के तहत टीकाकरण शिविर आयोजित



टीकाकरण करते स्वास्थ्य कर्मी

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** बेनीपट्टी परियोजना अंतर्गत गाँगुली पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र कोड 274 एवं 281 पर शुक्रवार को वीएसएनडी ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस के तहत नियमित टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया तथा उन्हें स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की गई।यह टीकाकरण कार्यक्रम प्रत्येक माह निर्धारित शुक्रवार एवं बुधवार को आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के सभी बच्चों और गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। शिविर का संचालन परियोजना पदाधिकारी कुमारी रेखा एवं एल.एस. फूल कुमारी की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी सेविका, एएनएम एवं आशा कार्यकताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए लाभार्थियों का पंजीकरण, स्वास्थ्य परामर्श एवं टीकाकरण कार्य संपन्न कराया।कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि टीकाकरण बच्चों को पोलियो, खसरा, डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस, हेपेटाइटिस-बी समेत कई गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। समय पर लगाए गए टीके बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं और उन्हें स्वस्थ जीवन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं गर्भवती महिलाओं के लिए भी टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इससे मां और गर्भस्थ शिशु दोनों को विभिन्न संक्रमणों और स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं से सुरक्षा मिलती है।परियोजना पदाधिकारी कुमार रेखा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रत्येक बच्चे एवं गर्भवती महिला तक शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं आशा कार्यकताओं के माध्यम से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का सभी निर्धारित टीके समय पर अवश्य लगवाएं और किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रांति पर ध्यान न दें।शिविर के दौरान उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण के प्रति भी जागरूक किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नियमित टीकाकरण अभियान से क्षेत्र के बच्चों और माताओं का स्वास्थ्य बेहतर हो रहा है तथा गंभीर बीमारियों की रोकथाम में भी मदद मिल रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## निःशुल्क प्रशिक्षण से 12 युवा बने वदीर्धारी, भव्य विदाई सह सम्मान समारोह संपन्न



**बेनीपट्टी,(एनएसबी)।** के वाई सी एकैडेमी, बेनीपट्टी द्वारा आयोजित "विदाई सह सम्मान समारोह" में संस्थान से निःशुल्क फिजिकल ट्रेनिंग प्राप्त कर बिहार पुलिस एवं भारतीय सेना अग्निवीर में चयनित 12 मेधावी अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों को मेडल, पाग, दुपट्टा एवं केवाईसी रत्न प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बिहार पुलिस में चयनित होने वालों में कंचन कुमारी ग्राम बसवरिया, उषा कुमारी गांव बासुकी बिहारी, अंजलि उच्चिठ दुर्गास्थान, प्रियंका कुमारी ग्राम बरहा, रूबी कुमारी ग्राम पाली, केसुली निवासी शिवम कुमार एवं धीरज कुमार शामिल रहे। वहीं भारतीय सेना अग्निवीर में चयनित दिलखुश कुमार बनकट्टा, अंशु कुमार सलमपुर, रंजन साह पाखरौनी, मनीष कुमार बीरौली एवं विकाश झा बरहा को भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर नगर के प्रमुख समाजसेवी व कार्यपालक पदाधिकारी गौतम आनंद, डॉ. प्रभात रंजन सुल्तानिया, लक्ष्मण पंडित एवं अंजली देवी मुख्य अतिथि के रूप में गौतम आनंद - कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा"बेटा-बेटियों, वर्दी सिर्फ कपड़ा नहीं है, ये जिम्मेदारी है। तुम दौड़ के मैदान में जीत गए, अब जिंदगी के मैदान में जीतना है। याद रखो - समय का एक मिनट, दुश्मन की एक गोली से ज्यादा कीमती होता है। अनुशासन में रहोगे तो देश की रक्षा करोगे, और नाम रोशन करोगे अपने माँ-बाप का, अपने गाँव बरहा, बसवरिया, बासुकी बिहारी का।"डॉ. प्रभात रंजन सुल्तानिया ने कहा "मैं डॉक्टर हूँ, रोज देखता हूँ कि मेहनत से बड़ी कोई दवा नहीं। तुम किसान के बेटे-बेटी हो। खेत में पसीना बहाना जानते हो, अब देश की सीमा पर बहाओगे। दौड़ का मतलब सिर्फ फिजिकल नहीं है - जिंदगी में भी दौड़ना पड़ेगा, मुश्किलों से तेज दौड़ना पड़ेगा। जो आज यहां से विदा ले रहे हो, कल किसी की जान बचाओगे। ये गर्व की बात है।" लक्ष्मण पंडित जी समाजसेवी ने कहा"बेनीपट्टी की मिट्टी में दम है। देखो, बिना कोचिंग फीस दिए केवाईसी ऐकेडमी के आंगन से 12-12 लाल निकल गए।

## गांजा तस्करों की गाड़ी को एस्कॉर्ट कर रहा था डायल 112 की पुलिस, संरक्षण दे रहे थे थाना अध्यक्ष बासोपट्टी




डायल 112 की गाड़ी

**एसटीएफ के टीम ने दबोचा गांजा तस्कर को, जप्त किया गाजा और पिकअप वाहन**

**मधुबनी पुलिस अधीक्षक ने सस्पेंड किया थाना अध्यक्ष बासोपट्टी को, एवं डायल 112 दो पदाधिकारी को '**

**मधुबनी(एनएसबी)।** जिले के भारत नेपाल सीमा स्थित बासोपट्टी थाना क्षेत्र में एक चौका देने वाली पुलिस के द्वारा घटना की गई है जो पुलिस के नाम पर तस्करों को मदद करने का मामला सामने आया है लेकिन मधुबनी पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने त्वरित कार्रवाई कर बासोपट्टी थाना अध्यक्ष और डायल 112 के दो पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया है! जानकारी के अनुसार गांजा तस्करों की गाड़ी को एस्कॉर्ट करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।एसटीएफ की रेड में ये चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। नेपाल से 4 क्विंटल से ज्यादा की गांजे की खेप पिकअप भावन पर भारत नेपाल सीमा के बासोपट्टी में शनिवार को प्रवेश किया । घुसते ही उसके पीछे बिहार पुलिस की डायल 112 की जिप्सी पीछे लग गई । लेकिन ये टीम गांजे को पकड़ने के लिए नहीं, बल्कि उसे सुरक्षित ठिकाने पर भिजवाने के लिए । यही 112 नंबर गाड़ी गांजा तस्करी को मदद कर रहा था! घटना मधुबनी जिला के बासोपट्टी थाना क्षेत्र का है , जहां गांजे से भरी पिकअप गाड़ी को अपने थाना क्षेत्र से सुरक्षित निकालने का काम बासोपट्टी थाना की 112 नंबर पुलिस जिप्सी कर रही थी। इससे पहले बिहार एसटीएफ को एक सूत्रों से जानकारी मिला था कि नेपाल से एक पिकअप भारी मात्रा में गांजा लोड कर भारतीय सीमा में घुस चुका है और बासोपट्टी थाना क्षेत्र होते हुए वैशाली जिला ले जाएगा।गांजा तस्करों की गाड़ी को एस्कॉर्ट कर रही थी 112 नंबर जिप्सी जानकारी मिलते ही बिहार एसटीएफ की टीम के साथ जयनगर एसडीपीओ के नेतृत्व में कार्रवाई शुरू की गई। कार्रवाई के दौरान चौंकाने वाले मामले का खुलासा हुआ। गांजा से लदे पिकअप वैन के आगे-आगे बासोपट्टी थाना के डायल 112 की गाड़ी भी चल रही थी। ये गांजा तस्करों की मदद के लिए उनकी गाड़ी एस्कॉर्ट कर रही थी। लेकिन एसटीएफ की टीम ने गांजा से लदे पिकअप को रोक कर तस्करों को दबोच लिया।मधुबनी पुलिस और एसटीएफ के जॉइंट एक्शन में 419 किलो गांजा जब्त हुआ। जांच में पता चला कि थाने की 112 नंबर गाड़ी का ड्राइवर भी इसमें शामिल था।एसटीएफ को पुलिस जीप पर हुआ शक तो उन्हें भी दबोचा गांजा लदी गाड़ी के आगे पुलिस जीप को देख एसटीएफ को शक हुआ और इसके बाद डायल 112 की गाड़ी को भी रोका गया। इसमें दो ड्राइवर बैठे थे। दोनों को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं इस गाड़ी में ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी और बासोपट्टी के थानेदार को भी सस्पेंड कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जा रही है तत्काल प्रभाव से बासोपट्टी थाना अध्यक्ष एवं डाय 112 के दो पुलिस पदाधिकारी को निलंबित कर दिया गया है!

यूसीएफ के तहत बैरिया बस पड़ाव को टर्मिनल के रूप में विकसित करने की तैयारी तेज

# मंत्रालय की टीम ने किया स्थल निरीक्षण

**मुजफ्फरपुर(दैनिक नवसंदेश)।** यूसीएफ (अर्बन चैलेंज फंड) के तहत प्रस्तावित बैरिया बस स्टैंड के पुनर्विकास को लेकर शनिवार को आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की टीम ने नगर आयुक्त सह प्रबंध निदेशक, मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ऋतुराज प्रताप सिंह के साथ स्थल निरीक्षण किया। टीम ने बस स्टैंड परिसर एवं आसपास के क्षेत्र का विस्तृत जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान बसों एवं यात्रियों की संख्या, बस पार्किंग, यातायात व्यवस्था, सड़क संपर्क, सरकारी भूमि की उपलब्धता, जलापूर्ति, सीवरेज, वर्षा जल निकासी, बिजली व्यवस्था तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का आकलन किया गया। टीम ने उपलब्ध भूमि के बेहतर उपयोग, अतिरिक्त बस पार्किंग की संभावनाओं, यातायात संचालन, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए परियोजना के विभिन्न तकनीकी एवं विकासात्मक पहलुओं की समीक्षा की। साथ ही बस स्टैंड को आधुनिक एवं सुव्यवस्थित परिवहन केंद्र के रूप में विकसित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। नगर आयुक्त सह प्रबंध निदेशक, मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ऋतुराज प्रताप सिंह ने कहा कि मुजफ्फरपुर नगर निगम एवं मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का लक्ष्य बैरिया बस स्टैंड को सुरक्षित और यात्री-अनुकूल बस टर्मिनल के रूप में विकसित करना है। निरीक्षण के दौरान प्राप्त सुझावों एवं तकनीकी बिंदुओं को परियोजना में शामिल किया जाएगा, ताकि यह योजना यूसीएफ के मानकों के अनुरूप तैयार हो सके।



बैरिया बस पड़ाव को टर्मिनल के रूप में विकसित करने को लेकर स्थल निरीक्षण करती आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की टीम।



बैरिया बस टर्मिनल के प्रस्तावित भवन व आंतरिक बनावट के नमूने का अवलोकन करती टीम।।

उन्होंने निगम एवं स्मार्ट सिटी के संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि बैरिया बस स्टैंड परियोजना से संबंधित सभी अभिलेख, नक्शे, डीपीआर तकनीकी दस्तावेज एवं आवश्यक

**अतिरिक्त बस पार्किंग, यात्री सुविधाओं और भविष्य के विस्तार को लेकर परियोजना के विभिन्न पहलुओं की आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की टीम**

आंकड़े आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की टीम को समय पर उपलब्ध कराए, ताकि परियोजना के प्रत्येक तकनीकी एवं विकासात्मक पहलू का समुचित अध्ययन कर उसे अंतिम प्रस्ताव में शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि नगर निगम एवं मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ा रहे हैं।

परियोजना पूरी होने के बाद बैरिया बस स्टैंड उत्तर बिहार के प्रमुख आधुनिक परिवहन केंद्रों में शामिल होगा और यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुविधाजनक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## बोचहां में निजी अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, औचक निरीक्षण में दवा काउंटर सील

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के बोचहां प्रखंड के सरफुद्दीनपुर स्थित एक निजी अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की पांच सदस्यीय टीम ने औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए अस्पताल के दवा वितरण काउंटर को अगले आदेश तक सील कर दिया है। साथ ही अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण माँगा है।

निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि अस्पताल में फार्मासिस्ट मौजूद नहीं था। पूछताछ के बावजूद उसकी नियमित उपस्थिति से संबंधित संतोषजनक जानकारी नहीं दी जा सकी। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दवा काउंटर को बंद करा दिया। जांच में यह भी सामने आया कि अस्पताल में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट (ढढए) किट उपलब्ध नहीं थी। विभागीय अधिकारियों ने इसे स्वास्थ्य मानकों का उल्लंघन बताते हुए प्रबंधन को आवश्यक संसाधन तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

इसके अलावा ऑपरेशन थिएटर में संक्रमण नियंत्रण के लिए आवश्यक हैंड-वॉश सिस्टम के बजाय सामान्य नल का उपयोग पाया गया। निरीक्षण दल ने अस्पताल प्रबंधन को स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित करने और सभी कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिया है। निरीक्षण दल में शामिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रभात रंजन ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन को सभी अनियमितताओं को जल्द दूर करने की चेतावनी दी गई है। उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों की नियमित निगरानी और जांच आगे भी जारी रहेगी तथा नियमों के उल्लंघन पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के निजी अस्पतालों में भी सतर्कता बढ़ गई है और प्रबंधन से निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने की अपेक्षा की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### सुखाड़ को देखते हुए कम पानी एवं कम समय में अधिक उपज देने वाले धान का अनुदानित बीज की आपूर्ति करे सरकार : अजीत कुमार

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** कांटी विधायक व पूर्व मंत्री अजीत कुमार शनिवार को कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा से उनके कार्यालय में मुलाकात कर सुखाड़ को देखते हुए कम पानी एवं कम समय में अधिक उपज देने वाले धान का बीज मुजफ्फरपुर के किसानों को उपलब्ध कराने की मांग की। इस बाबत उन्होंने कृषि मंत्री को एक ज्ञापन भी सौपा है। श्री कुमार के द्वारा कृषि मंत्री को सौंप गए ज्ञापन में मुजफ्फरपुर में व्याप्त सुखाड़ की स्थिति, वर्षा नहीं होने के कारण अभी तक धान का बिचरा नहीं लगने, सिंचाई के लिए लगाए गए सभी सरकारी स्त्रोत अनुपयोगी होने, एवं जल स्तर मे आई गिरावट पर विस्तृत चर्चा करते हुए उनसे मुजफ्फरपुर के मिट्टी पर कम पानी एवं कम समय में होने वाले धान का अनुदानित बीज सरकारी स्तर पर उपलब्ध कराने की मांग की गई है। श्री कुमार ने कृषि मंत्री से एराइज कंपनी का 6444 गोल्ड, पायनियर का 27 पी 31, एराइज कंपनी का तेज गोल्ड, शक्तिमान -5, डीकेसी 9080 बी को प्राथमिकता देने का भी आग्रह किया है। कृषि मंत्री ने श्री कुमार के इस सुझाव पर कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए कहा कि वे विभाग के माध्यम से शीघ्र ही बीज के मामले में प्रतिवेदन प्राप्त कर त्वरित कार्रवाई करूंगा।



किसानों को धान का उन्नत बीज उपलब्ध कराने के लिए कृषि मंत्री को ज्ञापन देने पहुँचे विधायक अजीत कुमार।

### काव्य संग्रह 'मौन संवाद' का हुआ लोकार्पण

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर के छोटी सरैयागंज स्थित नवयुवक समिति ट्रस्ट सभागार में साहित्यकार व कवि सुमन कुमार मिश्र की चर्चित एवं बहुप्रतीक्षित काव्य संग्रह "मौन संवाद" का लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.संजय पंकज एवं संचालन डॉक्टर पंकज कर्ण ने किया। इस लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में साहित्यकार डॉ.विनोद कुमार चौधरी (सेवानिवृत पुलिस महानिरीक्षक ) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.शेखर शंकर मिश्र, डॉ. देवब्रत अकेला, डॉ.बृजभूषण मिश्र एवं डॉ.रामेश्वर द्विवेदी उपस्थित थे। लोकार्पण समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का सम्मान एवं स्वागत अंगवस्त्र एवं फूल मालाओं से किया गया। अतिथियों एवं वक्ताओं ने सुमन कुमार मिश्र की प्रथम काव्य संग्रह मौन संवाद में संग्रहित रचनाओं के विविध पक्षों पर प्रकाश डाला और उसकी बहुआयामी प्रभाव और संवेदनशीलता की सराहना की। लोकार्पण समारोह में कवि गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। लोकार्पण समारोह सह कवि गोष्ठी में प्रमुख रूप से डॉ हरिकिशोर प्रसाद सिंह, हास्य व्यंग के प्रसिद्ध कवि डॉक्टर जगदीश शर्मा, भोजपुरी के कवि सतेंद्र कुमार सत्येन, कवि ओम प्रकाश गुप्ता, लेखिका चांदनी समर, रामबृक्ष राम चकपुरी, अशोक भारती, शायर सिग्बतुल्ला हमीदी, महफूज आरिफ, प्रमोद नारायण मिश्र, मुन्नी चौधरी, श्रवण कुमार,अनिल कुमार, मानवीय संवेदनाओं के सुकुमार कवि अंजनी कुमार पाठक, कवि अरुण कुमार तुलसी, साहित्यकार देवेंद्र कुमार, कवियित्री एवं गायिका सुप्रिया सोनी, शुभ नारायण शुभंकर, मुक्तक के सशक्त पहचान दिनबंधु आजाद, नागरिक मोर्चा के महासचिव मोहन सिन्हा, चिराग पोद्दार, दीनदयाल राणा, व्यवस्था सहयोगी अजय कुमार एवं सुरेंद्र कुमार सहित भारी संख्या में अन्य साहित्य प्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में कवि साहित्यकार सुमन कुमार मिश्रा ने उपस्थित अतिथियों, कवियों एवं श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।



काव्य संग्रह का लोकार्पण करते अतिथि गण।

### दशरथ प्रसाद सिंह इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन में विदाई समारोह आयोजित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** दशरथ प्रताप सिंह इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन के तत्वावधान में शनिवार को बीएड एवं डीएलएड सत्र 2024-26 एवं डीएलएड सत्र 2022-24 के छात्र- छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। संस्थान के सभागार में आयोजित विदाई समारोह का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रबन्ध निदेशक अमित कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन ी श्री कुमार ने कहा कि शिक्षा के द्वारा ही हम जीवन में फैले अज्ञान के अंधकार को दूर कर प्रकाश की ओर बढ़ते हैं। शिक्षा हमें केवल पढ़ना लिखना नहीं सिखाती है। बल्कि सही अर्थों में हमारे व्यक्तित्व का निर्माण भी करती है।उन्होंने छात्र-छात्राओं से जीवन की हर चुनौतियां का सामना करते हुए अपने मंजिल की ओर बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर सत्र बीएड एवं डीएलएड सत्र 2025-27 के छात्र-छात्राओं ने पूर्ववर्ती छात्रों के इस दिन को यादगार बनाने के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आरंभ स्वागत गान से हुआ। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने लोक गीत, नृत्य,गीत और गजल की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रो सिन्धु सिंह, देवयानी, रूपेश कुमार, प्रो कुमारी रूबी, प्रो आशीष गौरव, प्रो नरेंद्र झा, राजश्री आदि उपस्थित थे।



देवघर से लौट रहे मुजफ्फरपुर के श्रद्धालुओ की बोलेरो पटना-गया मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त

# हादसे में दो युवकों की मौत, पांच गंभीर रूप से घायल

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** देवघर से बाबा बैद्यनाथ धाम के दर्शन कर लौट रहे मुजफ्फरपुर जिले के बोचहां थाना क्षेत्र के सात युवक शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गए। यह दुर्घटना जहानाबाद जिले के मखदुमपुर के पास पटना-गया मार्ग पर उस समय हुई, जब उनकी बोलेरो गाड़ी का पिछला टायर अचानक फट गया।

टायर फटने के बाद चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और बोलेरो अनियंत्रित होकर कई बार पलट गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि गाडी रफ्तार में थी और टायर फटने के साथ ही वाहन नियंत्रण खोते हुए कई बार पलटी मारी, जिससे गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वही बोलेरो पर सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया। मिली जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना में सुजीत कुमार सहनी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल मनीष कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों मृतक मुजफ्फरपुर जिले के बोचहां क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे है। खबर के अनुसार, सुजीत कुमार सहनी स्थानीय वीआईपी नेता विद्यानंद साहनी के पुत्र थे और व्यवसाय व सामाजिक कार्यो से भी जुड़े हुए थे। दुर्घटना में शिवनाथ कुमार, विकास कुमार, अजीत यादव, विकास कुमार (दूसरे) और नीतीश कुमार गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी का विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है और कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। इधर,

घटना की सूचना मिलते ही मृतकों और घायलों के परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में शोक का माहौल है और बड़ी संख्या में लोग पीड़ित परिवारों के घर पहुंचकर संवेदना जता रहे हैं। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। स्थानीय पुलिस के अनुसार

प्रारंभिक जांच में हादसे का मुख्य कारण बोलेरो के पिछले टायर का अचानक फटना माना जा रहा है, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



घटनास्थल पर लगी लोगो की भीड़।

## मुजफ्फरपुर में बनेंगे इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और वाहन मालिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इस दिशा में परिवहन विभाग ने पहल शुरू कर दी है। परिवहन विभाग ने प्रथम चरण में चार्जिंग स्टेशनों के लिए 15 स्थानों का चयन कर प्रस्ताव विभाग को भेजा है। जिला परिवहन पदाधिकारी कुमार विवेक ने बताया कि चयनित स्थलों की सूची परिवहन विभाग को भेज दी गई है। स्थल चयन में आम लोगों की सुविधा को प्राथमिकता दी गई है। इसके तहत सरकारी कार्यालयों, पार्कों, अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य सार्वजनिक स्थलों को भी शामिल किया गया है, ताकि इलेक्ट्रिक वाहन चालकों को आसानी से चार्जिंग सुविधा मिल सके।

चार्जिंग स्टेशन के लिए प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, समाहरणालय परिसर, नगर निगम कार्यालय, सिटी पार्क, स्मार्ट सिटी कार्यालय, जुब्बा सहनी पार्क, चंदवारा पानीकल कैंपस, जेल चौक, वाहन यार्ड (पानी टंकी चौक), सिकंदरपुर स्टेडियम के पास, सरमसपुर-नरसंडा रोड, हाउसिंग बोर्ड दामोदरपुर, सदर अस्पताल, एमआईटी तथा सुपर स्पेशियलिटी बिल्डिंग, एसकेएमसीएच का चयन किया गया है। इस संबंध में डीटीओ ने एमवीआई राकेश रंजन, अरविंद कुमार, रंजन कुमार गुप्ता एवं पार्थ सारथी को स्थल चयन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। रिपोर्ट मिलने के बाद इसे विभाग को भेज दिया गया। परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, मुजफ्फरपुर जिले में वर्तमान में 17,852 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन निबंधित हैं। बढ़ती संख्या को देखते हुए चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार आवश्यक माना जा रहा है। सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद को प्रोत्साहित करने के लिए अनुदान भी दे रही है। बिहार इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत निजी दोपहिया वाहन खरीदने पर महिलाओं एवं एससी-एसटी वर्ग को 12 हजार रुपये तथा सामान्य वर्ग को 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है।



चार्जिंग स्टेशन की प्रतीकात्मक तस्वीर।

**परिवहन विभाग ने 15 स्थानों का चयन कर विभाग को भेजा प्रस्ताव**

वहीं, चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वाली महिलाओं को एक लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि का प्रावधान है। इसके अलावा इलेक्ट्रिक मालवाहक तीन पहिया वाहनों की खरीद पर सामान्य वर्ग को 50 हजार तथा एससी-एसटी वर्ग को 60 हजार रुपये तक की सहायता दी जाती है। डीटीओ कुमार विवेक ने कहा कि चयनित स्थलों पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया विभागीय आदेश के अनुसार आगे बढ़ाई जाएगी। इससे इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों को बड़ी राहत मिलेगी और जिले में स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा।

## पेयजल संकट से बचाव को लेकर आठवें मिनी सबमर्सिबल का हुआ शिलान्यास

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** भीषण गर्मी में पेयजल संकट के झेल रहे वार्ड के लोगो को शीतल व शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर मुजफ्फरपुर नगर निगम के वार्ड संख्या 38 अंतर्गत कच्ची सराय स्थित मदीना मस्जिद के निकट शनिवार को आठवें मिनी सबमर्सिबल का शिलान्यास किया गया।

वार्ड 38 की पार्षद शबाना परवीन ने वार्डवासियों की मौजूदगी में नारियल फोड़कर और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ इस महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना की शुरूआत की। इस अवसर पर मदीना मस्जिद के इमाम मुफ़्ती बशीर साहब ने क्षेत्र में अमन, तरक्की और लोगों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध होने की दुआ की। मौके पर वार्ड पार्षद शबाना परवीन ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में लोगों को स्वच्छ और पर्याप्त शीतल पेयजल उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस मिनी सबमर्सिबल के चालू होने से आसपास के मोहल्लों के सैकड़ों लोगों को पेयजल संकट से राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान विकास मित्र राज किशोर राम, शंकर राम, रफत अली, मकसूद अली, मोहम्मद फैयाज, नंदकिशोर गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि इकबाल कुरैशी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

शिलान्यास के उपरांत लोगों के बीच लड्डू वितरित किए गए तथा क्षेत्र के विकास, खुशहाली और जनकल्याण के लिए सामूहिक रूप से दुआएँ मांगी गईं।



नागरिकों की उपस्थिति में मिनी सबमर्सिबल का शिलान्यास करती वार्ड पार्षद शबाना प्रवीन।

राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति का विकल्प जन शिक्षा नीति विषयक कार्यशाला में विद्वानों ने औचित्य पर उठाये सवाल

# किसी भी ज्ञान को पाठ्यक्रम में शामिल करने से पूर्व उसकी वैज्ञानिक एवं अकादमिक समीक्षा आवश्यक : डॉ शांतनु राय

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** आईआईटी मद्रास के पूर्व प्राध्यापक प्रो.(डॉ.) शांतनु राय ने कहा है कि प्राचीन भारत में ज्ञान के अभूतपूर्व विकास हुए। लेकिन केंद्र सरकार द्वारा तथाकथित भारतीय ज्ञान प्रणाली को आधुनिक विज्ञान के समकक्ष प्रस्तुत करने से शिक्षा में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और साक्ष्य-आधारित अध्ययन कमजोर हो सकता है। इसलिए किसी भी ज्ञान को पाठ्यक्रम में शामिल करने से पूर्व उसकी वैज्ञानिक एवं अकादमिक समीक्षा आवश्यक है।

डॉ राय शनिवार को ऑल इंडिया सेव एजुकेशन कमिटी, मुजफ्फरपुर चैप्टर के तत्वावधान में स्थानीय आर.डी.एस. कॉलेज में ह्लराष्ट्रीय शिक्षा नीति का विकल्प : जन शिक्षा नीति विषय पर आयोजित कार्यशाला को मुख्य वकता के रूप में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने आगे कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ऐसे समय में लाई गई, जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी से पीड़ित थी तथा देश के शिक्षाविदों से समुचित सुझाव एवं राय लिए बिना इसे लागू किया गया। इसी कारण ऑल इंडिया सेव एजुकेशन कमिटी ने देशभर के शिक्षकों, शिक्षाविदों, प्रोफेसरों और शिक्षा-प्रेमियों से सुझाव प्राप्त कर जन-संसद के माध्यम से जन शिक्षा नीति-2026 पारित की। इस जन शिक्षा नीति-2026 को लागू कराने के लिए समिति पूरे देश में अभियान चला रही है। इससे पूर्व कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो डॉ अमरेंद्र नारायण यादव ने कहा कि शिक्षा बजट बढ़ाए बिना देश में शिक्षा सुधार की बात करना बेईमानी है। जो भी देश आगे बढ़ रहे हैं, उन्होंने शिक्षा पर अधिक से अधिक ध्यान दिया है। उन्होंने जन शिक्षा नीति-2026 की सराहना करते हुए सरकार से इस पर ध्यान देने का आग्रह किया। एसआरपीएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो डॉ एस के पॉल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा का निजीकरण भारत जैसे गरीब देश के लिए अभिशाप है, जहाँ बड़ी आबादी शिक्षा पर न्यूनतम राशि भी खर्च करने की स्थिति में नहीं है। सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक श्री बी के चौधरी ने कहा कि यह विद्यार्थियों के लिए अत्यंत कठिन और अन्यायपूर्ण समय है। नई शिक्षा नीति-2020 शिक्षा के निजीकरण, व्यापारीकरण, सांप्रदायीकरण एवं केंद्रीकरण को बढ़ावा देने वाली नीति है।

शिक्षा आंदोलन के वरिष्ठ कार्यकर्ता शाहिद कमाल ने कहा कि शिक्षा सबके लिए होनी चाहिए। इस विषय पर आजादी के आंदोलन के दौरान व्यापक विमर्श हुए हैं। नई शिक्षा नीति के माध्यम से गरीबों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। वही कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए रामप्रीत राय ने कहा कि ऑल इंडिया सेव एजुकेशन कमिटी जन शिक्षा नीति - 2026 को लागू कराने के लिए व्यापक आंदोलन संगठित करेगी तथा पूरे राज्य में हस्ताक्षर अभियान चलाकर 26 सितंबर 2026 को राज्यपाल के समक्ष प्रदर्शन के माध्यम से हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा जाएगा। कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन ऑल इंडिया सेव एजुकेशन कमिटी, मुजफ्फरपुर चैप्टर के सह संयोजक आशुतोष कुमार ने किया।

कार्यशाला में सामाजिक कार्यकर्ता अमरनाथ आजाद, सेवानिवृत्त शिक्षक ललन भगत, शिक्षक कुंदन कुमार, सुनील कुमार राम, सुभाष कुमार, चंदन कुमार तथा शोधार्थी ज्योति कुमारी, रामाश्रय राय, डॉ मीरा कुमारी, विनय कुमार, सुमन कुमार, कुमारी रेणु, महेश्वर प्रसाद सिंह, जवाहर लाल सिंह, रामेश्वर राम, आदर्श परमार, अरुण कुमार, अमन कुमार, अरविंद कुमार, किशोर कुमार, अमित रंजन, प्रमोद कुमार, सतनारायण ठाकुर, मोहम्मद एहसान, सुरेश पंडित, सुमन कुमार सहित अनेक शिक्षक एवं शिक्षा-प्रेमी उपस्थित थे।




कार्यशाला को संबोधित करते विशिष्ट अतिथि डॉ प्रो शांतनु राय।

## संक्षिप्त खबरें

### दिशा की बैठक में गूंजा शिक्षकों की भूतलक्षी प्रोन्नति का मुद्दा, एक सप्ताह में कार्रवाई का मिला आश्वासन


दिशा की बैठक में विधान पार्षद वंशीधर ब्रजवासी।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शनिवार को परिचर्चा भवन में सांसद देवेशचंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विधान पार्षद वंशीधर ब्रजवासी ने जिला संवर्ग के शिक्षकों को भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति देने के लंबित मामले को प्रमुखता से उठाया। श्री ब्रजवासी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) से सवाल किया कि राघवेंद्र शर्मा बनाम राज्य सरकार मामले में पटना उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश तथा प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के स्पष्ट निर्देश के बावजूद अब तक शिक्षकों को भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति का लाभ क्यों नहीं दिया गया। इस पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बैठक में आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रोन्नति पत्र जारी कर दिए जाएंगे।

विधान पार्षद ने इस संबंध में अध्यक्ष सह सांसद देवेशचंद्र ठाकुर को लिखित रूप से भी मामला सौंपा, ताकि इसे बैठक की कार्यवाही में शामिल किया जा सके। उन्होंने बताया कि मैट्रिक प्रशिक्षित शिक्षकों को स्नातक ग्रेड तथा स्नातक ग्रेड के शिक्षकों को प्रधानाध्यापक ग्रेड में प्रोन्नति देते समय भूतलक्षी लाभ देने का आदेश उच्च न्यायालय द्वारा दिया गया था। इसके अनुपालन के लिए निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, बिहार, पटना द्वारा सभी जिलों को निर्देश जारी किए गए थे। उन्होंने कहा कि राज्य के अधिकांश जिलों में इस आदेश का अनुपालन हो चुका है, लेकिन सीतामढ़ी में अब तक प्रोन्नति पत्र निर्गत नहीं किए गए हैं। प्रभावित शिक्षक कई बार जिला शिक्षा पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप चुके हैं, बावजूद इसके मामला लंबित है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो शिक्षकों में असंतोष और बढ़ेगा। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ ने इस मांग को लेकर 20 जून को धरना-प्रदर्शन की घोषणा की है। शिक्षक हित एवं शिक्षा व्यवस्था के सुचारू संचालन को देखते हुए विधान पार्षद ने अविलंब प्रोन्नति पत्र जारी करने की मांग की, जिसका बैठक में उपस्थित सदस्यों ने समर्थन किया।


### रिंगबांध रोड के निर्माण की धीमी रफ्तार से लोगों में निराशा, डीएम से निरीक्षण कर कार्रवाई का आग्रह

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** वन विभाग, विद्युत विभाग तथा निर्माण एजेंसी की लापरवाही से रिंगबांध सीतामढी सडक का निर्माण कार्य एक माह सेअधिक से बंद है। दो दशक बाद सडक निर्माण शुरू होने के बाद शहरवासी को आशा जगी थी कि अब इस पथ का उद्धार होगा परन्तु निर्माण की रफ्तार से लोगों में निराशा है। डीएम रिची पाण्डेय से अखिल भारत सर्वोदय मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री डा. आनन्द किशोर ने आग्रह किया है कि आप इस पथ का स्वयं निरीक्षण करें तथा सभी संबंधित एजेंसी को निर्धारित अवधि में काम पूरा करने का आदेश दें।

डा. किशोर ने कहा है कि इस पथ के अधिकांश लोग अतिक्रमण खाली कर चुकें हैं परन्तु निर्माण एजेंसी महज पानी का टैंकर घुमाकर निर्माण कार्य की औपचारिकता पूरी कर रहा है। नगर निगम सड़क के बगल से नाला निर्माण के लिए कुछ नहीं कर रहा है। 21 फीट मुख्य सडक तथा बगल में सात-सात फीट फुटपाथ बनना है परन्तु अभी तक फ्लैंक में मिट्टी कार्य भी नहीं हो सका है। अतिक्रमण हटाने के बाद अगल-बगल के टूटे घरों में पानी घुसता है अगर सड़क का लेवल बन जाता है तो उस हिसाब से लोग अपने घरों का दरवाजा ठीक कर वर्षा की परेशानी से बच सकते हैं। डा. किशोर ने डीएम को लिखा है कि इस संबंध में आपसे 2 मई तथा प्रभारी डीएम से 18 मई को आवेदन देकर आग्रह भी किया था।

### योगानंदेश्वर सरस्वती मठ के पीठाधीश्वर स्वामी श्री श्री शंकर भारती ने की पुनौराधाम में पूजा-अर्चना

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** शंकर ज्योति प्रकाश यात्रा पर संपूर्ण देश के धार्मिक स्थलों के भ्रमण पर निकले श्री योगानंदेश्वर सरस्वती मठ कर्नाटक के पीठाधीश्वर स्वामी श्री श्री शंकर भारती महास्वामी ने शनिवार को मां जानकी प्राक्ट्य स्थली पुनौराधाम में माता जानकी व सीता कुंड की पूजा आरती की। पुनौराधाम मंदिर के पीठाधीश्वर मंहथ कौशल किशोर दास जी व उनके उत्तराधिकारी शिष्य श्री राम कुमार दास ने मां जानकी की प्राकट्य स्थली के महात्म्य की जानकारी देते उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि सनातन धर्म व संस्कृति को पुनर्स्थापित करने के लिए आदि शंकराचार्य ने देश के चारों कोने पर चार पीठ की स्थापना की। इस दौरान आदि शंकराचार्य के देश में जहां जहां पद चिन्ह पड़े थे उन स्थलों का उनके द्वारा अन्वेषण किया जा रहा है। इसके लिए वे शंकर ज्योति प्रकाश यात्रा पर निकले हैं। केरल के केनेडी से इस यात्रा की शुरूआत कर अब तक तामिलनाडु, गोवा, राजस्थान, हरियाणा, कश्मीर, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश आदि राज्यों की यात्रा कर बिहार के मां जानकी प्राकट्य स्थली पुनौराधाम पहुंचे हैं। यहां से वे नार्थ ईस्ट की ओर प्रस्थान करेंगे। पुनौराधाम में भी उन्होंने आदि शंकराचार्य के पद चिन्ह का अन्वेषण किया है। लेकिन किसी तरह की जानकारी नहीं मिली। सीता संत निवास के संयोजक राम शंकर शास्त्री ने पीठाधीश्वर श्री श्री शंकर भारती को माता जानकी की उद्भव झांकी प्रतीक व बाल स्वरूप तस्वीर भेंट कर अभिनंदन किया। विदित हो कि आदि शंकराचार्य परंपरा के 700 वर्ष पूर्व कृष्णनगर मैसूर कर्नाटक के गोदावरी नदी के तट पर वेदांत भारती संस्था द्वारा श्री श्री योगानंदेश्वर सरस्वती मठ की स्थापना हुई थी। इसके मुख्य संरक्षक श्रृंगेरी मठ के शंकराचार्य श्री श्री भारतीतीर्थ महासन्निधानम जी महाराज हैं।



पुनौराधाम मंदिर में पूजा अर्चना के बाद पीठाधीश्वर स्वामी शंकर भारती व अन्य।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने चेताया

# योजनाओं के क्रियान्वयन में उदासीनता बर्दाश्त नहीं

**बाढ़ पूर्व तैयारी, सड़क मरम्मत, नल-जल, शौचालय निर्माण, स्वास्थ्य एवं कृषि योजनाओं की हुई समीक्षा; अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश**

**जनप्रतिनिधियों ने एनओसी में विलंब, शौचालय भुगतान और जलजमाव की समस्या उठाई; जिलाधिकारी ने एक सप्ताह में लंबित मामलों के निष्पादन का दिया निर्देश**


संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारम्भ करते सांसद, विधायक, जिलाधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधि।



बैठक में सांसद सह समिति अध्यक्ष देवेश चंद्र ठाकुर, शिवहर सांसद लवली आनंद, विधायकगण व

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद सह समिति अध्यक्ष देवेश चंद्र ठाकुर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

बैठक का शुभारम्भ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिलाधिकारी रिची पांडेय द्वारा सीतामढ़ी सांसद सह अध्यक्ष देवेश चंद्र ठाकुर, शिवहर सांसद लवली आनंद को तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों का स्वागत अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा पौधा देकर स्वागत किया गया।

समीक्षा के दौरान विभिन्न प्रखंड मुख्यालयों में सामुदायिक शौचालय निर्माण, उनके नियमित रखरखाव एवं साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सीतामढ़ी नगर क्षेत्र में महिलाओं के लिए पिंक सार्वजनिक शौचालय निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसकी संख्या बढ़ाने पर जोर दिया गया। नगर आयुक्त को शहर में नियमित साफ-सफाई, कचरा उठाव और जलजमाव की समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए 36 नए टीपर वाहनों की खरीद की जा रही है।

बैठक में जनप्रतिनिधियों ने विकास योजनाओं के लिए अंचल स्तर पर एनओसी मिलने में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की। इस पर जिलाधिकारी ने अपर समाहर्ता को निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का निष्पादन एक सप्ताह के भीतर कराया जाए। शौचालय निर्माण से संबंधित बकाया भुगतान को भी शीघ्र जारी करने का निर्देश दिया गया।

संभावित बाढ़ को देखते हुए सांसद ने सभी विभागों को पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने, राहत सामग्री की उपलब्धता बनाए रखने तथा पूर्व बाढ़ के दौरान कार्यरत नाविकों के लंबित भुगतान का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। पीएचईडी को पेयजल संकट से निपटने तथा नल-जल योजना से जुड़ी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए विशेष निर्देश दिए गए। कृषि विभाग को योजनाओं का पंचायत एवं ग्राम स्तर तक व्यापक प्रचार-प्रसार करने, किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने तथा कृषि कार्यों के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग को सदर अस्पताल सहित सभी सरकारी अस्पतालों की चिकित्सा व्यवस्था और सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। वहीं बरसात से पूर्व सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को समय सीमा के भीतर पूरा करने, क्षतिग्रस्त सड़कों का सर्वेक्षण कर मरम्मत कराने, नालों की सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने तथा पुल-पुलियों की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक कार्य कराने के निर्देश दिए गए। सांसद ने कहा कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित एजेंसी एवं अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में सांसद शिवहर श्रीमती लवली आनंद, विधान पार्षद वंशीधर बृजवासी, विधायक सीतामढ़ी सुनील कुमार पिंटू, विधायक रुन्नीसैदपुर पंकज मिश्रा, विधायक परिहार श्रीमती गायत्री देवी, विधायक बथनाहा अनिल कुमार, विधायक रीगा बैद्यनाथ प्रसाद, विधायक बेलसंड अमित कुमार, जिलाधिकारी रिची पांडेय, मेयर श्रीमती रौनक जहां परवेज, जिला परिषद अध्यक्ष अदिति कुमारी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता एवं सत्येंद्र सिंह कुशवाहा, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, अपर समाहर्ता संजीव कुमार, विभिन्न प्रखंडों के प्रमुख, अन्य जनप्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## बैरगनिया में मेडिकल स्टोर्स पर छापे के दौरान हंगामा करते लोगों पर एसएसबी जवानों ने डंडे



छापेमारी के दौरान एसएसबी जवान, पुलिस व अन्य।

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** स्थानीय एसएसबी, पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को अस्पताल चौक के समीपवर्ती मिकरानी मेडिकल स्टोर्स पर छापेमारी की। इस दौरान हुई उग्र भीड़ पर एसएसबी जवानों ने जमकर डंडे बरसाये, वीडियो बना रहे यू टूबर्स तक को भी नहीं बख्शा है। मिली जानकारी के अनुसार एसएसबी गुप्त सूचना के आलोक में पुलिस के सहयोग से मिकरानी मेडिकल पर छापेमारी दिन के 1 बजे शुरू की और चार बजे तक करवाई करती रही। लेकिन तब माहौल उग्र होने लगा जब एसएसबी का एक जवान बाइक से झोला में कुछ लेकर आया और मेडिकल स्टोर्स में गया तो चर्चा फैली की उक्त झोला में कॉरेक्स को लाकर दुकान में रखा गया है। फलतः हंगामा शुरू हो गया तब एसएसबी की अतिरिक्त जवानों को बुलाया गया और जवान पहुँचते ही अपने हाथों में लिए डंडे से ताबड़तोड़ डंडा चलाना शुरू कर दिया।

इस घटना क्रम के पहले ही छापेमारी टीम ने ड्रग इंस्पेक्टर को बुलाया था, जिन्होंने भी अपने स्तर से जांच की और 7-8 कॉरेक्स की भरी हुई शीशी के साथ करीब एक दर्जन कॉरेक्स की खाली शीशी भी बरामद किया। साथ ही मेडिकल स्टोर्स के ऊपरी मंजिल के रूम से हुका, सिगरेट, कंडोम आदि को बरामद किया है। टीम ने दुकानदार सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर थाना ले गयी है। एक अधिकारी ने बताया कि जो जवान झोला लेकर गया था वह उसमें पानी की बोतल, सब्जी लेकर पहुँचे थे जिन्हें नाहक गलत रंग दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एसएसबी अपनी करवाई के बाबत थाना में एफआईआर दर्ज कराएगी। इधर पुलिस ने हंगामा, हाथापाई की बातों को लेकर कई लोगों को नामजद करने के साथ ही सैकड़ो अज्ञात लोगो पर एफआईआर की तैयारी में जुटी हुई है।

## 61वीं बार रक्तदान कर डॉ. राजीव कुमार काजू ने दिया मानव सेवा का संदेश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. राजीव कुमार काजू ने शनिवार को सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में 61वीं बार स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा की मिसाल पेश की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे बड़ा कोई दान नहीं हो सकता। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद मरीज को नया जीवन देने का कार्य करता है।


रक्तदान करते वरिष्ठ समाजसेवी एवं कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. राजीव कुमार काजू।

डॉ. काजू ने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए अस्पतालों में मरीजों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने युवाओं, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील करते हुए कहा कि आपका एक छोटा-सा प्रयास किसी की जिंदगी बचा सकता है। उन्होंने बताया कि रक्तदान से शरीर में नए रक्त का निर्माण होता है और स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। एक स्वस्थ व्यक्ति प्रत्येक तीन माह के अंतराल पर रक्तदान कर सकता है। डॉ. काजू ने कहा कि वे अपने प्रेरणास्रोत अतुल भैया से प्रेरित होकर वर्ष में चार बार रक्तदान करते हैं। उनके 61वीं बार रक्तदान करने पर उपस्थित समाजसेवियों ने इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

## समुचित रख-रखाव अभाव में नगर उद्यान हुआ बदहाल

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सीताकुंज नगर उद्यान में नवनिर्मित जलाशय उचित रख-रखाव के अभाव में प्रदूषित हो चुका है। गंदगी का आलम यह है कि जलाशय गाद एवं गंदगी से भरा हुआ है। इससे उद्यान में घूमने आने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। इतना ही नहीं नवनिर्मित पार्क में जहां तहां टाइल्स उखड़ रहा है।

खेलकूद के लिए लगे उपकरण भी खराब हो रहे हैं। उपरोक्त विकृत चित्र विभिन्न न्यूज चैनलों में आये दिन नुमाया हो रहा है। जनशिकायतें बढ़ रही हैं। उपरोक्त संदर्भ में नगर उद्यान समिति के सचिव प्रमोद कुमार नील ने सीताकुंज नगर उद्यान के पदेन अध्यक्ष सह जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है। नगर उद्यान समिति के कोषाध्यक्ष अधिवक्ता संजय कुमार बिररख एवं कार्यकारिणी सदस्य नागेन्द्र सिंह, डॉ. टीएन सिंह, रकटू प्रसाद, डॉ. रेणु चटजी, डॉ. प्रतिमा आनंद, अफाक खान, दीपक मस्करा, सज्जन हिसारिया, देवेंद्र साह, राम एकबाल साह, इंजीनियर राज किशोर यादव, डॉ राणा तेज प्रसाद सिंह, डॉ राज कुमार गुप्ता, रवि ऊंटवालिया ने वन विभाग के सचिव से अनुरोध किया है कि प्रवेश टिकट से लाखों लाख रुपए की आमदनी के बावजूद भी नगर उद्यान का समुचित रख रखाव नहीं हो रहा है।

बुद्धिजीवी मो. शम्स शाहनवाज, नरेंद्र गुप्ता, ऊषा शर्मा, डॉ. आदिश खान, अधिवक्ता सेराज अहमद, दिलीप डालमिया आदि ने प्रशासन से आग्रह किया है कि मोर्निंग वॉक करने वाले बुजुर्गो का प्रवेश शुल्क माफ किया जाए। पार्क परिसर में स्वच्छ पेयजल, सफाई, सुरक्षाकर्मी एवं विधि व्यवस्था के लिए पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था की जाए। महिलाओं की सुरक्षा हेतु पार्क परिसर में सादे लिबास में महिला सुरक्षाकर्मी को तैनात किया जाए।

### बैरगनिया निवासी गुड्डू सिंह की पंजाब में हार्ट अटैक से मौत, पैतृक गांव में शोक

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** प्रखंड के नन्दवारा पंचायत वार्ड संख्या-04 निवासी स्वर्गीय हरदेव सिंह के पुत्र गुड्डू सिंह की पंजाब में हार्ट अटैक से मौत हो गई। गुड्डू सिंह धान रोपाई के कार्य के लिए पंजाब राज्य के बरनाला जिले में मजदूरी करने गए थे। साथ में काम कर रहे मजदूरों के अनुसार गुरुवार की रात खाना खाने के बाद सभी लोग सोने चले गए। मध्य रात्रि में गुड्डू सिंह अचानक उठे और कुछ ही क्षण बाद जमीन पर गिर पड़े। उनके साथियों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। गुड्डू सिंह की आकस्मिक मृत्यु की खबर मिलते ही उनके पैतृक गांव नन्दवारा में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे पत्नी सीमा देवी, पुत्री रागनी कुमारी-16, पुत्र राजन कुमार- 12 , पुत्री ऋद्धि-8 एवं पुत्री रिहा-4 सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## सीतामढ़ी में मीडिया संवाद आयोजित

# मोदी जी के नेतृत्व में बदला भारत का विकास परिदृश्य : जीवेश कुमार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को सीतामढ़ी सर्किट हाउस में मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जाले विधायक एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री जीवेश कुमार ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने सेवा, सुशासन और स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करने वाला बताया।

स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना, मेडिकल कॉलेजों के विस्तार तथा एआईआईएमएस दरभंगा और होमी भाभा कैंसर अस्पताल जैसी परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए



सीतामढ़ी में आयोजित मीडिया संवाद को सम्बोधित करते पूर्व मंत्री जीवेश कुमार व उपस्थित भाजपा के अन्य नेता।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत हुई हैं। उन्होंने बिहार में सड़कों, पुलों, रेलवे, हवाई अड्डों और मेट्रो परियोजनाओं के विस्तार को भी विकास का महत्वपूर्ण आधार बताया।

जीवेश कुमार ने कहा कि डिजिटल भुगतान, यूपीआई, 5जी तकनीक और पारदर्शी शासन व्यवस्था के कारण भारत वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भर भारत अभियान और बढ़ती आर्थिक शक्ति का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की गई। अंत में उपस्थित नेताओं, कार्यकताओं और समर्थकों ने विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प दोहराया।

## नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर मुजफ्फरपुर में भाजपा नेताओं ने किया मीडिया संवाद

# सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने गिनायी उपलब्धियां

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर शनिवार को मुजफ्फरपुर में मारीपुर स्थित होटल सिमना इंटरनेशनल के सभागार में जिला भाजपा मुजफ्फरपुर पूर्वी के द्वारा मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं बेतिया सांसद डॉ. संजय जायसवाल, जिलाध्यक्ष विवेक कुमार, जिला प्रभारी रमेश श्रीवास्तव तथा जिला महामंत्री मनोज तिवारी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि वर्ष 2014 से 2026 तक का कालखंड विकास, सुशासन, जनकल्याण और राष्ट्रीय गौरव को समर्पित रहा है।


सांसद डॉ. संजय जायसवाल का स्वागत करते भाजपा



कार्यक्रम को सम्बोधित करते भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं

उन्होंने बताया कि लगातार तीसरी बार जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताया है। सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा और मध्यम वर्ग के कल्याण को प्राथमिकता दी है।

उन्होंने कहा कि जन-धन योजना के तहत करोड़ों बैंक खाते खोले गए, आयुष्मान भारत से करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली और 81 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया गया। पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम किसान सम्मान निधि, मुद्रा योजना तथा पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं को सामाजिक बदलाव का आधार बताया गया। विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्गों, ग्रामीण सड़कों, रेलवे विद्युतीकरण, मेट्रो नेटवर्क और हवाई अड्डों के विस्तार में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। भारतनेट और सौभाग्य योजना के माध्यम से डिजिटल और बिजली कनेक्टिविटी को गांव-गांव तक पहुंचाया गया है।

नए संसद भवन, कर्तव्य पथ, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, पंचतीर्थ और हर घर तिरंगा जैसे अभियानों को सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय अस्मिता को मजबूत करने वाला कदम बताया। साथ ही जी-20 की सफल अध्यक्षता, वैक्सीन मैत्री और बढ़ते विदेशी निवेश को भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रमाण बताया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक झा, सुरेश कुमार, फेकु राम, अरविंद कुमार, राशी खत्री, इंदिरा सिंह, महामंत्री रविशंकर कुशवाहा, मंत्री पारितोष सिंह, लालबाबू सहनी, डॉ. साकेत शुभम ठाकुर, प्रवक्ता जुनैद खान, अशोक मुखिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, हर घर जल और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार के लाखों किसान इनसे लाभान्वित हुए हैं।

महिलाओं के सशक्तिकरण पर बोलते हुए उन्होंने उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, स्वयं सहायता समूहों और ह्यलखपति दीदीह्व अभियान को महत्वपूर्ण बताया। वहीं युवाओं के लिए

## सम्पादकीय

# अस्तित्व के संकट से जूझ रही तृणमूल कांग्रेस में अपनों की होगी परख

पश्चिम बंगाल के हालिया राजनीतिक घटनाक्रम और चुनावी हार ने राज्य की राजनीति में एक ऐसा भूचाल ला दिया है, जिसकी गूंज राष्ट्रीय स्तर पर भी सुनी जा रही है। सत्ता के शिखर पर एक दशक से अधिक समय तक एकछत्र राज करने वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) आज अपने सबसे कठिन और अनिश्चित दौर से गुजर रही है। चुनाव में मिली करारी हार ने न केवल पार्टी के अजेय होने के मिथक को तोड़ा है, बल्कि इसके भीतर एक ऐसी राजनीतिक भगदड़ मचा दी है, जिसने संगठन के अस्तित्व पर ही गंभीर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। हार के तुरंत बाद वरिष्ठ नेताओं, विधायकों और जमीनी कार्यकर्ताओं का पार्टी छोड़ने का सिलसिला किसी सामान्य चुनावी प्रतिक्रिया से कहीं अधिक गहरा संकट है। यह उस संगठनात्मक ढांचे के चरमराने का संकेत है, जिसे सत्ता की गोंद ने अब तक जोड़े रखा था।

इस टूट और भगदड़ की वजहों का निष्पक्ष विश्लेषण किया जाए, तो इसके तार केवल चुनावी हार से नहीं, बल्कि पार्टी की आतंरिक कार्यप्रणाली, वैचारिक शून्यता और सत्ता के बदलते चरित्र से जुड़े हुए नजर आते हैं। सबसे बड़ा कारण राजनीतिक अवसरवाद और सत्ता का अति-केंद्रीकरण है। किसी भी क्षेत्रीय दल की तरह तृणमूल कांग्रेस का भी तेजी से विस्तार बहुत हद तक सत्ता की मलाई, प्रशासनिक प्रभाव और राजनीतिक संरक्षण पर आधारित रहा है। जब तक पार्टी मजबूती से सत्ता में काबिज थी, सभी विरोधी गुट और महत्वाकांक्षी नेता अपने स्वार्थो के लिए एकजुट रहे। लेकिन जैसे ही सत्ता हाथ से फिसली और भविष्य अंधकारमय नजर आने लगा, यह कृत्रिम और अवसरवादी एकता ताश के पत्तों की तरह ढह गई। वैचारिक प्रतिबद्धता के अभाव में नेताओं ने डूबते जहाज को छोड़ना ही अपना सबसे सुरक्षित विकल्प माना।

भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप और प्रशासन में स्थानीय नेताओं की मनमानी ने भी इस पतन की पटकथा लिखने में अहम भूमिका निभाई है। पिछले कुछ वर्षो में शिक्षक भर्ती घोटाला, राशन वितरण अनियमितताएं और कोयला एवं पशु तस्करी जैसे मामलों ने जनता के बीच पार्टी की मां, माटी, मानुष वाली छवि को गंभीर रूप से दागदार किया है। इन मामलों में कई कद्दावर नेताओं की संलिप्तता और उनका जेल जाना न केवल जनता के मोहभंग का कारण बना, बल्कि पार्टी के आम और ईमानदार कार्यकर्ताओं के मनोबल को भी तोड़ गया। सत्ता जाने के बाद अब कई नेता केंद्रीय जांच एजेंसियों के डर और अपने राजनीतिक भविष्य को सुरक्षित करने की होड़ में अन्य दलों में सुरक्षित ठिकानों की तलाश कर रहे हैं।

इसके अलावा, पार्टी के भीतर पुराने बनाम नए का संघर्ष भी इस वर्तमान बिखराव का एक अत्यंत महत्वपूर्ण कारण है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के समर्थकों के बीच की शीत युद्ध जैसी गुटबाजी अब हार के बाद एक खुले विद्रोह में तब्दील हो गई है। पुरानी पीढ़ी के कई दिग्गज नेता नई टीम की कारपोरेट शैली वाली कार्यप्रणाली और फैसलों से खुद को हाशिए पर महसूस कर रहे थे। जब तक चुनावी जीत मिल रही थी, यह असंतोष किसी तरह दबा रहा, लेकिन हार की जिम्मेदारी तय करने के दौर में यह गुटबाजी एक ज्वालामुखी की तरह फट पड़ी है।

विचारधारा के बजाय व्यक्ति-केंद्रित राजनीति का यह सबसे बड़ा नुकसान होता है कि जब शीर्ष नेता का करिश्मा ढलान पर होता है, तो संगठन को एक रखने वाली कोई दूसरी शक्ति नहीं बचती। इस मौजूदा हालात में तृणमूल कांग्रेस के भविष्य को लेकर अनिश्चितता के बादल बेहद गहरे हो गए हैं। किसी भी क्षेत्रीय दल के लिए लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहना और अपने काडर को साधे रखना एक विशाल चुनौती होती है। टीएमसी जैसी पार्टी, जिसका पूरा पारिस्थितिकी तंत्र सत्ता के इर्द-गिर्द बुना गया था, उसके लिए यह एक जीवन-मरण का प्रश्न है। सबसे बड़ा खतरा पार्टी के निचले कैडर और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं का टूटना है। पश्चिम बंगाल की राजनीति हमेशा से कैडर-आधारित रही है। अगर कार्यकर्ता सत्ताधारी या अन्य विपक्षी दलों की ओर पलायन कर गए, तो टीएमसी के लिए सड़कों पर उतरकर एक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाना भी लगभग असंभव हो जाएगा। इतिहास गवाह है कि बंगाल में जब कोई पार्टी सत्ता से बाहर होती है, तो उसके आधार को खिसकने में ज्यादा समय नहीं लगता, जैसा कि कभी वामपंथियों के साथ हुआ था।

# भारत का जनसांख्यिकीय परिवर्तन : भविष्य की दिशा



आशुतोष त्रिपाठी

भारत लंबे समय तक जनसंख्या वृद्धि की चुनौती से जूझने वाले देशों में गिना जाता रहा है। स्वतंत्रता के बाद से लेकर इक्कीसवीं सदी के प्रारंभ तक बढ़ती जनसंख्या को गरीबी, बेरोजगारी, संसाधनों पर दबाव और विकास की बाधाओं से जोड़कर देखा जाता था। किंतु हाल के वर्षो में भारत की जनसांख्यिकीय स्थिति में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिला है। सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम 2024 की रिपोर्ट के अनुसार भारत की कुल प्रजनन दर घटकर 1.9 रह गई है, जो प्रतिस्थापन स्तर 2.1 से भी कम है। इसका अर्थ यह है कि देश में जन्म लेने वाले बच्चों की संख्या अब इतनी नहीं रह गई है कि प्रत्येक पीढ़ी स्वयं को समान आकार में प्रतिस्थापित कर सके। यह स्थिति उन पारंपरिक धारणाओं को चुनौती देती है जिनके अनुसार भारत को भविष्य में भी लगातार बढ़ती जनसंख्या की समस्या का सामना करना पड़ेगा। रिपोर्ट यह भी संकेत देती है कि भारत की जनसंख्या लगभग 2040 के आसपास 160 करोड़ के स्तर पर पहुँचकर स्थिर हो सकती है, जबकि 2011 की जनगणना पर आधारित पुराने अनुमानों में यह संख्या 2060 के दशक में लगभग 173 करोड़ तक पहुँचने की संभावना व्यक्त की गई थी। इस प्रकार भारत जनसंख्या विस्फोट की चिंता से आगे बढ़कर जनसंख्या स्थिरीकरण और भविष्य में संभावित वृद्धावस्था समाज की दिशा में बढ़ रहा है।

इस परिवर्तन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि घटती प्रजनन दर केवल दक्षिण भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में यह प्रवृत्ति दिखाई दे रही है। लंबे समय से यह धारणा प्रचलित रही है कि दक्षिण भारतीय राज्यों में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण प्रजनन दर कम है, जबकि उत्तर भारत में यह अपेक्षात अधिक बनी हुई है। किंतु आँकड़े इस धारणा को पूरी तरह बदल देते हैं। दिल्ली में कुल प्रजनन दर 1.2 दर्ज की गई है, जो देश में सबसे कम स्तरों में से एक है। पश्चिम बंगाल में यह 1.4, पंजाब में 1.5, हिमाचल प्रदेश में 1.5 तथा जम्मू-कश्मीर में भी लगभग 1.5 है।

दक्षिण भारत के राज्यों में तमिलनाडु की प्रजनन दर 1.3, केरल की 1.4, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की 1.5 तथा तेलंगाना की 1.8 है। दूसरी ओर बिहार में 3.0, मेघालय में 2.9, उत्तर प्रदेश में 2.7 और झारखंड में 2.3 की प्रजनन दर दर्ज की गई है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। फिर भी इन राज्यों में भी पूर्व की तुलना में उल्लेखनीय गिरावट देखने को मिल रही है। इससे स्पष्ट है कि भारत का लगभग पूरा समाज जनसांख्यिकीय संक्रमण की प्रक्रिया से गुजर रहा है और क्षेत्रीय अंतर धीरे-धीरे कम हो रहे हैं। यह परिवर्तन केवल जनसंख्या के आकार को नहीं, बल्कि देश की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक संरचना को भी प्रभावित करेगा।

भारत में प्रजनन दर में गिरावट के पीछे कई सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक कारक कार्य कर रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण कारण महिलाओं की शिक्षा में वृद्धि है। शिक्षित महिलाएँ विवाह, मातृत्व और परिवार नियोजन संबंधी निर्णय अधिक जागरूकता और स्वतंत्रता के साथ लेती हैं। वे कम बच्चों को जन्म देकर उनकी बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना पसंद करती हैं।

इसके अतिरिक्त महिलाओं की रोजगार में बढ़ती भागीदारी ने भी परिवार के आकार को प्रभावित किया है। आज महिलाएँ केवल घरेलू जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि विभिन्न पेशेवर क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसके कारण विवाह और मातृत्व की औसत आयु बढ़ी है तथा बच्चों की संख्या में कमी आई है। शहरीकरण भी इस परिवर्तन का एक प्रमुख कारण है। शहरों में आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन-यापन की लागत अधिक होने के कारण परिवार छोटे आकार को प्राथमिकता देने लगे हैं। परिवार नियोजन साधनों की बढ़ती उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, बाल मृत्यु दर में कमी तथा बदलती सामाजिक सोच ने भी प्रजनन व्यवहार को प्रभावित किया है। पहले जहाँ अधिक बच्चों को आर्थिक सुरक्षा और सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जाता था, वहीं आज गुणवत्ता-आधारित जीवनशैली और मानव पूँजी के विकास पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है।

घटती प्रजनन दर का भारत की अर्थव्यवस्था और विकास पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। वर्तमान समय में भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी वाले देशों में से एक है। बड़ी संख्या में कार्यशील आयु वर्ग की जनसंख्या देश को जनसांख्यिकीय लाभांश प्रदान करती है।

जनसांख्यिकीय लाभांश वह स्थिति होती है जब कार्य करने योग्य आयु वर्ग की आबादी आश्रित आबादी की तुलना में अधिक होती है, जिससे उत्पादन, बचत और निवेश की संभावनाएँ बढ़



जाती हैं। यदि इस युवा आबादी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएँ, तो भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में अग्रणी भूमिका निभा सकता है।

विश्व बैंक और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थानों ने भी इस बात पर बल दिया है कि भारत की युवा आबादी उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। हालांकि यह लाभांश स्वतः आर्थिक विकास में परिवर्तित नहीं होता। इसके लिए सरकार को रोजगार सृजन, उद्यमिता प्रोत्साहन, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास पर विशेष ध्यान देना होगा। यदि युवाओं को पर्याप्त अवसर नहीं मिले, तो यही जनसंख्या बेरोजगारी, असंतोष और सामाजिक चुनौतियों का कारण बन सकती है। इसलिए भारत के लिए यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि वर्तमान में उपलब्ध जनसांख्यिकीय अवसर हमेशा के लिए नहीं रहेगा।

प्रजनन दर में गिरावट के अनेक सकारात्मक परिणाम भी सामने आ सकते हैं। सबसे पहले, छोटे परिवारों के कारण प्रत्येक बच्चे की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण पर अधिक निवेश संभव हो पाता है। इससे मानव संसाधन की गुणवत्ता में सुधार होता है और दीर्घकाल में उत्पादकता बढ़ती है।

दूसरा, महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बनने का अवसर मिलता है। कम बच्चों की जिम्मेदारी के कारण वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकती हैं और रोजगार में अधिक सक्रिय भागीदारी निभा सकती हैं।

तीसरा, प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव कम हो सकता है। भारत जैसे विशाल लेकिन संसाधन-सीमित देश में भूमि, जल, ऊर्जा और पर्यावरण पर बढ़ता दबाव एक बड़ी चुनौती है। नियंत्रित जनसंख्या वृद्धि से इन संसाधनों का अधिक टिकाऊउपयोग संभव हो सकता है।

चौथा, सरकार के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा जैसी सेवाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करना आसान हो जाता है। जनसंख्या वृद्धि की धीमी गति सार्वजनिक निवेश की गुणवत्ता में सुधार ला सकती है। इस प्रकार कम प्रजनन दर केवल जनसंख्या नियंत्रण का संकेत नहीं है, बल्कि यह बेहतर मानव विकास और जीवन गुणवत्ता की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

हालाँकि घटती प्रजनन दर के साथ कुछ गंभीर चुनौतियाँ भी जुड़ी हुई हैं। सबसे महत्वपूर्ण चुनौती वृद्ध होती आबादी है। जब जन्म दर लगातार कम होती है और जीवन प्रत्याशा बढ़ती है, तब समाज में बुजुर्गो का अनुपात बढ़ने लगता है। वर्तमान में भारत अपेक्षात युवा देश है, किंतु यदि वर्तमान प्रवृत्ति जारी रहती है तो 2050 और विशेष रूप से 2100 तक देश की आयु संरचना में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं, पेंशन योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा पर भारी दबाव पड़ेगा। जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी और इटली जैसे देशों ने अत्यंत निम्न प्रजनन दर के कारण श्रमशक्ति की कमी और वृद्धजन देखभाल की गंभीर समस्याओं का सामना किया है। भारत को इन देशों के अनुभवों से सीख लेकर पहले से तैयारी करनी होगी। इसके अतिरिक्त कम जन्म दर के कारण भविष्य में कार्यशील आयु वर्ग की आबादी घट सकती है, जिससे आर्थिक उत्पादन और विकास की गति प्रभावित हो सकती है। इसलिए केवल वर्तमान लाभांश पर ध्यान केंद्रित करना पर्याप्त नहीं होगाय भविष्य की चुनौतियों को भी ध्यान में रखना आवश्यक है।

भारत की बदलती जनसांख्यिकीय स्थिति नीति-निर्माताओं के लिए एक स्पष्ट संदेश देती है कि अब जनसंख्या संबंधी बहस को केवल जनसंख्या नियंत्रण तक सीमित नहीं रखा जा सकता। आज आवश्यकता इस बात की है कि जनसंख्या की गुणवत्ता, कौशल और उत्पादकता पर अधिक ध्यान दिया जाए। सरकार को शिक्षा और कौशल विकास में निवेश बढ़ाना चाहिए, विशेषकर युवाओं और महिलाओं के लिए। रोजगार सृजन को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना होगा ताकि बढ़ती युवा आबादी को उत्पादक कार्य मिल सके। महिलाओं की कार्यबल भागीदारी बढ़ाने के लिए सुरक्षित और अनुकूल कार्य वातावरण उपलब्ध कराना भी आवश्यक है। साथ ही, वृद्धजन आबादी को ध्यान में रखते हुए मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली, पेंशन योजनाएँ और सामाजिक सुरक्षा तंत्र विकसित करना होगा। विभिन्न राज्यों की जनसांख्यिकीय परिस्थितियाँ अलग-अलग हैं, इसलिए क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप नीतियाँ भी बनाई जानी चाहिए। बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में मानव विकास और शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा, जबकि निम्न प्रजनन दर वाले राज्यों में वृद्धजन कल्याण और श्रमशक्ति प्रबंधन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# बाल श्रम केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक, नैतिक और मानवीय चुनौती भी

### बच्चों का स्थान कारखानों, खदानों और होटलों में नहीं, बल्कि विद्यालयों, खेल के मैदानों और सुरक्षित पारिवारिक वातावरण में होना चाहिए

**हर बच्चे** की आंखों में सपने होते हैं। कोई डाक्टर बनना चाहता है, कोई शिक्षक, कोई वैज्ञानिक तो कोई खिलाड़ी। बचपन जीवन का वह सुनहरा काल है जिसमें खेल, शिक्षा, संस्कार और सपनों की उड़ान होनी चाहिए। लेकिन दुनिया के करोड़ों बच्चों के लिए यह बचपन आज भी संघर्ष, अभाव और मजदूरी के बोझ तले दबा हुआ है। जब किसी बच्चे के हाथ में किताबों की जगह ईंट, हथौड़ा, चाय की केतली, कूड़ा बीनने की थैली या कारखाने का औजार आ जाता है, तब केवल एक बच्चे का बचपन नहीं छिनता, बल्कि मानवता भी कहीं न कहीं हार जाती है।

इसी गंभीर समस्या के प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम विरोधी दिवस मनाया जाता है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि बच्चों का स्थान कारखानों, खदानों और होटलों में नहीं, बल्कि विद्यालयों, खेल के मैदानों और सुरक्षित पारिवारिक वातावरण में होना चाहिए।

बाल श्रम केवल आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, नैतिक और मानवीय चुनौती भी है। अधिकांश बच्चे अपनी इच्छा से मजदूरी नहीं करते, बल्कि परिस्थितियां उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर कर देती हैं।

गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, सामाजिक असमानता, पारिवारिक संकट और जागरूकता की कमी इसके प्रमुख कारण हैं। जब परिवार दो वक्त की रोटी जुटाने के लिए संघर्ष कर रहा होता है, तब कई बार बच्चों को भी कमाई का साधन बना दिया जाता है। माता-पिता की मजबूरी समझी जा सकती है, लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि बाल श्रम किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। यह बच्चों को शिक्षा से दूर कर उनके भविष्य के अवसरों को सीमित कर देता है और गरीबी के दुष्चक्र को पीढ़ी दर पीढ़ी जारी रखता है।

बाल श्रम का अर्थ केवल किसी बच्चे से काम करवाना नहीं है। इसका अर्थ है उसके सपनों का दम घुटना, उसकी शिक्षा का रुक जाना, उसके स्वास्थ्य का प्रभावित होना और उसके व्यक्तित्व के विकास का बाधित हो जाना।जो बच्चा विद्यालय में होना चाहिए, वह यदि दिनभर कठिन श्रम करता है तो उसका शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित होता है।

कई बच्चे खतरनाक परिस्थितियों में काम करते हैं, जहां दुर्घटनाओं, बीमारियों और शोषण का खतरा बना रहता है। इससे उनका वर्तमान ही नहीं, पूरा भविष्य प्रभावित होता है।

यदि बाल श्रम को समाप्त करना है तो शिक्षा को हर बच्चे तक पहुंचाना होगा। शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति है। एक शिक्षित बच्चा अपने अधिकारों को समझता है, आत्मनिर्भर बनता है और समाज के विकास में योगदान देता है। जब कोई बच्चा विद्यालय जाता है, तब केवल उसका जीवन नहीं बदलता, बल्कि उसका परिवार, उसका गांव और पूरा समाज आगे बढ़ता है। इसलिए यह आवश्यक है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा उपलब्ध हो। सरकार, समाज और अभिभावकों को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित न रहे।



प्रमोद कुमार सिंह।

भारत में बाल श्रम को रोकने के लिए विभिन्न कानून बनाए गए हैं। बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए अनेक योजनाएं और कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। इसके बावजूद चुनौती पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। इसका सबसे बड़ा कारण सामाजिक जागरूकता की कमी और कई बार कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में आने वाली बाधाएं हैं।

जब तक समाज स्वयं इस समस्या को गंभीरता से नहीं लेगा, तब तक केवल कानूनों के सहारे इसे पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता। यदि कोई व्यक्ति किसी बच्चे से मजदूरी करवाता है या बाल श्रम को बढ़ावा देता है, तो वह केवल कानून का उल्लंघन नहीं करता, बल्कि एक बच्चे के भविष्य से भी खिलवाड़ करता है।

बाल श्रम के विरुद्ध लड़ाई केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। इसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। यदि हम किसी होटल, दुकान, फैक्ट्री या अन्य स्थान पर किसी बच्चे को मजदूरी करते देखें, तो हमें संवेदनशीलता के साथ संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी देनी चाहिए।

हमें यह भी समझना होगा कि किसी बच्चे से सस्ता श्रम लेना कोई उपलब्धि नहीं, बल्कि सामाजिक विफलता का प्रतीक है। समाज तब मजबूत होगा जब उसके बच्चे शिक्षित, सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में विकसित होंगे।

### बच्चों के सपनों को पंख दीजिए

हर बच्चे को सपने देखने और उन्हें पूरा करने का अधिकार है। कोई भी बच्चा गरीबी में जन्म लेने के कारण अपने अधिकारों से वंचित नहीं होना चाहिए। यदि हम सचमुच विकसित और संवेदनशील समाज बनाना चाहते हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर बच्चा विद्यालय पहुंचे, हर बच्चे को पोषण मिले और हर बच्चे को सुरक्षित बचपन प्राप्त हो।

बचपन किसी राष्ट्र की सबसे मूल्यवान पूंजी होता है। जिन देशों ने अपने बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता दी है, वे आज विकास की नई उंचाइयों पर पहुंच चुके हैं। इसलिए बच्चों में किया गया निवेश वास्तव में राष्ट्र के भविष्य में किया गया निवेश है।

विश्व बाल श्रम विरोधी दिवस केवल एक औपचारिक अवसर नहीं, बल्कि आत्ममंथन का दिन है। यह दिन हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम अपने बच्चों को वह बचपन दे पा रहे हैं जिसके वे हकदार हैं। हमें संकल्प लेना होगा कि किसी भी बच्चे का बचपन मजदूरी की भेंट नहीं चढ़ने देंगे।

जब हर बच्चे के हाथ में किताब होगी, जब हर चेहरे पर मुस्कान होगी, जब हर आंगन में सपने खिलेंगे और जब कोई बच्चा मजबूरी में मजदूरी नहीं करेगा, तभी विश्व बाल श्रम विरोधी दिवस का वास्तविक उद्देश्य पूरा होगा।

आइए, हम सब मिलकर एक ऐसा समाज बनाने का संकल्प लें जहां बच्चों के हाथों में औजार नहीं, कलम होय जहां उनके कंधों पर बोझ नहीं, सपने होंय और जहां उनका बचपन सुरक्षित, शिक्षित और सम्मानपूर्ण हो। क्योंकि बच्चे केवल आज की खुशी नहीं, बल्कि कल की सबसे बड़ी आशा हैं।

# सैमसंग ने फुटबाल प्रशंसकों के लिए शुरू किया बिग गेम, बिगर स्क्रीन, बिगेस्ट मोमेंट्स कैम्पेन

**सैमसंग इंडिया** ने फुटबाल प्रेमियों के लिए अपने विजन एआई बिग टीवी पर विशेष ऑफर्स की घोषणा की है। बिग गेम, बिगर स्क्रीन, बिगेस्ट मोमेंट्स नामक इस कैम्पेन के तहत कंपनी ग्राहकों को घर बैठे टीवी पर मैच देखने का रोमांचक अनुभव देती है, जो उन्हें स्टेडियम जैसा रोमांच महसूस कराता है।

सैमसंग की 2026 विजन एआई टीवी सीरीज में मौजूद एआई सॉकर मोड फुटबाल मैच के हर पल को और रोमांचक बना देता है। यह रिकार्ड-टाइम में दृश्यों का विश्लेषण कर गेंद की तेज रफ्तार को अधिक स्पष्टता से दिखाता है, रंगों को और निखारता है और ऐसा साउंड अनुभव देता है, जिससे आप स्टेडियम में बैठकर मैच का आनंद ले रहे हों।

विजन एआई कंपैनियन (वीएसी) सैमसंग टीवी में एआई प्लेटफार्म्स जैसे बिक्सबी, परप्लेक्सिटी और माइक्रोसाफ्ट कोपायलट को एकीकृत करता है, जो एआई अपस्केलिंग प्रो के साथ कम रिजल्यूशन वाले कंटेंट को बेहतर विवरण, गहराई और कंट्रास्ट के साथ पेश करता है। कलर बूस्टर प्रो रंगों को अधिक जीवंत और वास्तविकता के करीब बनाता है, जबकि एआई साउंड




कंट्रोलर कमेंट्री, संगीत और दर्शकों के शोर को संतुलित कर अविस्मरणीय साउंड अनुभव देता है।

इन खास ऑफर्स के तहत ग्राहक खरीदे गए मॉडल के आधार पर 92,990 रुपये तक का साउंडबार या 2,14,990 रुपये तक का टीवी मुफ्त पा सकते हैं। इतना ही नहीं, खरीदारी को और आसान बनाने के लिए सैमसंग 20 प्रतिशत तक कैशबैक, शून्य डाउन पेमेंट और 30 महीने तक की आसान ईएमआई की सुविधा भी दे रहा है।

75 इंच और उससे बड़े आकार में उपलब्ध सैमसंग के विजन एआई बिग टीवी सिर्फ बड़ी स्क्रीन का अनुभव नहीं देते, बल्कि मनोरंजन की ऐसी दुनिया पेश करते हैं जो आने वाले समय की जरूरतों के लिए भी तैयार है। इनमें सैमसंग टीवी प्लस, सैमसंग केयर, सैमसंग फाइनेंस, साउंड प्लस और आर्ट प्लस जैसी सुविधाएं मिलती हैं। साथ ही, ग्राहकों को 7 वर्षो तक ऑपरेटिंग सिस्टम अपग्रेड की सुविधा भी मिलती है। ग्राहक सैमसंग इंडिया के रिटेल स्टोर्स और ऑनलाइन प्लेटफार्म्स पर विजन एआई बिग टीवी की पूरी रेंज देख सकते हैं और इन विशेष ऑफर्स का फायदा उठा सकते हैं।

## प्रवचन

# कर्म और व्यवहार को प्रभु से जोड़ना ही परमधर्म : जीयर स्वामी

**माया से बचने के लिए माया पति से संबंध बनाएं**

**भक्ति मार्ग में भटकाव की संभावनायें क्षीण**

माया से बचने के लिए माया पति से संबंध जोड़े। माया पति के चरित्रों का श्रवण, लीला का गुणगाण और नाम का कीर्त्तन से माया का प्रभाव नहीं होता। माया को न जलाया जा सकता और न मारा जा सकता। लेकिन मायापति की भक्ति, माया से मुक्ति दिलाती है। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री स्वामी जी ने कहा कि माया हर जगह है। लेकिन मायापति ईश्वर के सानिध्य में रहने से इसका प्रभाव नहीं होता। जिस तरह खूंखार कुत्ता भी मालिक के साथ रहने वाले को नहीं काटता, उसी तरह भगवान की भक्ति करने वाले को माया नहीं सताती। नाविक नाव से जाल फेंककर मछलियां मारता है, लेकिन नाव के नीचे की मछलियां उसकी पकड़ से बाहर रहती हैं।

भगवान की भक्ति की चर्चा करते हुए स्वामी जी ने कहा कि भगवान के चरित्रों का गुणगान करने से हमारे अंदर की कुरीतियाँ समाप्त हो जाती हैं। ये अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं।

उन्होंने कहा कि पृथ्वी के अंदर भारी मात्रा में जल तत्व है, लेकिन प्यास बुझाने के लिए यंत्र का उपयोग कर पानी को प्रकट करना पड़ता है। उसी तरह परमात्मा की प्राप्ति के लिए भक्ति एवं प्रेम रूपी यंत्र का उपयोग करना होगा।

परमात्मा सर्वव्यापी एवं अन्तर्यामी हैं। वे केवल भक्ति एवं प्रेम से प्रकट होते हैं। सत्य मार्ग से माया व्यक्ति को भटकती हैं। लेकिन माया भक्ति की चेरी है। जहाँ भक्ति होती है, वहाँ माया का परपंच नहीं चलता है। परमात्मा भक्ति से ही प्रसन्न होते हैं। इसलिए माया भक्ति से बहुत डरती है। जहाँ भक्ति होती है, वहाँ माया जाने में सकुचाती हैं, क्योंकि वहाँ इसकी जादुई चाल सफल नहीं होती। भक्ति के मार्ग पर चलने वाला कभी भटकता नहीं चना का बीज पेड़ पर टांग दे तो उसमें अंकुर नहीं आता, लेकिन जैसे ही वह भूमि और नमी के संपर्क में आयेगा तो वह अंकुरित हो जायेगा। भूना हुआ चना भूमि और नमी के संपर्क में आने पर भी अंकुरित नहीं होता।

भगवान की कथा और कीर्तन रूपी कड़ाही में मनुष्य के भूने जाने के बाद माया रूपी अंकुर पनपता नहीं। श्री स्वामी जी ने कहा कि व्यक्ति को कभी कर्त्तापन का अहं नहीं पालना चाहिए। कर्त्ता बने, लेकिन उसका एकाधिकारी (कर्त्तापन) नहीं। छोटा बालक अपने स्वभाव के अनुसार सर्प एवं अग्नि आदि के पास जाता है, लेकिन माता रोक देती है। बच्चे का यह स्वभाव है, कर्त्तापन का बोध नहीं। उसी तरह परमात्मा कर्त्तापन के अभाव वाले भक्तों को बचा लेते हैं। राजा भरत राज-पाठ छोड़ जंगल में चले गये। वहाँ मृग के एक शावक में इस भाव से आसक्त होकर पालनकर्ता बन गये कि मेरे सिवा इसका दुनिया में कोई नहीं। मृत्यु के बाद राजा भरत आशक्ति एवं कर्त्तापन के कारण मृग में जन्म लिए।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

उन्होंने धर्म एवं परमधर्म की चर्चा करते हुए कहा कि धर्म अपने जीवन के व्यवहार से करना है। अपने कर्म एवं व्यवहारों से परमात्मा को जोड़ना ही परमधर्म है। सामान्य जीवन में भी देखा जाता है, कि जो व्यक्ति बार-बार किसी कार्य का कर्ता बनकर अहं भाव से बात करता है, समाज के लोग उसकी उपेक्षा करने लगते हैं।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट डिजिटल डेली न्यूज पेपर दैनिक नवसंदेश स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### टेंपो पर लदे विदेशी शराब के साथ चालक गिरफ्तार, गया जेल

**मोतिहारी।** उत्पाद टीम ने गुप्त सूचना पर राजेपुर थाना क्षेत्र के मौलापुर गांव में छापेमारी कर एक टेम्पो पर लदे चार कार्टून विदेशी शराब के साथ टेम्पो चालक रामनाथ राय को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त जानकारी सहायक आयुक्त मद्य निषेध नीरज कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि उक्त गांव में एक टेम्पो पर भारी मात्रा में विदेशी शराब रखकर किसी खुदरा विक्रेता को आपूर्ति करने जाने वाला है। इसपर इंस्पेक्टर सह सदर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर कार्रवाई की गयी। जहां यह सफलता हाथ लगी। छापेमारी में इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष श्री कुमार के अलावे अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

### सैनिकों और उनके परिजनों को दी गई विधिक सहायता योजना की जानकारी

**मोतिहारी।** जिला सैनिक कल्याण बोर्ड परिसर, मोतिहारी में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), पूर्वी चंपारण द्वारा ष्नालसा वीर परिवार सहायता योजनाष के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष केशव शर्मा ने की।कार्यक्रम में डीएलएसए के सचिव नितिन त्रिपाठी ने वीर सैनिकों एवं उनके आश्रितों के लिए संचालित योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने योजना के उद्देश्य, लाभ एवं पात्रता संबंधी प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में 50 से अधिक भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिकों तथा उनके परिजनों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों की समस्याएं एवं शिकायतें भी सुनी गईं। डीएलएसए सचिव ने आश्वासन दिया कि प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निष्पादन विधिक सहायता क्लिनिक एवं डीएलएसए के माध्यम से किया जाएगा।इस अवसर पर डिप्टी एलएडीसी राम विनय मिश्रा सहित पारा विधिक स्वयंसेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### ओबीसी छात्रावास में सफाई व बुनियादी सुविधाएं दुरुस्त करने का निर्देश

**मोतिहारी।** जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी संतोष कुमार पांडेय ने शनिवार को अंबिका नगर स्थित अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास परिसर में साफ-सफाई, प्लंबिंग कार्य, पानी टंकी की सफाई, पुस्तकालय में पंखा एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा परिसर में उगी घास की सफाई की आवश्यकता पाई गई।निरीक्षण में मिली कमियों को गंभीरता से लेते हुए छात्रावास परामर्शी को दो दिनों के भीतर सभी विसंगतियों को दूर करने का निर्देश दिया गया। साथ ही छात्रावास का नियमित निरीक्षण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को भी कहा गया। निरीक्षण के दौरान रक्सौल के अनुमंडल पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी राजीव कुमार तथा सिकरहना (ढाका) के अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य कुमार सिंह भी मौजूद थे। छात्रावास के छात्र भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# जनता के विश्वास ने बनाया भारत को आत्मनिर्भर और मजबूत राष्ट्र : राधा मोहन

**मोतिहारी(एनएसबी)।** भाजपा कार्यालय गांधी कम्प्लेक्स में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित मीडिया संवाद में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि बीते 12 वर्षो में देश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा जनता के अटूट विश्वास और सरकार के सेवा भाव की बदौलत संभव हुई है।राधा मोहन सिंह ने कहा कि वर्ष 2014, 2019 और 2024 में लगातार जनता ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताया है।



पत्रकारों को सम्बोधित करते सांसद राधामोहन सिंह, विधायक प्रमोद कुमार व अन्य

प्रधानमंत्री ने तीसरी बार शपथ लेने के बाद सबसे पहले पीएम किसान सम्मान निधि की फाइल पर हस्ताक्षर कर यह संदेश दिया कि गरीब, किसान, युवा और महिलाएं सरकार की प्राथमिकता हैं।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जनधन योजना के तहत 58 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले हैं, जबकि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है। पीएम आवास योजना से 4 करोड़ से अधिक परिवारों को पक्के मकान, उज्ज्वला योजना से 11 करोड़ महिलाओं को गैस कनेक्शन तथा जल जीवन मिशन के तहत 16 करोड़ से अधिक घरों तक नल का जल पहुंचाया गया है।षि क्षेत्र में उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को 43 लाख करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जा चुकी है। प्रधानमंत्री षि सिंचाई योजना के अंतर्गत 109 लाख हेक्टेयर भूमि को सूक्ष्म सिंचाई से जोड़ा गया है, जिससे किसानों की आय और उत्पादन में वृद्धि हुई है।उन्होंने कहा कि देश में राष्ट्रीय राजमार्गो का नेटवर्क 91 हजार किलोमीटर से बढ़कर 146 लाख किलोमीटर से अधिक हो गया है। रेलवे का 99 प्रतिशत से अधिक ब्रडगेज विद्युतीकरण पूरा हो चुका है और 164 से अधिक वंदे भारत ट्रेनें संचालित हो रही हैं। वहीं, 90 से अधिक नए हवाई अड्डों का निर्माण कर देश को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान की गई है।राधा मोहन सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने विकास के साथ-साथ सांसतिक विरासत के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया है। कर्तव्य पथ, स्टैच्यू अफ यूनिटी, नई संसद भवन और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जैसे प्रयासों ने भारत की वैश्विक पहचान को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया में समाधान देने वाले देश के रूप में उभरकर सामने आया है।

मीडिया संवाद में मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, उप महापौर ड़ लालबाबू प्रसाद, मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद एवं आईटी सेल संयोजक ऋषभ झा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के स्वर्णिम काल : राधामोहन

**तुरकौलिया(एन एस बी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्र के गायघाट स्थित एपेक्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित विशेष जनसंपर्क अभियान बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विश्वास, विकास और जनकल्याण का नया अध्याय लिखा गया है।



संबोधित करते राध मोहन सिंह।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्ग के कल्याण पर केंद्रित रही है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले 12 वर्षो में देश में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने दावा किया कि 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं तथा 81 करोड़ से अधिक नागरिकों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। सांसद ने कहा कि जनधन योजना के माध्यम से 58 करोड़ लोग पहली बार बैंकिंग व्यवस्था से जुड़े हैं, जबकि जनधन-आधार-मोबाइल (जेएएम) प्रणाली के जरिए 51 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि 4 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को पक्के मकान, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय तथा जल जीवन मिशन के माध्यम से नल का जल उपलब्ध कराया गया है। कृषि क्षेत्र का उल्लेख करते हुए श्री सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों की जरूरतों का हर चरण में ध्यान रख रही है। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों के खातों में भेजी जा चुकी है तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में ऐतिहासिक वृद्धि की गई है।उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 60 करोड़ से अधिक लोगों को पांच लाख रुपये तक की मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल रहा है। साथ ही मेडिकल शिक्षा के विस्तार और एम्स संस्थानों की संख्या में वृद्धि से स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत हुई हैं।बैठक में हरसिद्धि विधायक एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री ष्णनंदन पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# बंजरिया में डूबने से मौत के बाद आश्रितों को मिले चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि

**मोतिहारी (एनएसबी)।** बंजरिया प्रखंड में डूबने की घटनाओं में जान गंवाने वाले चार लोगों के परिजनों को सरकार की आपदा राहत योजना के तहत चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। अंचल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सीओ रोहन रंजन सिंह ने लाभुकों को सहायता राशि का चेक सौंपा। सेमरहिया निवासी उपेंद्र यादव को उनकी पुत्री लकी कुमारी की डूबने से हुई मौत के उपरांत चार लाख का सहायता राशि प्रदान की गई खैराघाट निवासी भुवन मुखिया को उनके पिता अदालत मुखिया की मृत्यु के बाद चार लाख रुपये का चेक दिया गया। अदालत मुखिया की डूबने से मृत्यु हो गई थी। वहीं सेमरा भोला टोला की कांति देवी को उनके पति योगेंद्र भगत की डूबने से हुई मौत के बाद चार लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई।इसी प्रकार जनेरवा निवासी राकेश सहनी को उनकी पुत्री सुनीता कुमारी की डूबने से हुई मृत्यु के बाद चार लाख रुपये का चेक मिला।


सहायता राशि देते अधिकारी।

इस मौके पर पंचायत समिति क्षेत्र संख्या 03 प्रतिनिधि सह युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बिट्टू यादव पंचायत समिति सदस्य सेमरा लक्ष्मण शाह तथा अंचल नाजिर मुकेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि प्रातिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को सरकार की ओर से समय पर सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिले में शीघ्र होगा आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ : जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी

#### महात्मा गांधी प्रेक्षागृह मे दिया जाएगा शास्त्रीय गायन कथक नृत्य एवं तबलावादन का निरूशुल्क प्रशिक्षण

**मोतिहारी (एनएसबी)।** कला एवं संसति विभाग, बिहार सरकार व जिला प्रशासन के संयुक्त तवावधान मे आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र का विधिवत संचालन जिले मे शीघ्र शुरु होने जा रहा है। जहाँ कला के क्षेत्र मे बड़े सपने संजोए कला - प्रतिभाओ को संगीत एवं नृत्य का निरूशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।जिला कला एवं संसति पदाधिकारी फहद सिद्दीकी ने बताया कि जून के अंतिम सप्ताह मे आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ जिले मे हो जाएगा। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार के कला एवं संसति विभाग ने राज्य के प्रत्येक जिलो मे कला - प्रतिभाओ को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र के संचालन का निर्णय लिया है। जहॉ खासकर युवा वर्ग तथा सभी उम्र के कलाकारो को उचित प्रशिक्षण के माध्यम से कला मे पारंगत किया जाएगा, जिससे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के मंचो पर खुद को स्थापित करने का उन्हें बेहतर व सुनहरा अवसर मिल सके। कला एवं संसति पदाधिकारी श्री सिद्दीकी ने बताया कि आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र का संचालन शहर के महात्मा गॉधी प्रेक्षागृह मे होगा, जिसमें फिलहाल शास्त्रीय गायन, कथक नृत्य एवं तबलावादन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरी तरह निरूशुल्क इस प्रशिक्षण के लिए नामांकन प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। श्री सिद्दीकी ने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी समाहरणालय स्थित जिला कला एवं संसति कार्यालय से नामांकन फार्म प्राप्त कर सकते है तथा इस संबंध मे विशेष जानकारी के लिए उनके कार्यालय से संपर्क भी स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थियो को कोई मासिक शुल्क देय नही होगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए छात्र- छात्राओ की उम्र सीमा 06 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। श्री सिद्दीकी ने कहा कि प्रशिक्षण केंद्र प्रत्येक मंगलवार से रविवार तक खुला रहेगा तथा इसके संचालन का समय मध्या 12 बजे से अपरा 06 बजे तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि कथक नृत्य के प्रशिक्षण के लिए छात्र- छात्राओ को नृत्य परिधान एवं घुँघरू की व्यवस्था स्वंय करनी होगी। कला एवं संसति पदाधिकारी श्री सिद्दीकी ने कहा कि कला के क्षेत्र मे उंची उड़ान के सपने देखने वाली कला - प्रतिभाओ के लिए आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र वरदान साबित होगा, जहॉ योग्य कला- गुरुओं के सानिध्य मे प्रशिक्षण प्राप्त कर वे कला के क्षेत्र मे अपने बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकेंगे।

### जिले में 62 अमीन/संविदा अमीनों का स्थानांतरण, 18 जून तक योगदान का निर्देश

**मोतिहारी (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल द्वारा कार्यालय प्रबंधन एवं प्रशासनिक दक्षता को सुढ़ करने के उद्देश्य से जिला अंतर्गत कुल 62 अमीन एवं संविदा अमीनों का स्थानांतरण विभिन्न अंचलों में किया गया है। यह स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से लागू माना जाएगा। स्थानांतरित सभी कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि वे 18 जून 2026 तक अपने समस्त प्रभार का विधिवत हस्तांतरण एवं ग्रहण पूर्ण करते हुए नव-पदस्थापित कार्यालय में अनिवार्य रूप से योगदान दे दें। निर्धारित तिथि तक योगदान न करने की स्थिति में संबंधित कर्मी को स्वतः विरमित माना जाएगा तथा नियमानुसार अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।सभी संबंधित कार्यालय प्रधानों को निर्देश दिया गया है कि वे स्थानांतरित कर्मियों को समयबद्ध ढंग से विरमित करना सुनिश्चित करें ताकि कार्यालयीन कार्य निर्बाध रूप से चलता रहे। साथ ही, स्थानांतरित कर्मियों के जुलाई 2026 माह के वेतन एवं अन्य देयकों का भुगतान उनके नव-पदस्थापन कार्यालय द्वारा किया जाएगा। इस आदेश के पूर्व निर्गत स्थानांतरित कर्मियों से संबंधित सभी प्रतिनियुक्तियाँ तत्काल प्रभाव से निरस्त मानी जाएंगी।

### पहाड़पुर में 17-18 जून को जनकल्याण का महाकुंभ एक ही छत के नीचे मिलेगा हर समस्या का समाधान

**पहाड़पुर(एनएसबी))।** सरकारी योजनाओं का लाभ अब सीधे जनता तक पहुंचाने और आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए पहाड़पुर प्रखंड प्रशासन ने बड़ी पहल की है। 17 एवं 18 जून 2026 को प्रखंड परिसर में आयोजित होने वाले सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर में सरकार और जनता के बीच की दूरी पूरी तरह खत्म होती नजर आएगी। दो दिवसीय इस विशेष शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मी एवं जनप्रतिनिधि एक ही छत के नीचे मौजूद रहेंगे, जहां लोगों की शिकायतों की सुनवाई कर उनके समाधान की दिशा में तत्काल कार्रवाई की जाएगी।यह शिविर केवल शिकायत दर्ज कराने का मंच नहीं होगा, बल्कि आम नागरिकों के लिए सरकारी योजनाओं तक सीधी पहुंच का सशक्त माध्यम बनेगा। सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, षि, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल, राजस्व, आधार कार्ड सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं एवं आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाएगा।प्रशासन का मानना है कि अक्सर जानकारी के अभाव, तकनीकी कठिनाइयों या कार्यालयों तक पहुंचने में होने वाली परेशानी के कारण जरूरतमंद लोग सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में यह शिविर उनके लिए किसी राहत शिविर से कम नहीं होगा। यहां पात्र लाभुकों की पहचान कर उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी।अधिकारियों के अनुसार शिविर में प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों पर अन-द-स्पट कार्रवाई सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा, ताकि लोगों को तत्काल राहत मिल सके। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे अधिक से अधिक लोग सरकारी सुविधाओं का लाभ उठा सकें।प्रखंड प्रशासन ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे 17 एवं 18 जून को अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचें और इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं। प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे और हर समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से हो।

### मोतिहारी में 'नालसा वीर परिवार सहायता योजना' पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मोतिहारी (एनएसबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा), पूर्वी चंपारण द्वारा शनिवार को जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, मोतिहारी परिसर में नालसा वीर परिवार सहायता योजना के तहत एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष कैप्टन केशव शर्मा ने की।कार्यक्रम में डीएएसए के सचिव नितिन त्रिपाठी, डिप्टी एलएडीसी राम विनय मिश्रा, पारा विधिक स्वयंसेवक (पीएलवी) अभिमन्यु सिंह, आलोक चंद एवं रमन मिश्रा सहित 50 से अधिक भूतपूर्व एवं वर्तमान सैनिकों तथा उनके परिवारजनों ने भाग लिया। इस अवसर पर डालसा सचिव नितिन त्रिपाठी ने नालसा वीर परिवार सहायता योजना के उद्देश्यों, लाभों एवं पात्रता की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि योजना के माध्यम से वीर सैनिकों एवं उनके आश्रितों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर न्याय प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सैनिकों एवं उनके परिजनों की समस्याओं और शिकायतों को भी सुना गया। सचिव ने आश्वासन दिया कि प्राप्त शिकायतों का समाधान विधिक सहायता क्लिनिक एवं डालसा के माध्यम से शीघ्र कराया जाएगा।अध्यक्ष कैप्टन केशव शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम सैनिकों एवं उनके परिवारों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं तथा उन्हें न्यायिक सहायता प्राप्त करने में मदद करते हैं।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

# शल्य क्रिया हेतु मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना का 100 वां बैच रवाना

**मोतिहारी (एनएसबी)।** बिहार सरकार की महत्वपूर्ण जीवनदायनी योजना मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के अंतर्गत आज बाल हृदय रोगियों का 100 वा बैच, बिहार सरकार द्वारा निशुल्क शल्य क्रिया हेतु श्री सत्य साईं अस्पताल, अहमदाबाद रवाना किआ जा रहा है।इस 100 वे बैच में जाने वाले पूर्वी चम्पारण से दो बाल हृदय रोगिओ, शिवानी कुमारी ( रक्सौल), शुभम पाल ( केसरिया) को उनके परिजनों के साथ सिविल सर्जन ड दिलीप कुमार ने आज सुबह 7 बजे, हरी झंडी दिखाकर, एम्बुलेंस द्वारा राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार पटना रवाना किआ, इन बाल हृदय रोगिओ के साथ एक चिकित्सक ड सरताज आलम, चिकित्सा पदाधिकारी, अरेराज को भी रवाना किआ गया।सिविल सर्जन ड दिलीप कुमार ने बताया की मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत पूर्वीचम्पारण से अब तक 172 बाल हृदय रोगिओ की सफलतापूर्वक सर्जरी कराई जा चुकी है।आर बी एस के डी सी ड शशि मिश्रा ने बताया की राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार पटना से, माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर 100 वे बैच में जा रहे बिहार के 32 बाल हृदय रोगिओ को पटना एयरपोर्ट हेतु रवाना किआ जायेगा, तत्पश्चात हवाई जहाज द्वारा बिहार सरकार इन बाल हृदय रोगिओ को इनके परिजनों के साथ अपने खर्चे पर श्री सत्य साईं अस्पताल अहमदाबाद भेजेगी, जहां इनकी सर्जरी, रहने, खाने का खर्चा बिहार सरकार वहन करेगी।मौके पर सिविल सर्जन ड दिलीप कुमार, आर बी एस के डी सी ड शशि मिश्रा, चिकित्सा पदाधिकारी अरेराज ड सरताज आलम, प्रमोद कुमार, जौवाद हुसैन मौजूद थे।



हरी झंडी दिखाते अतिथि।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम के आदेश पर नगर पंचायत क्षेत्र स्थित एनएच 107 के नाले पर से हटाया गया अतिक्रमण

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** डीएम दीपेश कुमार के आदेश पर शनिवार को भारी संख्या में पुलिस प्रशासन के साथ नगर पंचायत क्षेत्र स्थित एनएच 107 के नाले पर से नगर व अंचल प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान अतिक्रमण हटाने के क्रम में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार, आरओ सैयद बादशाह समैत सोनवर्षा, बसनहीं एवं काशनगर थाना पुलिस की मौजूदगी में जेसीबी से नाले पर निर्मित अवैध ढांचे को तोडकर हटाए जाने के साथ मलबों को हटाया गया। इस दौरान काफी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ लगी रही। बतातें चले की बीते 27 मई को डीएम दीपेश कुमार द्वारा सोनवर्षा दक्षिण टोला स्थित जलजमाव से जर्जर एनएच 107 का निरिक्षण किया गया था।इस दौरान उन्होंने ईओ नवीन कुमार को एनएच 107 के नाले पर से अतिक्रमण व मलवा हटाने का निर्देश दिया था। जबकि एनएच 107 के पेटी कॉंन्ट्रेक्टर को नाले के निकासी की सतह को नीचे करने का सख्त निर्देश दिया था। दरअसल एक तरफ जहां पेटी कॉंन्ट्रेक्टर द्वारा एनएच 107 के नाले के निकासी की सतह उंची रखी गई थी, वही दूसरी तरफ एनएच 107 के किनारे बसे लोगों ने नालें को अतिक्रमित कर लिया गया था। जिस वजह से नाले का सारा गंदा पानी सालों भर एनएच 107 पर ही जमा हो जाता था। जिससे एनएच 107 में बडे बडे गड्ढे बन जाता था जिससे आए दिन रोज दुर्घटना होती रहती थी। उक्त बाबत आरओ सैयद बादशाह ने कहा की 15 परिवारों द्वारा एनएच 107 के नाले को अतिक्रमित किया गया था। सभी अतिक्रमण को लगभग हटा दिया गया है।



### बैजनाथपुर में दामाद को मारी गोली, एक दिन पहले ससुराल आया युवक पर पड़ोसी ने लगाया था मोबाइल चोरी का आरोप

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के बैजनाथपुर थाना क्षेत्र में मोबाइल चोरी के आरोप में एक युवक को गोली मार दी गई। घायल युवक को लॉर्ड बुद्धा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हाँलाकि पुलिस ने एक खोखा को घटना स्थल से बरामद किया है। घायल की पहचान पतरघट थाना क्षेत्र के गोलमा पूर्वी पंचायत अंतर्गत घोघनपट्टी वार्ड नंबर 3 निवासी परमानंद यादव के 25 वर्षीय पुत्र मंजेश कुमार यादव के रूप में हुई है। मंजेश का ससुराल बैजनाथपुर थाना क्षेत्र के भगवानपुर वार्ड नंबर 05 में है। मंजेश ने बताया कि वह शुक्रवार शाम 6 बजे अपने ससुराल आया था और वहीं रुका था। शनिवार सुबह 8 बजे ससुराल में पड़ोसी सन्नी नामक युवक का मोबाइल गुम हो गया। इसे लेकर मंजेश के ससुराल पक्ष के लोगों और पड़ोसियों के बीच मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर विवाद हो रहा था। मंजेश के मुताबिक, जब वह वहां पहुंचा तो उस पर भी मोबाइल चोरी का इल्जाम लगाकर गोलीबारी शुरू कर दी गई। गोली मंजेश की दाहिने जांघ में आर-पार हो गई। घायल अवस्था में परिजनों ने उसे सहरसा के लॉर्ड बुद्धा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने बताया कि मंजेश खतरे से बाहर है। फिलहाल उसका वही इलाज चल रहा है। शनिवार दोपहर सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने घटनास्थल का मुआयना किया। एसडीपीओ ने बताया कि यह गोलीबारी आपसी विवाद का परिणाम है। गोली चलाने वाला आरोपी फिलहाल फरार है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।



### चैम्बर ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष की माता के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन एवं कोशी चैम्बर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त तत्वाधान में शंकर चैक स्थित महिला सत्संग भवन में शनिवार को एक भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा मारवाड़ी समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं समाजसेवी अर्जुन दहलान की पूज्य माताजी स्व.प्रेमेश्वरी देवी के निधन पर आयोजित की गई। मातृशक्ति के रूप में स्व.परमेश्वरी देवी जी ने अपने संस्कार, सरलता और स्नेह से न केवल अपने परिवार को, बल्कि पूरे समाज को प्रेरित किया। सभा में उपस्थित समाज के गणमान्यजनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वक्ताओं ने स्व.प्रेमेश्वरी देवी जी के जीवन, उनके संस्कारों और समाज के प्रति उनके स्नेह को याद करते हुए कहा कि ष्माँ का जाना केवल एक परिवार की क्षति नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी सादगी और ममता सदैव हमें प्रेरणा देती रहेगी। शोक सभा में निकुन तुलस्यान, विवेक विशाल, आदित्य मित्तल, रणजीत दास, नितेश दहलान चिक्कू, गोपाल दहलान, गौतम दहलान, मितेश भीमसेरिया, अमित संघाई, सुनील जालान, सुनील भीमसेरिया, विजय बाजोरिया, पंकज तुलस्यान, विष्णु दहलन, नितेश दहलन, सौरभ दहलान गुड्डू, नीरज केशरी, आलोक जैन, मोहम्मद अम्मार, सुधीर सर्राफ, कृष्ण सुरेखा, किशन सिरोहीवाल, गौरव तुलस्यान, संजय यादुका, समीर केडिया एवं संजय कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन एवं कोशी चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने शोकाकुल परिवार के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा समाज अर्जुन दहलान एवं उनके परिवार के साथ खड़ा है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे और शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। उपस्थित जनों ने स्व.प्रेमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की।



### भारतीय मजदूर संघ द्वारा सभी जिला मुख्यालय में राष्ट्रव्यापी धरना-प्रदर्शन 18 जून को

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भारतीय मजदूर संघ के आह्वाहन पर दिनांक 18 जून गुरुवार को सभी जिला मुख्यालय में आउटसोर्स कर्मचारियों की मांगों के निराकरण के संबंध में धरना, प्रदर्शन व रैली कर मांगों का ज्ञापन सौपा जायेगा।बीएमएस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार लाल एवं महामंत्री मनीष कुमार नें राष्ट्रहित,उद्योग हित एवं राष्ट्रहित में श्रमिकों के मुख्य मांग में कृषि श्रमिक, गीग व प्लेटफार्म श्रमिक, घरेलू कामगार इत्यादि श्रमिकों का समाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु शीघ्र कल्याण और सुरक्षा बोर्ड का गठन करने, विभिन्न विभागों, उद्योगो में कार्यरत ठेका,संविदा व आउटसोर्स श्रमिको के शोषण को समाप्त करने हेतु कानून में बदलाव करने एवं ठेका श्रमिक सुरक्षा, कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन करने, आँगनबाड़ी, आशा, मध्याह्न भोजन रसोइया इत्यादि कर्मियों को सरकारी कर्मचारी घोषित करते हुए 18000 वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा का लाभ देने, त्रिपक्षीय तंत्र को पुनः जीवित कर उसे प्रभावी, व्यावहारिक एवं नियंत्रित करने, बैंकों में पाँच दिवसीय कार्य प्रणाली को शुरू करने, सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन का लाभ देने,अष्टम वेतन आयोग का रिपोर्ट समय सीमा के अंदर शीघ्र अनुमोदित किया जाये और समय से इसका लाभ कर्मियों को देना सुनिश्चित करने, उत्पादकता पर आधारित बोनस की सीमा को न्यूनतम 18000 रुपये करने, डाक विभाग में कार्यरत लगभग 3 लाख ग्रामीण डाक सेवकों को सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत पेंशन की सुविधा देने, इपीएस 95 न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये करने, इएसआईसी के लाभार्थी हेतु न्यूनतम आहर्ता 42000 रुपये करने, सभी निर्माण श्रमिक को मिलने वाले लाभ को सुनिश्चित करने के लिए बीओसीडब्लू बोर्ड का गठन अविलंब करने, श्रम संसाधन विभाग के सरकारी श्रम पोर्टल को सुचारू रूप से कार्यात्मक करने, श्रम संसाधन विभाग में नए पोर्टल के बनने एवं सुचारू रूप से कार्यात्मक नहीं होने के कारण हजारों मजदूरों को मिलने वाले लाभ के आवेदन को रद्द कर दिया गया, उसे पुनः स्वीकृत कर देय

# पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना को लेकर डीएम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** शनिवार को पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार उपयोगिता के संबंध में विचार विमर्श निमित जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में स्थानीय विकास भवन में जिलांतर्गत प्रबुद्धजन के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर बताया गया की वर्तमान परिपेक्ष्य में ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं के पूर्ति के लिए अपरंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों के उपयोग हेतु जनसामान्य को प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है। प्रचलित ऊर्जा स्त्रोत प्रकृति में सीमित मात्रा में उपलब्ध है, साथ ही दीर्घकाल में वातावरण के लिए खतरनाक भी है, अतः भावी पीढ़ी के सुखद भविष्य हेतु अपरंपरागत ऊर्जा स्त्रोत के उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक जानकारी दी गई। पीएम सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार की एक योजना है, जिसके तहत घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी दी जाती है। इसका उद्देश्य परिवारों के बिजली बिल को कम करना और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इसके प्रमुख लाभ है छत पर सोलर सिस्टम लगाने के लिए सरकारी सब्सिडी, लगभग 300 यूनिट तक मासिक बिजली आवश्यकता को सौर ऊर्जा से पूरा करने का लक्ष्य। अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजकर लाभ प्राप्त करने की सुविधा। सब्सिडी (केंद्रीय सहायता)', सिस्टम 30,000, सिस्टम 60,000 तीन या उससे अधिकरू अधिकतम 78,000, आवेदक भारतीय नागरिक हो। स्वयं के नाम का आवासीय घर और उपयुक्त छत हो। वैध बिजली कनेक्शन हो। पहले किसी अन्य सरकारी सोलर सब्सिडी का लाभ न लिया हो। आवेदन कैसे करें', आधिकारिक पोर्टल पर पंजीकरण करें। राज्य, डीआईसीओएम और उपभोक्ता संख्या दर्ज करें। आवेदन जमा करें और डीआईसीओएम से स्वीकृति प्राप्त करें। अधिकृत विक्रेता से सोलर सिस्टम लगवाएँ। नेट मीटरिंग और निरीक्षण के बाद सब्सिडी सीधे बैंक खाते में प्राप्त करें। बैठक में उपस्थित प्रबुद्ध जनों से उक्त वर्णित योजना का लाभ उठाने एवं इसके प्रचार प्रसार में सहयोग की अपेक्षा की गई है।उक्त अवसर पर उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।


बैठक में डीएम, डीडीसी व अन्य

### ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्यान्वित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक

**सहरसा (एनएसबी)।** षनिवार को



जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं की वर्तमान प्रगति, क्रियान्वयन की स्थिति तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान योजनाओं के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन पर बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, निर्धारित समयसीमा का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी योजनाओं की नियमित निगरानी एवं सतत अनुश्रवण कर अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

## प्राथमिक विद्यालय मकदमपुर में 17 एवं 18 जून को लगेगा सहयोग सह जन कल्याण शिविर

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मकदमपुर में 17 एवं 18 जून को सहयोग सह जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। बीडीओ गुलशन कुमार झा ने बताया कि शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे तथा निबंधन, सत्यापन, ई-केवाईसी और लंबित मामलों के निष्पादन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा पात्र लाभुकों के बीच स्वीकृत लाभों का वितरण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, लखपति दीदी योजना, पीएम स्वनिधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाएं, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांगजन कल्याण योजनाएं, निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड तथा मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना समेत कई योजनाओं से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बीडीओ ने सभी पात्र लाभुकों से निर्धारित तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।


प्रखंड विकास पदाधिकारी

## झुग्गी-झोपड़ी को खाली करवाने से पूर्व वैकल्पिक जमीन उपलब्ध कराने की मांग

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सदर अस्पताल के पीछे सड़क किनारे बसे सफाईकर्मियों ने भारतीय सफाई मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाग्र कुमार गब्बर के नेतृत्व में झुग्गी-झोपड़ी को खाली करवाने से पूर्व वैकल्पिक जमीन उपलब्ध कराने की मांग को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौपा। आवेदन में कहा गया है कि हम मेहतर समुदाय से आने वाले लोग जो नगर निगम सहरसा सहित विभिन्न सरकारी एवं प्राईवेट संस्थाओं की साफ-सफाई का कार्य करते हैं। हमलोग लगभग एक सौ परिवार विगत डेढ दशक से सदर अस्पताल सहरसा उत्तर दिशा की ओर के पीछे सड़क किनारे फूस की झोपड़ी में किसी तरह अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ रह रहे हैं। जबकि 10 जून को प्रातः नगर निगम सहरसा के द्वारा उपरोक्त झुग्गी-झोपड़ी को दिनांक 17 जून के पूर्व खाली करने को सुचित किया गया है। श्री गब्बर ने कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था के अनुसार स्थायी जमीन उपलब्ध किये बिना उक्त झुग्गी-झोपड़ियों को खाली कराये जाने से हम गरीब एवं असहाय लगभग 200 लोग अपने छोटे-छोटे बच्चों समेत सड़क पर आ जाऐंगे। विदित हो कि हमलोगों के पास रहने योग्य खुद की एक इंच भी नीजी भूमि नहीं है। ताकि हम अपने बच्चों को भवदीय के स्तर से उपलब्ध कराये गये भूमि में झोपड़ी बनाकर जीवन यापन कर सके।उन्होंने कहा कि श्रीमान से निवेदन है कि समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े हम गरीब एवं असहाय लोगों को वर्णित स्थान पर अवस्थित झुग्गी-झोपड़ी को हटाने से पूर्व वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत स्थायी भूमि उपलब्ध कराने कि कृपा की जाए। ताकि हम अपने बच्चों के साथ उपलब्ध कराये गये भूमि में झोपड़ी बनाकर जीवन यापन कर सकें। साथ ही नगर एवं अन्य विभागों की नियमित रूप से साफ-सफाई कर स्वच्छ स्वस्थ व सुन्दर सहरसा निर्माण में अपना योगदान दे सके। मौके पर ईशा देवी, सीता देवी, नेहा देवी, खुशबू देवी, रूबी देवी,रीना देवी, ज्योति देवी, गुड़िया देवी, रेणु देवी, सोनी देवी,अनीता देवी, गीता देवी, पीवी देवी, साबो देवी, सीता देवी, रोशनी देवी, रूबी देवी, पायल कुमारी, नूतन कुमारी, खुशबू कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे।


प्रदर्षन कर डीएम को सौपा ज्ञापन

## बसनही पुलिस ने छापेमारी कर 50 पीस प्रतिबंधित कोरेक्स किया बरामद

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** बसनही थाना क्षेत्र के महुआ बाजार स्थित अगरेल टोला में बसनही पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 बोतल प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामद किया है। हालांकि पुलिस के इस कारवाई के दौरान आरोपित मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम बसनही थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि अगरेल टोला निवासी नारायण मंडल के पुत्र मनीष कुमार के घर में अवैध रूप से कोडीनयुक्त कफ सिरप का भंडारण किया गया है। सूचना के सत्यापन के बाद अपर थानाध्यक्ष सुधीर कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की। तलाशी के दौरान घर से ̆पेबवतमॐ कंपनी की 34 बोतल तथा त्ज् ैबमद कंपनी की 16 बोतल, कुल 50 बोतल (करीब पांच लीटर) कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार छापेमारी की भनक लगते ही मनीष कुमार मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। बताया जाता है कि आरोपित का आपराधिक इतिहास रहा है और वह पूर्व में बसनही थाना सहित बांका जिले में भी कोडीनयुक्त कफ सिरप एवं शराब से जुड़े मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस का मानना है कि वह लंबे समय से अवैध कारोबार में संलिप्त रहा है। इधर, शाम की गश्ती के दौरान पुलिस ने महुआ खिलाहा निवासी ध्रुव ऋषिदेव को एक बैग में करीब तीन लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित को शनिवार को न्यायिक हिरासत में सहरसा भेज दिया गया। बसनही थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि बरामद कोडीनयुक्त कफ सिरप को जब्त कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।



गिरफ्तार कारोबारी व बरामद कोरेक्स

## दिशा केंद्र पटुआहा के 20 लाभार्थियों के बीच मासिक परिवहन भत्ता की राशि का वितरण

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शनिवार को राष्ट्रीय न्यास भारत सरकार द्वारा संचालित कोशी दिशा केंद्र पटआहा सहरसा के 20 लाभार्थियों के बीच माह मई 2026 का मासिक परिवहन भत्ता की राशि का वितरण संस्थान के अध्यक्ष राष्ट्रीय न्यास मोहन कुमार के द्वारा शनिवार को वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष के द्वारा मानसिक मंडता श्रेणी के दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के बीच राष्ट्रीय न्यास के निरमाया योजना के अंतर्गत एक लाख का स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही साथ उनके द्वारा जानकारी दिया गया कि आप लोग अपने इस बच्चों का इलाज करवा कर उनका बिल भोचर डॉक्टर की सहमति पर कोसी दिशा केंद्र में जमा करें ताकि आपके बच्चे के इलाज में जो राशि खर्च किया गया है। वह राशि आपके बच्चे के खाते में राष्ट्रीय न्यास द्वारा प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर कोशी दिशा केंद्र के फिजियोथैरेपिस्ट डॉ अबुशालेह द्वारा सभी बच्चों का फिजियो कर उनके अभिभावकों को घर पर भी एक्सरसाइज व्यायाम करवाने का सलाह दिया गया ताकि बच्चों में उनके शारीरिक गतिविधि मानसिक गतिविधि का विकास हो सके। विशेष प्रशिक्षक दयानंद कुमार के द्वारा बाल्कालिक हस्तक्षेप काल के माध्यम से बच्चों को वस्तु ज्ञान, शब्द ज्ञान की शिक्षा दिया जा रहा है।



### 23 जुलाई को लगेगा पंडित चंद्रशेखर आजाद की भव्य कांस्य की प्रतिमा

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** अमर शहीद किसी भी राष्ट्र की धरोहर है जो आनेवाले पीढीयों के लिए खुद पर गर्व करने का अवसर प्रदान करती है। अमर शहीद की शौर्य गाथाओं, उसके स्मृतियों को सहेजना हम-सभी की न सिर्फ जिम्मेदारी है बल्कि कर्तव्य भी होता है। अमर बलिदानी चंद्रशेखर आजाद जी कि प्रतिमा निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। चंद्रशेखर आजाद जी की जयंती 23 जुलाई, कोशी प्रमंडल के लिए एक गौरवशाली दिन होगा जब ब्रोंज कि 7.5 फिट की प्रतिमा का अनावरण कोशी प्रमंडल मुख्यालय के आजाद स्मृति स्थल पर होगा। वह दिन एक ऐसा गौरवशाली दिन होगा जब आम जनमानस द्वारा आपसी सहयोग के माध्यम से एक अमर बलिदानी कि प्रतिमा स्थापना करते हुए उसे श्रद्धांजलि अर्पित कि जाएगी। शहीद चंद्रशेखर आजाद जी के प्रतिमा निर्माण के कड़ी में मुर्तिकार द्वारा उनके चेहरे का निर्माण पूर्ण कर भेजा गया है जो काफी उत्साहित करने वाला है। आज जरुरत है सभी को संगठनात्मक रुप से अपने निजी भावनाओं से थोड़ा ऊपर उठकर सोचने की है।

## कार ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, चार घायल, गर्मी की छुट्टी में दिल्ली से आई थी किशोरी

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** शहर में तेज रफ्तार वाहन की लापरवाही से बड़ा सड़क हादसा हो गया। गांधी पथ स्थित बजरंगबली मंदिर के पास शुक्रवार शाम तेज गति से आ रही चारपहिया गाड़ी ने एक ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा पर सवार 13 साल के किशोरी समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज शहर के एक निजी क्लिनिक में चल रहा है। वहीं, शनिवार को इस हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें तेज रफ्तार वाहन के ई-रिक्शा को टक्कर मारने की पूरी घटना कैद हो गई है। घटना शुक्रवार शाम करीब 4 बजे की बताई जा रही है। शहर के गांधी पथ स्थित बजरंगबली मंदिर के पास एक चारपहिया वाहन तेज रफ्तार से आ रहा था। इसी दौरान सड़क पर जा रहे ई-रिक्शा में उसने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। घायल किशोरी की पहचान 13 साल के रामरता कुमारी के रूप में हुई है। वह अपने पिता सुनील शर्मा के साथ ई-रिक्शा से जा रही थी। परिजनों ने बताया कि रामरता गर्मी की छुट्टी में दिल्ली से सहरसा आई हुई थी और अपनी मौसी सास के यहां ठहरी थी। शुक्रवार को वह अपने माता-पिता के साथ ई-रिक्शा से सुपौल स्थित अपने ननिहाल जाने के लिए निकली थी। इसके लिए वे सुपर मार्केट बस स्टैंड जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में गांधी पथ के पास हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय ई-रिक्शा में कुल चार लोग सवार थे। तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने पीछे से या साइड से इतनी जोरदार टक्कर मारी कि ई-रिक्शा का संतुलन बिगड़ गया। घटना में रामरता कुमारी के अलावा उसके पिता 40 साल सुनील शर्मा और ई-रिक्शा चालक 25 वर्षीय अबरार उद्दीन भी घायल हो गए। अबरार उद्दीन सहरसा बस्ती के रहने वाले बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को शहर के नजदीक स्थित सूर्या हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। परिजनों के अनुसार किशोरी रामरता की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद परिवार के लोगों में चिंता का माहौल है। शनिवार को सामने आए सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि सड़क पर चल रहे ई-रिक्शा को तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने टक्कर मारी। फुटेज सामने आने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन के मालिक रवि यादव, निवासी किशनगंज हैं, जबकि वाहन अंकेश यादव चला रहा था। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सदर थानाध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य बिंदुओं के आधार पर जांच की जा रही है। जांच के बाद दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



घायल किशोरी, सीसीटीवी में कैद घटना

## संक्षिप्त खबरें

### मालपा से पुलिस ने किया शराब बरामद

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र के मालपा-धुतौली पंचायत में एक वाशा से शनिवार को चौथम पुलिस के द्वारा अंग्रेजी शराब के कुछ पाउच को बरामद किया गया। बताया गया की 100 के लगभग यह पाउच बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली हुई थी इसके बाद पुलिस के द्वारा चिन्हित स्थल पर छापेमारी की गई, जहां अंग्रेजी शराब के दर्जनों पाउच बड़ामद किया गया। यह सभी अंग्रेजी शराब के पाउच अरेंज जूस फ्रूटी नुमा पैकेट में बरामद किए गए हैं। हालांकि इस मामले में एक भी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया जा सका। बताया गया कि वासा पर कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था, तथा वाशा के अंदर यह पाउच पुलिस के द्वारा बरामद किए गए। वहीं पुलिस के द्वारा बताया गया कि जल्द ही शराब कारोबारी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं छापामारी 112 की टीम अभिमन्यु कुमार एवं सशक्त पुलिस बल के द्वारा की गई थी।

### करंट लगने से मौत

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र के महिनाथनगर पंचायत के वार्ड नंबर पांच निवासी गजाधर शर्मा के 58 वर्षीय पुत्र उमेश शर्मा की मौत बिजली करंट लगने से हो गई। मौत की खबर पर परिजनों में चीख पुकार मचा हुआ है। घटना शनिवार के सवेरे साढ़े आठ बजे के करीब की बताई जा रही है। परिजनों के मुताबिक मृतक उमेश अपने मवेशी बथान पर सेघर वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में घरेलू सुविधा के लिए लगाए गए नंगे तार के संपर्क में आ गया, जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। इस संबंध में जेई भगीरथ झा ने बताया कि मामला घरेलू तार से करंट लगने से संबंधित है, जिसके लिए विभाग में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है। ग्यारह हजार केवीए के तार गिरने के एवं इसमें मौत होने पर अनुग्रह अनुदान देने का प्रावधान है।

### सर्पदंश से युवक की हालत बिगड़ी, उपचार से सुधार

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** ईंट हटाने के दौरान करीब 28 वर्षीय युवक को विषैला सर्प काट लिया। हालात जब बिगड़ने लगा तो परिजनों के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर लाया गया। जहां डक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दिया। जानकारी के मुताबिक बेलदौर थाना क्षेत्र के छोटी तरौना गाँव निवासी मोहम्मद दाऊद के 28 वर्षीय पुत्र अपने घर के समीप ईंट हटा रहे थे, इसी क्रम में घरेलू उनके अंगूठा उंगली में विषैला सर्प ने काट लिया। लेकिन सर्प काटने के बाद परिजनो ने झाड़फूंक करवाने के लिए ओझा के समीप चला गया, जब उक्त स्थल पर युवक का हालत बिगड़ने लगा तो आनंन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर लाया गया, जहां डक्टरों के द्वारा उपचार कर छुट्टी दे दिया।

### मेहनत और अनुशासन से मिली सफलता : अर्चना कुमारी



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** खगड़िया-अलौली पथ स्थित रॉयल पैलेस, बछौता में मथुरापुर फिजिकल एकेडमी द्वारा आर्मी, बिहार पुलिस एवं होमगार्ड पद पर नव चयनित अभ्यर्थियों के सम्मान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर अतिथियों द्वारा मथुरापुर फिजिकल एकेडमी के पहले प्रयास में 90 प्रतिषत चयनित अभ्यर्थियों को कैप,मेडल, मोमेंटो एवं माला से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एकेडमी के निदेशक प्रशिक्षक आनंद कुमार ने की। समारोह का उद्घाटन नगर सभापति अर्चना कुमारी एवं जदयू के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह मुखिया ने संयुक्त रूप से किया। मंच संचालन प्रशिक्षक कुन्दन कुमार ने किया। आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। अपने संबोधन में नगर सभापति अर्चना कुमारी ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं ढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अब ये युवा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनकर देश सेवा के साथ-साथ उच्च पदों की तैयारी कर और बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। मुख्य अतिथि जदयू के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह मुखिया ने चयनित अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने नगर सभापति से मथुरापुर खेल मैदान को स्टेडियम के रूप में विकसित करने हेतु सरकार को प्रस्ताव भेजने का आग्रह किया। वहीं जदयू के बेगूसराय विधानसभा प्रभारी उमेश सिंह पटेल ने भी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। विशिष्ट अतिथि जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने कहा कि यह सम्मान समारोह युवाओं के संघर्ष, समर्पण, अनुशासन और सफलता का उत्सव है। चयनित अभ्यर्थियों की उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे समाज एवं जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र सेवा के साथ उच्च लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया। मौके पर कोबरा फिजिकल एकेडमी के निदेशक सेवानिवृत्त आर्मी प्रिंस कुमार, दादा फिजिकल एकेडमी के निदेशक पवन कुमार, डॉ. ऊर्जेश कुमार, शशिकांत कुमार, अभिषेक कुमार, रवि कुमार, सौरव कुमार, रौशन, बब्बू, दीपक, विशाल, गौरव, नमनजीत एवं प्रीतम कुमार सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य लोग चयनित अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सम्मान समारोह आयोजित किए जाने के लिए मथुरापुर फिजिकल एकेडमी के निदेशक आनंद कुमार के इस तरह के प्रयास का सराहनीय बताया।

### डीएवी में त्रिदिवसीय क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम संपन्न

**महेशखूंट (दैनिक नवसंदेश)।** डीएवी उत्कृष्टता केंद्र (सीएई), क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, बिहार जोन-डी के तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल, महेशखूंट में आयोजित



त्रिदिवसीय क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम 11 से 13 जून तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन उत्साह, अनुशासन एवं शैक्षणिक गरिमा के वातावरण में किया गया, जिसमें बिहार जोन-डी के विभिन्न डीएवी विद्यालयों से आए शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बिहार जोन-डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह तथा क्लस्टर प्रमुख उमा मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों की व्यावसायिक दक्षताओं का संवर्धन करना तथा उन्हें नवीन शिक्षण-पद्धतियों, दक्षतामूलक शिक्षा, प्रभावी मूल्यांकन एवं कक्षा-शिक्षण की आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना था। कार्यक्रम में हिन्दी, अंग्रेजी, संस्त, सामाजिक विज्ञान एवं वाणिज्य विषयों के लिए पृथक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में प्रतिभागियों को विषयगत ज्ञान के साथ-साथ नवाचारपूर्ण शिक्षण-विधियों एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु आवश्यक शैक्षणिक कौशलों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के विषय-समन्वयक श्री कैलाशपति एवं ड़ दीनबंधु शरण ने विभिन्न शैक्षणिक सत्रों का संचालन किया। उन्होंने दक्षतामूलक शिक्षा, प्रभावी मूल्यांकन प्रक्रिया, कक्षा प्रबंधन, गतिविधि-आधारित अधिगम तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षण के विविध आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। समापन सत्र को संबोधित करते हुए बिहार जोन-डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज के भविष्य के निर्माता होते हैं। बदलते शैक्षिक परिवेश में शिक्षकों का सतत प्रशिक्षण एवं आत्मविकास अत्यंत आवश्यक है। ऐसे क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम शिक्षकों को नवीन ष्टि, आत्मविश्वास एवं कार्यकुशलता प्रदान करते हैं, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर वृद्धि होती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अर्जित ज्ञान एवं अनुभवों को अपने विद्यालयों में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम के आयोजन समन्वयक हिमांशु नारायण ने अपने संबोधन में कहा कि निरंतर सीखना ही एक सफल शिक्षक की पहचान है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं, बल्कि शिक्षकों के मध्य अनुभवों के आदान-प्रदान, सहयोगात्मक अधिगम तथा नवाचारों को साझा करने का एक सशक्त मंच है। हमें विश्वास है कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभव शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को और अधिक प्रभावशाली बनाएंगे।

# सड़क पर जलजमाव से परेशान हैं सन्हौली के हजारों लोग

दैनिक नवसंदेश



**खगड़िया।** नगर परिषद क्षेत्र के सन्हौली सूर्य मंदिर के समीप करीब दो माह से सड़क पर जलजमाव के कारण महामारी फैलने का खतरा मंडराना लगा है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि जब बारिश नहीं हो रही है तब यह हाल है तो मानसून आने पर जब मूसलधार बारिश होगी तो क्या होगा। लोगों का यह भी कहना है कि नगर परिषद से पहले जब सन्हौली पंचायत था तभी ठीक था। नगर परिषद खगड़िया को विस्तारित किये जाने के बाद सन्हौली पंचायत को नगर परिषद में शामिल कर लिया गया। इससे यहां की जमीन की कीमतों में वृद्धि हो गयी। लोगों को नए टैक्स भरने पड़े लेकिन विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ। लोगों ने बताया कि सन्हौली के सूर्य मंदिर के समीप घरों से निकलने वाला गंदा पानी लोगों के लिये परेशानी का सबब बन गया है। सड़क पर जमा गंदा पानी से स्कूल जानेवाले बच्चे काफी परेशान होते हैं। कई बार पानी से गुजरने के दौरान बच्चे गिर

**अक्सर स्कूली बच्चे यहां पानी भरे रास्ते में गिरकर हो जाते हैं चोटिल**

**नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से बात करने पर भी नहीं हुआ समस्या का समाधान**

जाते हैं। सूर्य मंदिर चौक पर दुकान चलाने वाले विनोद सिन्हा कहते हैं कि जब से जलजमाव हुआ है तबसे उनके व्यवसाय पर भी काफी बुरा असर पड़ा है। वे कहते हैं कि सड़क पर जलजमाव को लेकर हमने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सिन्धु कमल से भी बात की लेकिन आश्वासन के शिवा कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि नगर परिशद को चाहिए कि जलजमाव की समस्या का अविलंब समाधान करे। कुछ दिनों में मानसून आने पर जब बारिश होगी तो इस रास्ते से आने जानेवालों की परेशानी और बढ़ जाएगी। कई ऐसे घर हैं जिसमें नाले का गंदा पानी घुस जायेगा। गौरतलब हो कि बीते दिनों शिक्षक नेता मनीश सिंह ने सूर्य मंदिर के समीप जलजमाव में मिट्टी से भरे बोरे को रखकर इसे चलने लायक रास्ता बना दिया था लेकिन मिट्टी के धीरे-धीरे गलने और पानी के बढ़ने के कारण एक बार फिर आवागमन पर संकट मंडराने लगा है।

# ट्रक की चपेट में आने से अज्ञात महिला घायल

दैनिक नवसंदेश

**पसराहा।** थाना क्षेत्र के एनएच-31 स्थित सतीशनगर चौक के समीप शुक्रवार की देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पसराहा थाने की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पसराहा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल महिला को इलाज के लिए अविलंब गोगरी अनुमंडलीय अस्पताल भेजा, जहां उनका उपचार जारी है।

बताया जा रहा है कि महिला सड़क पार



कर रही थी, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। समाचार लिखे जाने तक घायल महिला की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस

**सड़क पार करने के दौरान एनएच-31 पर हुआ हादसा**

**महिला को गोगरी अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया भर्ती**

आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर महिला की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है ताकि उनके परिजनों को घटना की जानकारी दी जा सके। पसराहा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि घायल महिला को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है और उनकी पहचान सुनिश्चित करने के लिए

## एक साल से जमीन पर कब्जे के लिए अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रही दलित महिला

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र के गांधीनगर इतमादी गांव निवासी कैलाश पासवान की पत्नी पूनम कुमारी ने बीते 27 मई को अपने जमीन को मापी करवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। आवेदन कर्ता के द्वारा आवेदन देने के बावजूद भी मापी नहीं हो पाई जिस कारण भू-स्वामी नाराज हैं।

बताते चलें कि बेलदौर थाना क्षेत्र के गांधीनगर इतमादी गांव निवासी कैलाश पासवान की पत्नी पूनम कुमारी ने अपने जमीन को मापी करवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। ऑनलाइन आवेदन करने के बावजूद दूसरे पक्ष विक्रम कुमार उर्फ मुन्ना एवं मुकेश कुमार पासवान जमीन मापी करवाने पर रोक लगा रहे हैं। जबकि पीड़ित परिवार करीब एक वर्ष पूर्व जमीन की खरीदारी की थी। इस संबंध में कैलाश पासवान की पत्नी पूनम देवी ने बताया कि जमीन मालिक द्वारा जमीन विवाद बढ़ाया जा रहा है, यदि जमीन मालिक दूसरे पक्ष को

**महिला ने एक साल पूर्व की थी जमीन की खरीदारी**

**जमीन मालिक ने जमीन बेचने में की गड़बड़ी, अब महिला ने जमीन की पैमाईस के लिए अंचल कार्यालय में दिया आवेदन**

जमीन देने में गड़बड़ी नहीं करते तो आज हम लोगों को अंचल कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ता। खैर जो भी हो आवेदन कर्ता का कहना है कि मेरी जमीन को अमीन के द्वारा मापी करवाकर निकलवा दिया जाए। जिससे विवाद की संभावना न हो सके। लेकिन उनकी बातों को अंचल कार्यालय के अंचला अधिकारी एवं सरकारी अमीन दरकिनार कर देते हैं। जिस कारण अंचल कार्यालय का उक्त महिला बार-बार चक्कर लगाती दिख रही है।

## जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 29 जून से

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला स्तरीय 65वीं सुब्रोतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन 29 जून को जेएनकेटी इंटर विद्यालय में किया जाएगा। प्रतियोगिता में अंडर-15 (बालक) एवं अंडर-17 (बालक-बालिका) वर्ग की टीमें भाग लेंगी।

जिला खेल पदाधिकारी द्वारा जारी पत्र के अनुसार इस वर्ष राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में केवल जिला स्तरीय प्रतियोगिता की विजेता टीमों को ही भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए आयु सीमा निर्धारित की गई है। अंडर-15 (बालक) वर्ग के खिलाड़ियों की जन्म तिथि 01 जनवरी 2012 या उसके बाद तथा अंडर-17 (बालक-बालिका) वर्ग के खिलाड़ियों की जन्म तिथि 01 जनवरी 2010 या उसके बाद की होनी चाहिए। आयु सत्यापन के लिए मेडिकल जांच, आधार कार्ड एवं शैक्षणिक प्रमाण-पत्र का सत्यापन किया जाएगा। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को आधार कार्ड की छायाप्रति, जन्म प्रमाण-पत्र, विद्यालय पहचान पत्र, विद्यालय द्वारा जारी अंक पत्र तथा पासपोर्ट आकार का फोटो प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं टीम प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि वे निर्धारित तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपनी टीम को प्रतियोगिता स्थल पर समय से उपस्थित कराना सुनिश्चित करें। विद्यालय अपने खिलाड़ियों के खेल पोशाक, अल्पाहार एवं यात्रा व्यय की व्यवस्था स्वयं करेंगे। जिला प्रशासन ने सभी विद्यालयों से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

## लंबित वादों का करें शीघ्र निष्पादन

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** नीलाम पत्र वाद से संबंधित लंबित मामलों के निष्पादन एवं तामिला की समीक्षा के उद्देश्य से समाहरणालय के मुख्य सभागार में प्रशिक्षण-सह-समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

**नीलाम पत्र वाद को लेकर आयोजित प्रशिक्षण-सह-समीक्षात्मक बैठक में दिए गए निर्देश**

बैठक की अध्यक्षता संबंधित पदाधिकारी द्वारा की गई। बैठक में जिले के विभिन्न थानों में लंबित गिरफ्तारी वारंट एवं कुर्की-जब्ती वारंट से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई तथा उनके त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही नीलाम पत्र पदाधिकारियों को वादों के प्रभावी निष्पादन एवं तामिला संबंधी प्रक्रियाओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर



जिले के सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्र में लंबित वारंटों के निष्पादन एवं तामिला से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन के साथ बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करें। वहीं सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को समय पर प्रशिक्षण में उपस्थित होकर विभागीय निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। बैठक का उद्देश्य लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, राजस्व वसूली प्रक्रिया में तेजी लाना तथा नीलाम पत्र वादों के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करना था।

## अशरफ अंसारी को एमएलसी चुने जाने पर मनीष ने दी बधाई

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार ने अशरफ अंसारी को निर्विरोध विधान परिषद सदस्य निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मनीष कुमार ने कहा कि अशरफ अंसारी जी एक जुझारू, कर्मठ एवं जमीनी कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने लंबे समय से पार्टी और समाज के लिए समर्पित भाव से कार्य किया है। उनकी निरंतर मेहनत, संघर्ष और निष्ठा का ही यह सुखद परिणाम है कि पार्टी ने उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के योग्य समझा। उन्होंने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का यह निर्णय पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान और विश्वास को दर्शाता है। यह फैसला उन सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है जो निस्वार्थ भाव से संगठन और समाज की सेवा में जुटे हुए हैं। मनीष कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि अशरफ अंसारी जी सदन में बिहार के विकास, सामाजिक न्याय तथा आम जनता के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाते हुए जनआकांक्षाओं की मजबूत आवाज बनेंगे। उन्होंने अशरफ अंसारी को नए दायित्व एवं

## आम रास्ते को कराया अतिक्रमणमुक्त



**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड के बोबिल पंचायत अंतर्गत जहू बासा में शनिवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चला। अंचलाधिकारी बेलदौर अमित कुमार के आदेश के आलोक में कार्रवाई की गई। बताते चले कि मौजा बोबिल, खाता 293, खेसरा 477 पर गैर मजरूवा आम रास्ता की जमीन पर हुए अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। हेमंत कुमार ने अतिक्रमण के खिलाफ वाद संख्या 2625-26 दायर किया था। शांति व्यवस्था के लिए अंचलाधिकारी अमित कुमार और भारी पुलिस बल तैनात थे। वही प्रशासन के द्वारा शनिवार को जेसीबी मशीन लेकर अतिक्रमण अतिक्रमण स्थल पर पहुंच कर पूर्ण रूपेण अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया। जब प्रशासन अतिक्रमण हटा कर पहुंचे तो दोनों पक्षों के द्वारा थाना में बन्डेज करवाया गया। मौके पर अंचला अधिकारी अमित कुमार, अपर थाना अध्यक्ष पवन कुमार, एसआई राम जीवन सिंह, शक्ल साह, एएसआई सुनील कुमार समेत पुलिस बल मौजूद थे।

## अंचल जनता दरबार में दो मामलों का हुआ निपटारा

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** अंचल कार्यालय में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। अंचलाधिकारी एवं राजस्व अधिकारी की अनुपस्थिति में अंचल निरीक्षक दिनेश दास के नेतृत्व में आयोजित इस जनता दरबार में भूमि संबंधी विवादों की सुनवाई की गई। राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार आयोजित जनता दरबार में जमीन से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से लोगों की शिकायतें सुनी गईं। इस दौरान पांच नए आवेदनों पर सुनवाई की गई। अंचल निरीक्षक ने दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तुत कागजात एवं अन्य साक्ष्यों की जांच के बाद दो मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया। वहीं, कई पुराने लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। शेष मामलों की सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई है। जनता दरबार में अंचल निरीक्षक दिनेश दास के अलावा पुलिस पदाधिकारी एसआई सन्टू कुमार एवं अंचल कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित रहे। बताते चलें कि जनता दरबार के माध्यम से भूमि विवादों के समाधान की प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे आम लोगों को राहत मिल सके।

## ट्रांसफॉर्मर में झाड़ियों के कारण लगी आग

पसराहा **(दैनिक नवसंदेश)**। थाना क्षेत्र की महदीपुर पंचायत के वार्ड संख्या 01 में स्थित एक बिजली ट्रांसफार्मर के चारों ओर घनी झाड़ियां और ट्रांसफार्मर पर चढ़े जंगली लताओं के कारण अचानक आग लग गई। आग लगते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और उन्होंने आनन-फानन में बिजली आपूर्ति बंद करवाई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ट्रांसफार्मर के आसपास लंबे समय से साफ-सफाई नहीं होने के कारण यहां अक्सर शर्ट सर्किट होता रहता है, जिससे हमेशा बड़े हादसे का खतरा बना रहता है। कई बार तारों में स्पार्किंग होने से आसपास के घरों में रहने वाले लोग सहम जाते हैं। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के मानव बल और लाइनमैन पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में तैनाती के बावजूद कर्मी सक्रिय नहीं रहते और झाड़ियों था जंगली लताओं की नियमित सफाई नहीं की जाती है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने झंझड़ा बिजली उपकेन्द्र के कनीय अभियंता देवेंद्र कुमार से शिकायत की। शिकायत मिलते ही विभाग तुरंत हरकत में आया और मौके पर मानव बल को भेजकर तारों को दुरुस्त कराया गया, साथ ही ट्रांसफार्मर के आसपास उगी झाड़ियों और जंगल लताओं की सफाई की गई। इस संबंध में जेई देवेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए साफ-सफाई करवा दी गई है और क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल कर दी गई है।

## 17.22 डिसमिल भूमि पर बनेगा लॉयर्स हॉल

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय परिसर में प्रस्तावित लॉयर्स हॉल निर्माण के लिए जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने विधि विभाग के सचिव को भूमि उपलब्ध कराने संबंधी प्रस्ताव भेज दिया है। प्रस्ताव भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं अंचल अधिकारी, खगड़िया की संयुक्त रिपोर्ट के आधार पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार व्यवहार न्यायालय परिसर में भवन निर्माण विभाग की 100 गुणा 75 वर्ग फीट खाली भूमि को लयर्स हल निर्माण के लिए चिन्हित किया गया है। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर उक्त भूमि की नापी कराई गई थी। इसके बाद भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं अंचल अधिकारी ने संयुक्त रूप से जांच कर अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपी। रिपोर्ट में उक्त भूमि को लॉयर्स हल निर्माण के लिए उपयुक्त बताया गया। जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने स्वयं व्यवहार न्यायालय परिसर पहुंचकर प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया था। इस अवसर पर अध्यक्ष, जिला विधिज्ञ संघ एवं महासचिव, जिला विधिज्ञ संघ, सरकारी

**जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय परिसर में लॉयर्स हॉल निर्माण का प्रस्ताव जिला पदाधिकारी ने विधि सचिव को भेजा**

**भारत सरकार की न्याय विकास योजना के तहत देशभर के जिलों के अधीनस्थ न्यायालयों में आधुनिक सुविधाओं के साथ बनाए जा रहे हैं लॉयर्स हॉल**

अधिवक्ता एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से भूमि की स्थिति एवं उपलब्धता की जानकारी ली थी। जानकार बताते हैं कि उक्त भूमि वर्तमान में भवन निर्माण विभाग के अधीन है।

लॉयर्स हॉल निर्माण के लिए पहले भवन निर्माण विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) प्राप्त की जाएगी। इसके बाद भूमि को विधि विभाग को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। भूमि हस्तांतरण के उपरांत भवन निर्माण की कार्रवाई शुरू होगी।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की न्याय विकास योजना के तहत, देशभर के जिलों में अधीनस्थ न्यायालयों में डिजिटल कंप्यूटर कक्ष, शौचालय परिसर और वकीलों के लिए समर्पित हॉल सहित नई आधुनिक सुविधाओं का लगातार निर्माण और विस्तार किया जा रहा है। खगड़िया में भी अधिवक्ताओं के लिए लयर्स हल निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। इस संबंध में अधिवक्ता अजीत कुमार सिन्हा ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद जिला प्रशासन ने आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

## संक्षिप्त खबरें

### मरम्मति कार्य को लेकर छह घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**फतुहा।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल फतुहा अंतर्गत दीदारगंज विद्युत उपकेंद्र के टेंट सिटी फीडर-1 में रविवार को आवश्यक मरम्मति कार्य कराया जाएगा। इस कारण फीडर से जुड़े क्षेत्रों में निर्धारित अवधि के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस संबंध में कनीय अभियंता विनीत कुमार ने बताया कि मरम्मति कार्य को सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए रविवार को पूर्वा 11 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान मर्चा, मर्ची, मर्ची लिंक रोड, महादेव स्थान, बाल्डविन स्कूल रोड, मर्चा गांव, देवारामचक, भैंसलेटा तथा महुली गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि आवश्यक कार्यों की पूर्व तैयारी कर लें। मरम्मति कार्य पूरा होने के बाद विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

### सुखा नशा कारोबारी स्मैक सहित कई नशीली पदार्थ के साथ गिरफ्तार

**फतुहा।** नदी थाना ने नशे की एक बड़ी खेप खपाने की साजिश को नदी थाना पुलिस ने नाकाम कर दिया है। पुलिस ने पक्की दरगाह पीपापुल के पास घेराबंदी कर एक शातिर अंतरजिला तस्कर को भारी मात्रा में प्रतिबंधित मादक पदार्थ स्मैक और अवैध विदेशी बीयर के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान वैशाली जिले के रुस्तमपुर थाना क्षेत्र निवासी मोहाबी कुमार (26 वर्ष), पिता- नरेश राय के रूप में की गई है। पुलिस ने उसके पास से भारी मात्रा में नशीले पदार्थों के साथ-साथ उसे पैक करने और तोलने के उपकरण भी बरामद किए हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि नदी थाना पुलिस को पुख्ता गोपनीय सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति पटना सिटी की तरफ से ट्रली अटैची में स्मैक और बीयर की खेप लेकर पीपापुल के रास्ते रुस्तमपुर स्थित अपनी दुकान पर ले जा रहा है। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों के निर्देश पर नदी थाना अध्यक्ष सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के साथ एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए पक्की दरगाह पीपापुल के पास घेराबंदी की और संदिग्ध को दबोच लिया। तलाशी लेने पर अटैची से भारी मात्रा में नशा बरामद हुआ। मामले को लेकर फतुहा एसडीपीओ 1 अवधेश कुमार ने शनिवार को नदी थाना में प्रेस कन्फ्रेंस कर बताया कि आरोपी के पास से स्मैक (कोटा) की 439 डिबिया बरामद की गईं, जिसका कुल वजन 165 ग्राम है। इसके अलावा, श्द लेजेंड्री सुप्रीम स्ट्रन्ग बीयर२ की 19 बोतलें (कुल 9.500 लीटर), स्मैक पैक करने वाली 1000 पीस खाली डिबिया, एक इलेक्ट्रनिक तराजू, मादक पदार्थ भरने वाली 4 प्लास्टिक कुप्पी, 33 पीस गैस लाइटर, दो एंड्रइड मोबाइल और 6,870 रुपये कैश बरामद किए गए हैं। एसडीपीओ ने बताया कि इस सफल कार्रवाई में थाना अध्यक्ष सद्दाम हुसैन के साथ एसआई विवेक कुमार, एएसआई संतोष कुमार, एएसआई पप्पू कुमार पासवान और नदी थाना के अन्य जवान शामिल थे। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और इसके पूरे नेटवर्क को खंगाला जा रहा है।

# जन सरोकार के मुद्दे पर बीस सूत्री की बैठक में पदाधिकारी को घेरा

## बैठक में योजनाओं की निष्पक्ष जांच की मांग, जल-नल, मनरेगा, राशन कार्ड, मोटेशन एवं सफाई व्यवस्था की हुई समीक्षा

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** नगर परिषद जमालपुर के सभा कक्ष में प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की समीक्षात्मक बैठक बीस सूत्री अध्यक्ष मुनीलाल मंडल की अध्यक्षता में हुई। संचालन सचिव सह बीडीओ ड़ प्रभात रंजन ने किया। बैठक के दौरान जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और आम लोगों को समय पर लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया गया।अध्यक्ष श्री मंडल ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। इसके लिए जल-नल योजना, ओडीएफ, राशन कार्ड, मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा योजनाओं में प्राप्त शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई।



बीस सूत्री की बैठक को संबोधित करते पदाधिकारी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की जनोपयोगी योजनाओं का लाभ आम लोगों को बेहतर ढंग से मिले, इसके लिए प्रशासन को संवेदनशील होकर कार्य करना होगा। बैठक के दौरान भूमि संबंधी मामलों को भी प्रमुखता से उठाया गया। मोटेशन, परिमार्जन एवं अन्य राजस्व कार्यों में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया कि जनहित के सभी मामलों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को बार-बार अंचल कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। वहीं नगर परिषद क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पर भी चर्चा हुई।अध्यक्ष ने कहा कि सलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल-2016 के अनुसार प्रतिदिन डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण अनिवार्य है। इसके बावजूद रविवार को शहर में नियमित सफाई नहीं होने की शिकायतें मिल रही हैं। इस पर स्वच्छता पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि रविवार सहित सप्ताह के सातों दिन सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जाए। बैठक में समिति के अन्य सदस्यों ने भी विभिन्न जनसमस्याओं को उठाया। अधिकारियों ने सभी सुझावों एवं निर्देशों पर आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। मौके पर ज सीओ राकेश कुमार, समिति उपाध्यक्ष मनीष दयाल गोस्वामी,उत्तम कुमार, जानकी देवी, संजय, अशोक, नुरुल्लाह अमरजीत मंडल, रविरंजन, विनय, प्रतिमा देवी, मंटू दास, परिधि सिंह, शंकर कुमार सिंह, नरेंद्र, सहित अन्य मौजूद थे।

# आरपीएफ के 26 अधिकारियों व जवानों का तबादला, 16 नए कर्मियों की तैनाती

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनए स)।** आरपीएफ पोस्ट जमालपुर में बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है।ट्रांसफर-पोस्टिंग के तहत एक साथ 26 अधिकारियों एवं जवानों का तबादला कर दिया गया है, जबकि 16 नए अधिकारियों एवं कर्मियों की जमालपुर पोस्ट में तैनाती की गई है। इस व्यापक बदलाव के बाद आरपीएफ जमालपुर में प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं तथा सुरक्षा व्यवस्था को नए सिरे से व्यवस्थित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार तबादला होने वालों में एक सब इंस्पेक्टर, एक हेड कांस्टेबल, 22 कांस्टेबल तथा दो सिपाही शामिल हैं। सब इंस्पेक्टर जेआर मीणा का स्थानांतरण जमालपुर से कहलगांव कर दिया गया है। वहीं हेड कांस्टेबल बम-बम सिंह का भी तबादला किया गया है। कांस्टेबल श्रेणी में सुंदरम कुमार, एसके सिंह, पवनीर कुमार, राजेश कुमार, जेके तोमर, आयुष कुमार, काजल कुमारी, पूजा कुमारी, विप्रा कुमारी, सविता यादव, शीला शाह, शिल्पी कुमारी, एसएल मीणा, अंकिता, सचिन कुमारी, रिंकी कुमारी, रामा देवी सहित अन्य जवानों का स्थानांतरण किया गया है। इसके अलावा सिपाही विकेश कुमार एवं अमन कुमार का भी तबादला सूची में नाम शामिल है। वहीं दूसरी ओर आरपीएफ जमालपुर में 16 नए अधिकारियों एवं कर्मियों की तैनाती की गई है। इनमें तीन महिला एवं 13 पुरुष अधिकारी एवं जवान शामिल हैं। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव सब इंस्पेक्टर स्तर पर हुआ है, जहां


विदाई समारोह में आरपीएफ के पदाधिकारी व कांस्टेबल।

जेआर मीणा के स्थान पर एसआई भावेश कुमार को जमालपुर पोस्ट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भावेश कुमार का स्थानांतरण कहलगांव से जमालपुर किया गया है। इधर, तबादला को लेकर एक सम्मान समारोह की अध्यक्षता इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने की। तथा बारी बारी से सभी नए व पुराने अधिकारियों व सदस्यों को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त (एएससी) हीरा सिंह थे। उन्होंने कहा कि यह तबादला नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है। नए अधिकारियों एवं जवानों के योगदान के बाद रेलवे स्टेशन, प्लेटफर्म, रेल संपत्ति की सुरक्षा, यात्री सुरक्षा तथा विशेष अभियानों के संचालन में नई ऊर्जा और कार्यक्षमता बढ़ेंगी।

# पटना के टॉप-10 अपराधियों में शामिल संतोष डॉन के 25 ठिकानों पर ईओयू की बड़ी छापेमारी

## खुसरूपुर से नालंदा तक एक साथ कार्रवाई, सुबह से जारी है आर्थिक अपराध इकाई की जांच

**बाढ़/फतुहा। (दैनिक नवसंदेश)।** पटना जिले के चर्चित अपराधी एवं 25 हजार रुपये के इनामी संतोष डन उर्फ संजय कुमार के विभिन्न ठिकानों पर शुक्रवार की सुबह आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने बड़ी कार्रवाई शुरू की। खुसरूपुर प्रखंड के सुकरबेगचक पंचायत के पैक्स अध्यक्ष एवं प्रखंड प्रमुख पति संतोष डन के करीब 25 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ईओयू की विशेष टीम ने खुसरूपुर प्रखंड के पचरुखिया स्थित आवास समेत जगमालबीघा, सुकरबेगचक, मुस्तफापुर, चौड़ा तथा नालंदा जिले के खिदरचक सहित कई अन्य स्थानों पर एक साथ दबिश दी। सुबह से शुरू हुई यह कार्रवाई समाचार लिखे जाने तक लगातार जारी थी।

सूत्रों के अनुसार संतोष डन का नाम लंबे समय से विभिन्न आपराधिक मामलों में सामने आता रहा है। वह पटना जिले के टप-10 अपराधियों की सूची में शामिल


संतोष के ठिकाने पर छापेमारी।

बताया जाता है तथा उस पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित है। आर्थिक अपराध इकाई की यह कार्रवाई कथित रूप से उसकी संपत्तियों, आर्थिक गतिविधियों और आय के स्रोतों की जांच से जुड़ी मानी जा रही है। छापेमारी के दौरान विभिन्न दस्तावेजों, बैंकिंग रिकर्ड, जमीन-जायदाद से संबंधित कागजात तथा अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों की जांच की जा रही है। कई स्थानों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं ताकि कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

ईओयू की इस व्यापक कार्रवाई से पूरे इलाके में चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों की नजरें जांच एजेंसी की अगली कार्रवाई और संभावित खुलासों पर टिकी हुई हैं। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक आर्थिक अपराध इकाई की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था। बताया जा रहा है कि जांच पूरी होने के बाद एजेंसी द्वारा विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई तय होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### यह गवर्नमेंट ऑफ इंडिया नहीं गवर्नमेंट ऑफ अडानी है : सपा

**मुंगेर।** संगठन की मजबूती बढती महंगाई एवं जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार, प्रशासनिक जुल्म, डीसीएलआर एवं अंचल पदाधिकारी द्वारा गरीबों की हकमारी करने सहित कई अन्य सवालों को लेकर सपा जिलाध्यक्ष पप्पू यादव लगातार क्षेत्र के किसानों नौजवानों व महिलाओं से संपर्क कर सरकार के जनविरोधी नितियों के विरुद्ध जन आंदोलन खड़ा करने के उद्देश्य को लेकर जन संपर्क स्थापित कर रहे हैं। इसी क्रम में मुंगेर जमालपुर क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर महिलाए किसान नौजवान बुद्धिजीवियों से मिलने के क्रम में सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि अब आवाम गवर्नमेंट आफ इंडिया मे नहीं अडानी अफ इंडिया में जी रहे हैं जहां


जन संपर्क करते सपा जिलाध्यक्ष पप्पू यादव।

आम जनता महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार और प्रशासनिक जुल्म के शिकार है और चाहे केन्द्र की सरकार हो या राज्य की सरकार चंद पूंजीपति घरानों की कठपुतली बन आम जन का शोषण कर रही हैं जिसके मुखालफत के लिए किसान मजदूर छात्र नौजवान महिलाएं तैयार रहे।समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकांत झा ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री खूब विकास की दुहाई दे रहे हैं लेकिन अपने गृह जिला मुंगेर के डीसीएलआर से लेकर जिले के सभी सीओ के लुट संस्ति पर नकेल कसने में फिसड्डी साबित हो रहे हैं और डीसीएलआर और सीओ गरीबों की हकमारी करने के लिए अपने कार्यालय में दुकान चला रहे हैं । सपा इस लुट खसोट को लेकर बडे आन्दोलन की तैयारी में है। मिडिया प्रभारीघ मनोज क्रांति धरहरा प्रखण्ड अध्यक्ष नीरज यादव ने क्षेत्र के किसान मजदूर युवाओं से जिले में व्याप्त भष्ट्राचार लूट खसोट प्रशासनिक व पुलिया जुल्म के विरुद्ध आन्दोलन की अपील की।मौके पर ईश्वर मंडलघ कालेश्वर महतो लक्ष्मण मंडल बाल्मीकि सिंह अनिल सिंह राजेश झा उत्तम शर्मा गोपाल यादव नीरज मंडल चन्द्रशेखर यादव सहित किसान युवा बुद्धिजीवी आदि उपस्थित थे।

### हर दर्द की दवा है जमालशाह के शहर में... पर रात भर झुमते रहे श्रोता

**जमालपुर (मुंगेर)।** क्यों आके रो रहा है जमालशाह के शहर में, हर दर्द की दवा है जमालशाह के शहर में तथा ये मुकाम मौला अली का है, जो बिका मोहम्मद के नाम वो गुलाम अली का है और उसे चूम ले बाबा समझ तू जो उनकी पत्थर उनकी गली का है जैसे सूफियाना संगीत के महफिल में कव्वालों ने अपनी बेतरीन गीत, गजल व नात पेश कर श्रोताओं को रात भर भक्ति के सागर में डुबोता रहा। मौका था जमालशाह बाबा का 379वां सालाना उर्स पर शुक्रवार की देर रात आयोजित कव्वाली जश्ने महफिल का। एक तरफ गया के मुनव्वर ताज और दूसरी तरफ भागलपुर के महमूद ताज के बीच जुगलबंदी कव्वाली पेशकश से बाबा का मजार पूरे शान में पहुंच गया था, वहीं श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश होना पड़ा। कव्वालों ने जो उनकी नवी का हो गया है


मजार पर दुआ करते गद्दीनशीन।

वो खुदा का हो गया है, मेरे नवी की तरह कोई आया नहीं है, नवी कभी रूलाया नहीं, और मेरे मुस्तफा से बढ़कर नहीं मरतवा किसी का जैसे सुफियाना भक्तिभव भजनों की प्रस्तुतियां दी गयी। इधर मजार पर बाबा के दर्शन करने तथा आशीर्वाद लेने के मुंगेर-जमालपुर के पुलिस पदाधिकारियों तथा रेल अधिकारियों भी पहूंचे। और रात भर दुआ-फातिहा और चादरपोशी की रस्म होती रही। वहीं रातभर भक्तों की भीड़ बाबा के मजार पर उमड़ती रही। लोग अपने मन की मुरादे पूरी करने तथा जमालशाह बाबा का आशीर्वाद लेने के लिए बड़ी शिद्दत से अपनी बारी का इंतेजार करते दिखे। वहीं रातभर मजार के पास मेला जैसा उत्सव रहा। मौके पर गद्दीनशीन मोहम्मद साबिरउद्दीन चिश्ती, हाफिज फैयाज, मो. कादिर, मो़ राजी, मो़ इरफान, मो़ अशफाक खान, मो़ अमन, मो़ अयान,मौलाना आमिर, हाफिज फरहान, हाफिज गुलजार, मौलाना सलाहुद्दीन, हाफिज इम्तियाज, हाफिज शहंशाह, हाफिज अर्श, मो़ इस्लाम चिश्ती, मो़अनुल बसरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### रेल में असामाजिक गतिविधि रोकथाम को लेकर आरपीएफ में चलाया जागरूकता अभियान

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेल यात्रियों के सुरक्षा को लेकर आरपीएफ ने शनिवार को जमालपुर स्टेशन में जागरूकता अभियान का आयोजन किया। प्लेटफार्म पर जागरूकता अभियान के दौरान यात्रियों को महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। जिसमें चलती ट्रेन में चढ़ना या उतरना अत्यंत खतरनाक होता है।इसलिए ऐसा करने से बचें।फुटबोर्ड पर खड़े होकर यात्रा करना स्वयं और दूसरों दोनों के लिए जोखिमपूर्ण है।यात्रियों को यह भी


यात्रियों को जागरुक करते आरपीएफ।

सलाह दी गयी कि किसी अज्ञात व्यक्ति से खाद्य या पेय पदार्थ न लें।क्योंकि इससे खतरा हो सकता है। आरपीएफ कर्मियों ने लोगों से अपील की कि वे पत्थरबाजी जैसी असामाजिक गतिविधियों से दूर रहें और ऐसी कोई भी घटना होने पर तुरंत रेलवे प्रशासन को सूचित करें।यात्रियों को रेलवे सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 139 की जानकारी दी गयी और बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में इस नंबर पर तुरंत संपर्क करें। आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने यात्रियों से सहयोग की अपील की ताकि सभी के लिए सुरक्षित, सहज और जिम्मेदार रेल यात्रा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने अभी कहा कि मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर अवैध होकर एवं वेंडर के विरुद्ध लगातार अभियान चलाते हुए कार्रवाई। मौके पर एसआई विकास कुमार सिंह,हेड कांस्टेबल आरके चौधरी, रोहित कुमार,शमीम कुमार,केके मंडल, केके सिंह सहित कई मौजूद थी।

### दनियावां-शाहजहांपुर नई 33 केवी विद्युत लाइन का सफल चार्जिग, बिजली आपूर्ति होगी बेहतर

**दनियावां।** राज्य योजना के अंतर्गत दनियावां विद्युत उपकेंद्र से शाहजहांपुर तक निर्मित नई 33 केवी विद्युत लाइन का शुक्रवार को सफलतापूर्वक चार्जिंग कार्य संपन्न किया गया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता (परियोजना-५ग्रामीण), विद्युत अधीक्षण अभियंता पटना अंचल सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। नई विद्युत लाइन के चालू होने से दनियावां, सिंगरियावां, शाहजहांपुर तथा आसपास के क्षेत्रों में निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इसके साथ ही क्षेत्र में बढ़ती विद्युत मांग को पूरा करने में भी सहायता मिलेगी। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के क्रियान्वयन से सिंगरियावां के आसपास नए विद्युत उपकेंद्र की स्थापना का मार्ग भी प्रशस्त होगा। नए उपकेंद्र के स्थापित होने से क्षेत्र में बिजली वितरण व्यवस्था और अधिक सुढ़ होगी तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि नई 33 केवी लाइन के चालू होने से औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। विशेष रूप से नए उद्योगों को विद्युत आपूर्ति से संबंधित बाधाओं का सामना नहीं करना पड़ेगा, जिससे क्षेत्र के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को गति मिलेगी। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि नई विद्युत लाइन से लंबे समय से चली आ रही बिजली संबंधी समस्याओं में कमी आएगी और क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी।

# युवा साहित्य कार्यक्रम में गूंजा संताली भाषा और संस्कृति का स्वर

## साहित्य अकादमी एवं जुवान ओनोलिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम, युवा रचनाकारों ने प्रस्तुत की कविताएं और लघुकथाएं

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** भारत सरकार के संस्ति मंत्रालय के अधीन कार्यरत साहित्य अकादमी एवं जुवान ओनोलिया के संयुक्त तत्वावधान में अल इंडिया एससी एवं एसटी रेलवे एम्पलइज एसोसिएशन जमालपुर कारखाना कार्यालय परिसर में युवा साहित्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा संताली साहित्यकारों और रचनाकारों को अपनी साहित्यिक प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच उपलब्ध कराना तथा संताली भाषा एवं साहित्य के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देना था। शुभारंभ स्वागत भाषण के साथ हुआ। शिवसागर सोरेन ने अतिथियों, साहित्यकारों एवं उपस्थित साहित्य प्रेमियों का स्वागत किया।अध्यक्षता साहित्य अकादमी के संताली सलाहकार बोर्ड के सदस्य नाजिर हेम्ब्रम ने की। युवा साहित्यकारों ने संताली भाषा में लघुकथाओं और कविताओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। साहित्यिक प्रस्तुति देने वालों में बिरबल हेम्ब्रम, संजहालो मरांडी, सुबल कुमार मुर्मू, तूड़ा मुर्मू, विनय टुडू, सुशील हांसदा तथा सुनील मरांडी शामिल थे। प्रतिभागियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से संताली समाज, संस्ति, परंपराओं



युवा साहित्य कार्यक्रम को संबंध करते यूनियन नेता।

और समकालीन सामाजिक विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में नाजिर हेम्ब्रम ने कहा कि युवा पीढ़ी साहित्य के माध्यम से अपनी भाषा, संस्ति और पहचान को सशक्त बना सकती है। उन्होंने कहा कि संताली साहित्य के विकास और विस्तार में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। साथ ही साहित्य अकादमी द्वारा युवा रचनाकारों को प्रोत्साहन दिए जाने की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में महेंद्र कुमार हांसदा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर मुनेश्वर टुडू,श्रवण,सुखलाल बेसरा, बेसरा, चंपा कुमारी हेम्ब्रम, सरिता कुमारी, ठाकुर मुन्नी, बुलबुल हेम्ब्रम, शिबू बास्के गोपाल मरांडी, अभिनाश किस्कू सहित साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार मधेपुरा के सगे भाइयों को मारी टक्कर

**आरा/कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया टोल प्लाजा के समीप शनिवार की दोपहर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार मधेपुरा निवासी सगे भाइयों को टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मियों में मधेपुरा जिले के मधेपुरा थाना क्षेत्र के पिठाई गांव निवासी राजीव रंजन के पुत्र सुलूक आनंद एवं चंदन कुमार शामिल हैं। चंदन ने बताया कि वह अपने भाई सुलूक कुमार के साथ मधेपुरा से ट्रेन से पटना उतरा। वहां से बाइक से ग्रेजुएशन की परीक्षा देने उत्तर प्रदेश के वाराणसी जा रहा था। इसी दौरान कुल्हड़िया टोल प्लाजा के समीप रॉन्ग साइड से आकर अज्ञात वाहन उसके बाइक में टक्कर मार दी।

### मुख्यमंत्री करेंगे षिलान्यास

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री के बाणासुर इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क में प्रस्तावित शिलान्यास एवं जनसभा कार्यक्रम के अवसर पर यातायात, पार्किंग एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था में दलाव किया गया है। सभी नागरिकों से अपील की गयी है कि कार्यक्रम के दौरान निर्धारित यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था का अनुपालन करें तथा प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

### रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में हुए शामिल

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का सांगठनिक चुनाव एवं राष्ट्रीय अधिवेशन नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशनल हाल में किया गया। इसमें राष्ट्रीय लोक मोर्चा के वरीय नेता प्रो. राणा प्रताप कुशवाहा, मुमताज वारसी राष्ट्रीय महासचिव, (अल्पसंख्यक गोविंद कुशवाहा, संतोष चंद्रवंशी, प्रदेश महासचिव, राजेश कुशवाहा प्रदेश महासचिव, नागेंद्र यादव प्रदेश महासचिव, शत्रुघ्न कुशवाहा प्रदेश सचिव, ललन कुशवाहा प्रदेश सचिव, गोविंद कुशवाहा युवा नेता, वासुदेव कुशवाहा पीरो प्रखंड अध्यक्ष आदि शामिल थे।

### भोजपुरी कलाकार महासंघ की बैठक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुरी कलाकार महासंघ की बैठक श्रीकृष्ण चेतना



समिति सभागार आरा में की गई। अध्यक्षता कारीसाथ निवासी शिक्षक नित्यानंद सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में रामसकल सिंह भोजपुरिया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कलाकार महासंघ के जिला अध्यक्ष ब्यास गोपाल यादव उपस्थित हुए। संचालन एरौरा निवासी कन्हैया ब्यास ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन में अधिक से अधिक कलाकारों को जोड़ा जाए। बैठक मे ब्यास गुड़िया देवी, ब्यास तेरेनाम लहरी, ब्यास सरोज यादव, बिपिन यादव, कलु सिंह, श्याम बिहारी ठाकुर, विजय यादव, ज्ञानी गौतम, बबुआ विनोद, मनोज यादव, बंटी ओझा, राजा अरुण सहनी, कवि राज जी नागा ब्यास, अमरदीप ब्यास अर्जुन बाबू शामिल हुए।

### भूमि एवं रास्ता विवाद के दो दर्जन मामलों की हुई सुनवाई



**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** अंचल कार्यालय में भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई अंचलाधिकारी प्रियंका कुमारी की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान लगभग दो दर्जन मामलों की सुनवाई हुई तथा कई मामलों में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। सुनवाई के दौरान कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी गांव निवासी जुगल कुमार गुप्ता एवं रविंद्र साव के बीच निजी जमीन पर बाउंड्री निर्माण को लेकर विवाद का मामला सामने आया। प्रथम पक्ष ने आरोप लगाया कि उनकी खाली जमीन पर दूसरे पक्ष द्वारा बाउंड्री बना दी गई है। दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद अंचलाधिकारी ने संबंधित अमीन एवं राजस्व कर्मचारी को दो सप्ताह के भीतर मामले की जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। साथ ही दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने का आदेश दिया गया। वहीं, कोईलवर वार्ड संख्या-9 में संतोष कुमार एवं चंद्रदीप राय के बीच 30 डिसमिल जमीन की जमाबंदी को लेकर उत्पन्न विवाद की भी सुनवाई हुई। अंचलाधिकारी ने संबंधित राजस्व कर्मचारी को दोनों पक्षों के रजिस्टर-2 की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। गीधा थाना क्षेत्र से मृत्युंजय सिंह एवं मुन्नी देवी के बीच रास्ता विवाद का मामला भी सुनवाई में आया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर रास्ता बाधित करने का आरोप लगाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अंचलाधिकारी ने दोनों पक्षों को रास्ता अवरुद्ध नहीं करने का निर्देश दिया तथा प्रथम पक्ष को भूमि मापी के लिए आवेदन देने को कहा। मापी रिपोर्ट आने के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। चांदी थाना क्षेत्र से सहयोग पोर्टल के माध्यम से प्राप्त रास्ता विवाद के एक मामले में अंचलाधिकारी ने अमीन को स्थल जांच कर वस्तुस्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

# 80 साल से ज्यादा उम्र के लोग अब घर बैठे करा सकेंगे रजिस्ट्री

**जिला मुख्यालय में निबंधन कार्यालय के भवन का मंत्री ने किया उद्घाटन**

दैनिक नवसंदेश

**आरा।** जिला मुख्यालय में नवनिर्मित निबंधन कार्यालय भवन का उद्घाटन बिहार सरकार के मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री मदन सहनी और उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार निबंधन व्यवस्था को आधुनिक और जनसुलभ बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। इसके तहत 80 साल से अधिक आयु के लोगों को घर बैठे निबंधन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि विभाग को चरणबद्ध तरीके से पूरी तरह पेपरलेस बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार हर क्षेत्र में विकास के लिए बेहतर कार्य कर रही है।

मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आम लोगों को बेहतर और आसान सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसी उद्देश्य से आधुनिक सुविधाओं से लैस नए भवन का निर्माण कराया गया है। मंत्री ने बताया कि निबंधन प्रक्रिया को और सरल बनाने के लिए डीड राइटर और स्टांप वेंडरों को भी सेवा प्रदाता के रूप में नामित किया गया है। इनके माध्यम से लोगों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग में डिजिटल व्यवस्था को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है और आने वाले समय में अधिकांश काम ऑनलाइन और पेपरलेस माध्यम से संपन्न होंगे। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधा से लेकर अन्य सुविधाओं की विस्तार से चर्चा की।



समारोह का शुभारंभ करते मंत्री मदन सहनी, संजय सिंह टाइगर और अन्य।

मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कहा कि सरकार का उद्देश्य आम जन तक सरलता से सेवाएं उपलब्ध कराना है। आईजी निबंधन अंशुल अग्रवाल ने कहा कि विभाग निबंधन के क्षेत्र में क्रेता और विक्रेता को बेहतर सुविधा देने के लिए कृत संकल्पित है।

इसके पूर्व स्वागत जिलाधिकारी सह जिला निबंधन पदाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं धन्यवाद ज्ञापन अवर निबंधक तारकेश्वर पांडेय ने किया। मौके पर विधायक राधा चरण साह, महेश पासवान, विधान पार्षद सोनू राय, डॉ. भीम सिंह भवेश, उपमहापौर पूनम देवी, छोटु कुमार सिंह, उप महानिरीक्षक डॉ. संजय कुमार, रीवा चौधरी, समाजसेवी अजय कुमार सिंह, अपर समाहर्ता डॉ. शशि शेखर सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी नवीन कुमार सहित काफी संख्या में शहर के लोग उपस्थित थे।

**राजस्व वसूली 15 हजार करोड़ पहुंचाने का लक्ष्य**

मंत्री ने कहा कि साल 2005 से पहले निबंधन विभाग से 400 करोड़ रुपये का भी राजस्व हासिल नहीं होता था, जबकि आज यह आंकड़ा 10 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने दावा किया कि अगले साल विभाग का राजस्व 15 हजार करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

## हादसे में बक्सर के बाइक सवार युवक की गयी जान

**आरा/चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)।** चरपोखरी थाना क्षेत्र के चरपोखरी एवं नगरांव गांव के बीच शुक्रवार की शाम कार ने बाइक सवार बक्सर निवासी युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद इलाज के दौरान पीएमसीएच में उसने दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार मृतक बक्सर जिले के सोनवर्षा थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी दीनानाथ तिवारी का 29 वर्षीय पुत्र सुमंत तिवारी उर्फ दीपक तिवारी है। मृतक के चाचा विपिन तिवारी ने बताया कि वह शुक्रवार को बाइक से घर से चरपोखरी थाना क्षेत्र के बराड़ गांव स्थित अपनी ससुराल में शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। उसी दौरान चरपोखरी एवं नगरांव गांव के समीप कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे के बाद परिजन उसे सदर अस्पताल से पीएमसीएच ले गए थे जहां इलाज के दौरान शनिवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। स्थानीय पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम पीएमसीएच में कराया। बताया जाता है कि मृतक दो भाई व एक बहन में बड़ा था। उसके परिवार में पत्नी गुड़िया देवी सहित पुत्र डुग्गूजी एवं पुत्री रूपक है। घटना के बाद मृतक के घर में रोना-धोना मच गया। मृतक की पत्नी गुड़िया देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## 24 घंटे से जाम में फंसी मशीन को एसपी ने एस्कार्ट करवाकर बाहर निकलवाया

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार में उद्योगों के विस्तार को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है और उद्यमियों की समस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसकी एक मिसाल भोजपुर जिले में देखने को मिली, जहां सहार-कोईलवर मार्ग पर करीब 15 करोड़ रुपये मूल्य की अत्याधुनिक मशीन लेकर जा रहा ट्रक-ट्रेलर बालू लदे वाहनों के कारण जाम में फंस गया। यह मशीन इटली से मंगाई गई थी और इसे बिहटा में निर्माणाधीन लोर मिल में स्थापित किया जाना है। भारत प्लस ग्रुप के अध्यक्ष अजय सिंह द्वारा मंगाई गई इस मशीन को लेकर आ रहा ट्रक-ट्रेलर लगभग 24 घंटे तक जाम में फंसा रहा और 500 मीटर भी आगे नहीं बढ़ सका। स्थिति से परेशान होकर कारोबारी ने आधी रात में भोजपुर एसपी राज को



व्हाट्सएप पर संदेश भेजकर सहायता की गुहार लगाई। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की और पुलिस टीम को ट्रक-ट्रेलर को एस्कार्ट कर जाम से निकालने का निर्देश दिया।

## राजस्व कर्मचारी को कार्यालय में घुस जान से मारने की दी धमकी

**तीन नामजद और पांच अज्ञात पर नवादा थाने में प्राथमिकी दर्ज**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** अंचल कार्यालय आरा सदर में राजस्व कर्मचारी और प्रभारी अंचल निरीक्षक के साथ गाली गलौज, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में भुक्तभोगी ने नवादा थाने में लिखित आवेदन देकर तीन नामजद व अन्य पांच संदिग्ध पर एफआईआर दर्ज करवायी है।

आवेदन में बहुआरा गांव निवासी स्व. ओम प्रकाश सिंह के पुत्र विष्णु देव सिंह ने कहा कि मैं वर्तमान में अंचल कार्यालय आरा सदर में राजस्व कर्मचारी और प्रभारी अंचल निरीक्षक के पद पर कार्यरत हूं। लगभग साढ़े 10 बजे से साढ़े पांच बजे तक मौलाबाग में अतिक्रमण कार्यो में था। अतिक्रमण कार्य के बाद वहां से कार्यालय पहुंच। तभी अर्पित कुमार का फोन लगभग 6:30 बजे निजी मोबाइल पर आया। उन्होंने बोला कि मेरा और मेरे सभी मित्रों का नहीं होगा, तो मैंने बताया कि सभी का काम करेंगे। उसके बाद लगभग 7 बजे सभी लोग मुंह में गमछा बांधकर कार्यालय में आ धमके। सभी के पास कमर में हथियार था। मैं अमित ऑपरेटर के पास लेकर ऑनलाइन पोर्टल कार्य करवा रहा था। तभी मेरे पास आकर गाली-गलौज करने लगा। खींचातानी करने का प्रयास और बाहर ले जाने ले जाकर जान मारने का प्रयास किया। मौके पर वरीय लिपिक सचिन कुमार सिंह, अमित अपरेटर ने किसी तरह जान बचाई। मेरा परिवार ब्लॉक रोड में रहता है। इस संबंध में भुक्तभोगी ने अर्पित सिंह, सुबोध कुमार, अजहर व अन्य पांच संदिग्धों पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## नाबालिग सहित पांच शातिर दबोचे गए, स्कॉर्पियो जब्त

**कांड करने के पहले पकड़े गए पांचो, हथियार जब्त**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिले की सिन्हा पुलिस द्वारा अवैध हथियार एवं कारतूस के पांच बदमाश को गिरफ्तार किया। एक नाबालिग को भी पकड़ा। उनकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के महुदही गांव से हुई। तालाशी के दौरान उनके पास से एक देशी पिस्टल एवं एक कारतूस बरामद किया गया। साथ पुलिस ने स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया।

गिरफ्तार बदमाशो में बड़हरा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी रजनीश कुमार, उसी गांव के नंदू कुमार, दुर्गेश कुमार, सिन्हा थाना क्षेत्र के महुदही गांव निवासी चंदन कुमार, उसी गांव का प्रियांशु कुमार शामिल है। नाबालिग भी महुदही का निवासी है। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि महुदही गांव में स्कॉर्पियो पर सवार छह लोग दिखे है। वे हथियार लिये हुए हैं। सभी किसी घटना को कारित करने के प्रयास में है। सूचना के सत्यापन उपरांत पुलिस वहां पहुंची और घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इसके पश्चात सिन्हा थाना में पुलिस ने सभी बदमाशों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी।

## हथियार व कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** करनामेपुर थाना पुलिस द्वारा अवैध हथियार कारतूस के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। उनकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के ईश्वरपुरा गांव स्थित मुर्गी फार्म के पास से की गयी। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से एक देशी कट्टा, सात कारतूस एवं दो मोबाइल बरामद की। उनके पास रही बाइक को भी जप्त कर लिया गया। गिरफ्तार बदमाशों में करनामेपुर थाना क्षेत्र के लालू के डेरा गांव निवासी रविंद्र कुमार यादव एवं उसी थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव का निवासी गंगा सागर यादव है।

पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि करनामेपुर पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की ईश्वरपुरा गांव स्थित मुर्गी फार्म के पास एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति हथियार के साथ



दिखे हैं तथा वे किसी घटना को कारित करने के प्रयास में लगे हैं। करनामेपुर थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इसके पश्चात करनामेपुर थाना में पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। गिरफ्तार गंगा सागर यादव का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है।

## निबंधन कार्यालय में किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला निबंधन कार्यालय के सौंदर्यीकरण एवं विस्तारीकरण कार्यक्रम के दरमियान रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में मंत्री मदन सहनी एवं अन्य लोगों ने रक्तदान करने वालों को प्रोत्साहित किया। शिविर में वरिष्ठ पत्रकार कंचन किशोर सहित करीब 15 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर जिला अवर निबंधक तारकेश्वर पांडेय ने कहा कि कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर रक्तदान शिविर के आयोजन से मानवता की सेवा के प्रति लोगों का रूझान दृष्टिगोचर हुआ। उन्होंने रक्तदान करने वालों सहित सहयोग करने वालों के प्रति अभार



जताया। मौके पर रेड क्रस के चिकित्सा डॉ. वीरेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. प्रतीक, केएम अग्रवाल उर्फ टिकू एवं सचिव विभा कुमारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## राजस्व महाअभियान के आवेदनों की स्कैनिंग व अपलोडिंग का कार्य तेज

**एक दिन में कोईलवर प्रखंड की सभी 17 पंचायतों एवं नगर पंचायत क्षेत्र के 500 आवेदनों की स्कैनिंग, अपलोडिंग और ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी की गई**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के निर्देश पर कोईलवर अंचल कार्यालय में राजस्व महाअभियान के तहत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है।

शनिवार को अंचल कार्यालय में बड़ी संख्या में आवेदनों की स्कैनिंग, अपलोडिंग एवं ऑनलाइन अप्लाई करने का कार्य किया गया। राजस्व अधिकारी राजभूषण सिंह ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 11 जून से 17 जून तक विशेष महाअभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत पिछले वर्ष राजस्व महाअभियान के दौरान प्राप्त आवेदनों को डिजिटल माध्यम से अपडेट करने, स्कैनिंग करने तथा संबंधित पोर्टल पर अपलोड कर अप्लाई किया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने के लिए अंचल कार्यालय में दो दर्जन से अधिक अमीनों एवं राजस्व कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। राजस्व अधिकारी ने बताया कि शनिवार को कोईलवर प्रखंड की सभी 17 पंचायतों एवं नगर पंचायत क्षेत्र से संबंधित 500 आवेदनों की स्कैनिंग, अपलोडिंग एवं ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी की गई। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे आम लोगों को राजस्व संबंधी सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके। राजभूषण सिंह ने कहा, 11 जून से 17 जून तक विशेष महाअभियान के तहत प्राप्त आवेदनों को व्यवस्थित रूप से स्कैन कर पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है।

## चौथे वर्ष में प्रवेश के लिए 7.5 सीजीपीएस अनिवार्य

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** वीकेएसयू ने नई शिक्षा नीति के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के चौथे वर्ष यानी सातवें सेमेस्टर में नामांकन को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किया है। छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. ओपी राय की ओर से जारी अधिसूचना में सत्र 2023-27 के छठे सेमेस्टर में उत्तीर्ण छात्रों के लिए सातवें सेमेस्टर में नामांकन की पात्रता स्पष्ट कर दी गई है। निर्देश के अनुसार, छठे सेमेस्टर में उत्तीर्ण वैसे छात्र-छात्राएं जिनका सीजीपीएस 7.5 से कम है, उनका सातवें सेमेस्टर में नामांकन नहीं होगा। ऐसे विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद स्नातक डिग्री दी जाएगी। विवि ने स्पष्ट किया है कि चार वर्षीय पाठ्यक्रम के चौथे वर्ष में प्रवेश के लिए न्यूनतम 7.5 सीजीपीएस अनिवार्य होगा। वहीं, जिन विद्यार्थियों का सीजीपीएस 7.5 या उससे अधिक है, वे सातवें सेमेस्टर में नामांकन के पात्र होंगे। हालांकि, पात्र होने के बावजूद यदि कोई सातवें सेमेस्टर में नामांकन नहीं चाहता है, तो उसे अपने महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से विवि को आवेदन देना होगा। विवि प्रशासन का कहना है कि यह व्यवस्था एनईपी-2020 के प्रावधानों और विवि द्वारा स्वीकृत ऑर्डिनेंस एवं रेगुलेशन के अनुरूप लागू की जा रही है।

## बारह वर्षों के मोदी शासन में देश वैश्विक स्तर पर ऊपर बढ़ा : शाहनवाज

**मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने किया मीडिया संवाद**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भारतीय जनता पार्टी भोजपुर द्वारा आरा परिसदन सभागार मे केन्द्र मे मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता मे मीडिया संवाद हुआ। मीडिया संवाद मे पूर्व केन्द्रीय मंत्री सह राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन मुख्य वक्ता के रूप मे शामिल हुए। मीडिया संवाद करते हुए शाहनवाज हुसैन ने कहा कि केन्द्र में 12वर्षो से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे एनडीए की सरकार है।आज मोदी जी देश के सबसे लम्बे समय तट प्रधानमंत्री रहने का कीर्तिमान बना लिए है। इन बारह वर्षो मे देश वैश्विक स्तर पर ऊपर बढ़ गया है। सबका साथ,सबका विकास,सबका विश्वास एवं सबका प्रयास से देश आत्मनिर्भर बन रहा है और विकसित भारत की ओर तेजी से बढ रहा है। उन्होने केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।भारत की विदेश नीति अधिक प्रभावी और निर्णायक बनी।रूस-यूक्रेन,इजरायल- हमास जैसे संकटो के दौरान भारतीयों को सुरक्षित वापस लाया गया।भारत की बात आज वैश्विक मंचो पर गंभीरता से सुनी जाती है। उन्होंने कहा कि 12वर्ष सेवा के सुशासन विकसित भारत की मजबूत नींव के है। मोदी सरकार के 12 वर्ष केवल एक सरकार की उपलब्धियों का लेखा जोखा नही,बल्कि विकसित भारत के निर्माण की मजबूत आधारशिला है। मीडिया संवाद मे जिला मीडिया प्रभारी संजय कुमार सिंह, विधायक महेश पासवान, विधानपार्षद जीवन कुमार, प्रदेश मंत्री सुषमा साहु, मिथलेश कुशवाहा, राजेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र सिंह, हरेन्द्र पाडेय, सीडी शर्मा, ज्योति प्रकाश कुशवाहा, निशांत सेंगर ,विभु जैन,आदि उपस्थित थे।



आरा में मीडिया से मुखातिब भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन।

## आठ महीने बाद भी नहीं हुआ वाहनों का किराया भुगतान

**2025 के विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग ने इन वाहनों का किया था उपयोग**

**क्षुब्ध वाहन मालिक अब बना रहे आंदोलन में उतरने का मूड**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को संपन्न कराने में लगाए गए अधिकतर वाहनों के दैनिक भत्ता का भुगतान अब तक नहीं हुआ है। चुनाव संपन्न हुए करीब आठ महीने का समय बीत चुका है। लेकिन, जिले के दो हजार से अधिक वाहनों का चुनाव कार्य का दैनिक भत्ता का भुगतान अभी नहीं हुआ है। ऐसे में वाहन मालिक परिवहन कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। कई वाहन मालिक अब आंदोलन करने का मन बना रहे हैं। परिवहन कार्यालय के अनुसार जिले में चुनाव कार्य पूरा कराने में लगे वाहनों का लॉगबुक समेत अन्य कागजात जमा कर पटना भेजा जा चुका है। वाहनों के दैनिक भत्ता का भुगतान चुनाव आयोग पटना से ही किया जाता है। सभी वाहनों के कागजात जांच कर पटना भेज दी गई है।

12JUN DNS PAGES_page dummy final.qxd 14-06-2026 02:45 Page 3



## संक्षिप्त खबरें

### मोबाइल छीनने के विवाद में युवक की हत्या का आरोप पत्नी ने थाने में दिया आवेदन

**कुर्था (एनएसबी) ।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के मानिकपुर मठिया गांव में एक युवक की संदिग्ध मौत को लेकर नया मोड़ आ गया है। मृतक की पत्नी ने थाने में आवेदन देकर गांव के ही एक व्यक्ति पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मृतक की पत्नी फूलवा देवी द्वारा मानिकपुर थाना में दिए गए आबेदन में उन्होंने उल्लेख किया है कि मेरे पति राजू ठाकुर 10 जून की रात अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान गांव के अजय मांझी उनके घर पहुंचे और कथित रूप से गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि अजय मांझी ने जबरन राजू ठाकुर का मोबाइल फोन छीन लिया। जब राजू ठाकुर ने अपना मोबाइल वापस मांगा तो आरोपी ने उन्हें जमीन पर पटक दिया तथा आंगन में रखे मसाला पीसने वाले सिलबट्टे से उनके सीने पर वार कर दिया। आवेदन में कहा गया है कि घटना में गंभीर रूप से घायल राजू ठाकुर का स्थानीय स्तर पर इलाज कराया गया, लेकिन उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। इसके विगत बाद 11 जून को उन्हें बेहतर इलाज के लिए कुर्था अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में उनकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने मानिकपुर थाना में दिए गए आवेदन में कहा कि अजय मांझी को घटना का जिम्मेदार बताते हुए मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस बाबत पूछे जाने पर मानिकपुर थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय ने बताया कि केस दर्ज कर ली गई हैं आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### श्राद्धकर्म सह श्रद्धांजलि सभा में स्व. सीता प्रसाद जी को भावभीनी श्रद्धांजलि

**जहानाबाद (एनएसबी)।** काको प्रखंड के नेरथुआ मठ निवासी तथा बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व सह खेल एवं कला संस्कृति मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी के चाचा स्वर्गीय सीता प्रसाद जी के निधन के उपरांत आयोजित श्राद्धकर्म सह श्रद्धांजलि सभा में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं, ग्रामीणों एवं परिजनों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में वक्ताओं ने स्व. सीता प्रसाद




जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए कहा कि वे सरल, मिलनसार एवं उच्च विचारों वाले समाजसेवी व्यक्ति थे। उन्होंने जीवनभर सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों का निर्वहन किया तथा अपने व्यवहार से लोगों के बीच विशेष सम्मान प्राप्त किया। उनके निधन को समाज एवं परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया। श्रद्धांजलि सभा के अंत में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी, राजद जिला प्रधान महासचिव परमहंस राय, जिला उपाध्यक्ष अवधेश चंद्रवंशी, जदयू के वरिष्ठ नेता जयप्रकाश चंद्रवंशी, पूर्व मुखिया हरिलाल यादव, जगदीश यादव, संत प्रसाद, राजद नेता डॉ. रविकांत, मुंगेश्वर यादव, शत्रुघ्न कुमार, भाजपा नेता विजय कुमार सत्कार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं परिजन उपस्थित रहे। सभी ने स्व. सीता प्रसाद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त की।

### नल-जल योजना एवं चापाकलों की स्थिति पर डीएम सख्त, 48 घंटे में सुधार के निर्देश

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने जिले में नल-जल योजना एवं चापाकलों की स्थिति की समीक्षा करते हुए पेयजल व्यवस्था में लापरवाही पर गहरी नाराजगी जताई। समीक्षा में पाया गया कि जिले में स्थापित 12,127 चापाकलों में लगभग एक हजार चापाकल अकार्यरत हैं,



जबकि 82 नल-जल योजनाएं भी बंद पड़ी हैं। डीएम ने पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को सभी अकार्यरत चापाकलों की मरम्मत 15 जून तक पूर्ण कराने तथा मरम्मत योग्य नहीं होने वाले चापाकलों को चिन्हित कर हटाने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित कनीय अभियंताओं को क्षेत्र भ्रमण कर पंचायतवार दैनिक प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा। नल-जल योजनाओं की समीक्षा के दौरान डीएम ने 82 अकार्यरत योजनाओं को 48 घंटे के भीतर चालू कराने का कड़ा निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि योजना से छूटे सभी घरों को प्राथमिकता के आधार पर जलापूर्ति कनेक्शन से जोड़ा जाए। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि भीषण गर्मी में आमजन को स्वच्छ एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी निदेर्शों के अनुपालन की रिपोर्ट 16 जून तक उपलब्ध कराने का आदेश दिया। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि क्षेत्र में कोई चापाकल अथवा नल-जल योजना खराब होने पर इसकी सूचना संबंधित प्रखंड कार्यालय, पंचायत प्रतिनिधि, पीएचईडी अथवा जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06114-223013 पर दें।

### मखदुमपुर नगर पंचायत द्वारा शानदार सफलतम छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

**मखदुमपुर।** नगर पंचायत की नई और शानदार पहल देखने को मिली जिससे मखदुमपुर नगर पंचायत के छात्र-छात्राओं को एक बड़ा प्रोत्साहन मिला जी हां जहानाबाद के मखदुमपुर में मखदुमपुर नगर पंचायत के सौजन्य से स्थाई कमेटी के सदस्य व वार्ड पार्षद रितेश कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा के अथक प्रयास से मखदुमपुर नगर पंचायत में 10इँ 12इँ में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं अपनी काबिलियत से बिहार सरकार भारत सरकार में नौकरी पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत



एवं सम्मानित किया गया जिसके लिए मखदुमपुर में एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कुर्मा संस्कृति मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन शंकर कुमार शर्मा द्वारा दीप प्रवज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी सीमा कुमारी नगर पंचायत के चेयरमैन एवं उप चेयरमैन सहित सभी वार्ड पार्षद के साथ-साथ काफी संख्या में बुद्धिजीवी एवं गण्यमान्य मौजूद थे इस अवसर पर सबसे पहले आए अतिथियों को समाजसेवी स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य वार्ड पार्षद रितेश कुमार और चुन्नू शर्मा द्वारा अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया तत्पश्चात 10इँ तो 12इँ में एवं अपनी काबिलियत से इस वर्ष बिहार सरकार एवं भारत सरकार में नौकरी पाने वाले सभी को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया पुरस्कृत एवं सम्मानित होकर छात्र-छात्राएं काफी प्रफुल्लित खुश एवं प्रोत्साहित दिख रहे थे इस अवसर पर मुख्य अतिथि शंकर कुमार शर्मा ने सभी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि यह जो हम किताबों से ज्ञान हासिल करते हैं यह इनफॉरमेशन है यानी सूचना है और इस सूचना के आधार पर इस ज्ञान के आधार पर अगर आप कुछ क्रिएट करते हैं तब आप काबिल माने जाएंगे ज्ञानी माने जाएंगे वहीं इस अवसर पर रितेश कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा ने सभी बच्चों एवं उनके माता-पिता को शुभकामनाएं देते हुए कहा यह हम लोगों की सोच है कि हमारे क्षेत्र के बच्चे सबसे आगे रहे यही वजह है कि 10वीं, 12वीं एवम अन्य क्षेत्रों में सफलता हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया।

# हल्की बारिश से बाजारों में लगा जलजमाव, आम लोग परेशान

## सालों जलजमाव से परेशान है शहरतेलपा एवं बेलखरा बाजार के लोग

**शहरतेलपा (एनएसबी)।** अभी बारिश की मौसम का शुरूआत पूर्ण रूप से हुआ नहीं है लेकिन उसके पहले ही हल्के ही बारिश के बाद करपी प्रखंड क्षेत्र के करपी शहर तेलपा बेलखारा आदि बाजारों में जल जमाव की समस्या देखने को मिल रही है ।वैसे तो इन बाजारों में जल जमाव की समस्या सालों भर बना रहता है लेकिन बारिश के मौसम में यह समस्या सड़क को झील में तब्दील कर देती है। शहर तेलपा बाजार में जहां बाजार से निकलने वाली नाली का आधा निर्माण कर छोड़ दिया गया है जिससे पूरे बाजार का पानी नाली से होते हुए आकर शहर तेलपा मेहंदिया मुख्य पथ पर दलित बस्ती के पास आकर पानी का बहाव होता है जिससे सालों भर यह समस्या बनी रहती है। वही बेलखरा बाजार में नाली का रखरखाव सही नहीं रहने के कारण बाजार के बीचो-बीच जल जमाव की समस्या बारिश के दिनों में ज्यादातर



सड़क पर जलजमाव।

देखी जाती है तो वही करपी बाजार में हाई स्कूल से लेकर बस स्टैंड के पास तक बारिश की दिनों में भारी जलजमाव देखने को मिलता है। वैसे तो इन तमाम सड़कों से प्रत्येक दिन जिला के आला अधिकारी से लेकर जिले के दोनों ही विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि का आवाजाही होता है लेकिन कोई भी इस समस्या को लेकर सजग नहीं दिख रहा है ।शहर तेलपा बाजार से पूर्व दलित बस्ती एवं शहर तेलपा बाजार में हनुमान मंदिर के निकट लगने वाले जल जमाव से कई बार छोटी-मोटी दुर्घटनाएं भी देखने को मिली है ,लेकिन इससे जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों पर कोई असर नहीं पड़ता ।जल जमाव से परेशान लोगों का कहना है कि जीते हुए पंचायत स्तरीय प्रतिनिधि हो या विधानसभा प्रतिनिधि , उनका विकास केवल लोगों के यहां न्योता पूरा करना ही है ।उन्हें विकास कार्यों से कोई लेना-देना नहीं। वहीं अधिकारी केवल राज्य के मुख्यमंत्री के आगमन पर हैं विकास कार्यों की समीक्षा में लगते हैं। जिले के आला अधिकारियों को लोगों की परेशानी से कोई मतलब नहीं। बेलखरा बाजार के लोगों ने कहा कि कुछ दिन पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन पर जिले के अधिकारी हरकत में आये थे तब बाजार के दोनों छोरो पर लगने वाली जलजमाव की समस्या से निजात मिल था लेकिन फिर से वही स्थिति बन गई है। बारिश के दिनों में लगने वाली जलजमाव की समस्या से जीवन नारकीय हो जाती है।एक दो दिन तक लगातार बारिश और नाली का पानी जमने से बदबू फैलने लगती है जिससे कि उस रास्ते गुजरना और आस पास बैठना उठना दूरभर हो जाता है। करपी बेलखरा एवं शहर तेलपा बाजार के लोगों का कहना है कि अधिकारी एवं नेताओं की निरंकुश्ता को देखते हुए इस वर्ष के बारिश के दिनों में भी यह जलजमाव की समस्या से निजात नहीं मिलता दिख रहा है।

## सिपाही भर्ती परीक्षा का निष्पक्ष एवं सदाचार मुक्त संचालक को लेकर डीएम ने दिये निर्देश



बैठक करते डीएम।

**अरवल (एनएसबी)।** केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार, पटना द्वारा मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अंतर्गत मद्य निषेध सिपाही, गृह विभाग (कारा) के अंतर्गत कक्षपाल तथा परिवहन विभाग के अंतर्गत चलंत दस्ता सिपाही पदों पर नियुक्ति हेतु प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन दिनांक 14 जून 2026 (रविवार) एवं 17 जून 2026 (बुधवार) को दो पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 03:00 बजे से 05:00 बजे तक आयोजित होगी।

**केंद्रीय चयन पर्षद परीक्षा के निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन हेतु व्यापक तैयारी**

**प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को दिया गया आवश्यक मार्गदर्शन**

परीक्षा के स्वच्छ, पारदर्शी, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। जिले के चार परीक्षा केन्द्रों पर स्टैटिक दण्डाधिकारी-सह-प्रेक्षक, जोनल दण्डाधिकारी-सह-समन्वय प्रेक्षक, उड़नदस्ता दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी, अमृषा बैंस द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में प्रतिनियुक्त सभी स्टैटिक दण्डाधिकारियों, जोनल दण्डाधिकारियों, उड़नदस्ता दण्डाधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा-सह-ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण सतर्कता, निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश के समय सघन जांच एवं फ्रिस्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा बिना वैध फोटो पहचान पत्र के किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाए। साथ ही परीक्षा अवधि के दौरान केन्द्रों पर सतत निगरानी बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तत्काल वरीय पदाधिकारियों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

परीक्षा के दौरान वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति निर्धारित मानकों के अनुरूप की जाएगी तथा प्रत्येक पाली में परीक्षा कक्षों का आवंटन रैंडम प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। परीक्षा कार्य में संलग्न सभी कर्मियों के लिए सत्यापित फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य किया गया है। बिना पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति के परीक्षा केन्द्र परिसर में प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी केन्द्राधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा तिथि से पूर्व प्रतिनियुक्त वीक्षकों एवं कर्मियों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें परीक्षा संचालन से संबंधित दिशा-निर्देशों से भली-भांति अवगत कराया जाए तथा परीक्षा के दौरान निर्धारित मानकों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। जिला पदाधिकारी ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित समय से पूर्व पहुंचें, अपने साथ प्रवेश पत्र एवं वैध फोटो पहचान पत्र अवश्य रखें तथा परीक्षा से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं।

## 16 जून को 15 पंचायतों एवं 4 शहरी क्षेत्रों में लगेगा सहयोग शिविर

**जहानाबाद (एनएसबी)।** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, जहानाबाद द्वारा 16 जून को जिले के 15 पंचायतों एवं 4 शहरी क्षेत्रों में सहयोग-सह-जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार शिविर में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहेंगे, जहां नागरिकों की शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन करने के साथ-साथ विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। शिविर के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन,




राशन कार्ड, आयुष्मान भारत, भूमि एवं राजस्व संबंधी मामलों, श्रम विभाग की योजनाओं, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली तथा अन्य सरकारी सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। साथ ही पात्र लाभुकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की कार्रवाई भी की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी पंचायतों एवं नगर क्षेत्रों के नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित शिविर स्थल पर पहुंचकर सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाएं तथा अपनी समस्याओं का समाधान कराएं। जिला प्रशासन का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य शासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए सेवाओं को लोगों के द्वार तक पहुंचाना है।

## कुर्था थाने में लगा एसपी का जनता दरबार दर्जनों की संख्या में पहुंचे

**कुर्था (एनएसबी) ।** राज्य सरकार पर डीजीपी के निर्देश पर राज्य के सभी थानों में एसपी द्वारा लगाए जाने वाले जनता दरबार के निर्देश के बाद शनिवार को कुर्था थाने में अरवल पुलिस अधीक्षक डॉ नवजोत सिमी के द्वारा जनता दरबार लगाया गया। हालांकि जनता दरबार में शनिवार के अहले सुबह से ही फरियादियों की भीड़ लगी रही जैसे ही अरवल पुलिस अधीक्षक जनता दरबार में पहुंचे कि फरियादियों ने अपनी अपनी फरियाद सुनना शुरू की।

जिसे अरवल पुलिस अधीक्षक ने बारी-बारी से सभी का फरियाद सुनकर कई मामले का त्वरित निष्पादन किया तो कई मामले अपने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यथाशीघ्र मामले को निष्पादित किया जाए। हालांकि पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में अरवल पुलिस अधीक्षक डॉ नवजोत सिमी ने बताया कि सुखा नशा को लेकर सभी थानों में टीम गठित कर दी गई है ताकि सूखा नशा के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि उन्होंने कहा कि अरवल जिले के सभी




लोगों की फरियाद सुनते एसपी।

आम आवाम से भी अपील की है कि सूखा नशा की रोकथाम में आपलोग पुलिस का सहयोग करें ताकि जल्द से जल्द सूखा नशा पर लगाम लगाई जा सके। वहीं यातायात के नियमों के संदर्भ में बताया कि यातायात को लेकर पुलिस बल तैनात की जाएगी और मैं तमाम लोगों से अपील करूंगा कि सभी लोग अपने यातायात का नियम का पालन करें। वही चोरी की घटना को लेकर भी उन्होंने कई अहम बातें बताई की चोरी की घटना को लेकर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है वही पैंथर पुलिस को लेकर भी लगातार बात चल रही है बहुत जल्द पैंथर पुलिस की भी तैनाती की जाएगी।

## हाजी मोहम्मद ईसा साहब की स्मृति में विशाल' मजलिस

**अरवल (एनएसबी) ।** शुक्रवार को सायंकाल नमाज के पश्चात कांग्रेस नेता व अरवल ब्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता निसार अख्तर अंसारी के पिता व समाज सेवी स्व.हाजी मोहम्मद ईसा साहब की स्मृति में उनके परिवार वालों द्वारा एक विशाल श्रद्धांजलि सभा, मजलिस ईशार्ले शवाब धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों लोगों ने उपस्थित होकर उन्हें खराजे अकिदत पेश किया।

खराजे अकिदत पेश करने वालों पुर्व बिधायक महानंद सिंह, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश नेता डां धनंजय शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद कैफ, डां राम बिनय सिंह, राजद अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष शमीम अख्तर, असलम अंसारी, जिला पार्षद रंजन यादव, वार्ड पार्षदगण नुरैन जौहर, गुड़िया कुमारी, इसलाम अंसारी, पुर्व पार्षद सईद कुरैशी, अली इमाम, पत्रकार आजाद खान, आरिफ हुसैन, मोजाहीद हुसैन चीना, बरकतुल्लाह राही, सहीत बहुत सारे गणमान्य लोगों के साथ ही सैकड़ों लोग इस कार्यक्रम में शिरकत किए। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातःकाल पवित्र कुरआन के पाठ से हुआ। जिसमें हाफिज अबू कमर साहब द्वारा पवित्र कुरआन की भावपूर्ण तिलावत से कि इसके पश्चात हाफिज व कारी वसीम साहब, शिक्षक मदरसा मखदूमिया सहार, ने भी कुरआन का पाठ कर सभा को आध्यात्मिक वातावरण प्रदान किया। इसके बाद हाफिज सैफ साहब ने नातिया कलाम प्रस्तुत किया और अपने मधुर स्वर से



मजलिस में शामिल लोग।

उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। सभा को संबोधित करते हुए हाफिज तस्वीर साहब, हाफिज सद्दाम साहब, हाफिज मुहम्मद तुफैल अशरफ साहब तथा अन्य वक्ताओं ने जीवन और मृत्यु के सत्य, एकेश्वरवाद, प्रार्थना के महत्व, सामाजिक सुधार, नैतिक जीवन तथा मानव सेवा जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि यह संसार नश्वर है और मनुष्य को सदैव अच्छे कर्म, सदाचार और ईश्वर की आज्ञाओं के अनुसार जीवन व्यतीत करना चाहिए। मौके पर मौजूद राजनीतिक एवं धार्मिक नेताओं ने श्रंद्धाजलि देते हुए कहा कि स्व.हाजी ईसा साहब अरवल जिले की एक सम्मानित, लोकप्रिय, समाजसेवी हस्ती थे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन सादगी, ईमानदारी, परोपकार और जनसेवा में व्यतीत किया। वे गरीबों, असहायों और जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते थे।

**ईशार्ले शवाब' का आयोजन**

उन्होंने अपने बच्चों को उत्तम शिक्षा और संस्कार प्रदान किए तथा उन्हें समाज का जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस भव्य कार्यक्रम की सफलता में उनके पुत्र व अधिवक्ता निसार अख्तर, अधिवक्ता (सिविल न्यायालय), तथा उनके भाइयों की विशेष भूमिका रही। उन्होंने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाओं का संचालन किया। अतिथियों के स्वागत, भोजन व्यवस्था तथा अन्य सभी कार्यों में उनका योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। कार्यक्रम के समापन पर हाफिज शहाबुद्दीन साहब ने अत्यंत भावपूर्ण प्रार्थना की। प्रार्थना के दौरान उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं और पूरा वातावरण श्रद्धा एवं भावनाओं से भर उठा। उन्होंने स्व.हाजी ईसा साहब की आत्मिक शांति, उच्च स्थान तथा परिवारजनों के लिए धैर्य और शक्ति की प्रार्थना की।

## आधुनिक खेती से बदली धर्मपुर के किसान गुड्डू कुमार की तकदीर

**जहानाबाद (एनएसबी)।** काको प्रखंड के धर्मपुर गांव निवासी किसान गुड्डू कुमार आधुनिक खेती के क्षेत्र में सफलता की नई मिसाल बनकर उभरे हैं। परंपरागत खेती से शुरूआत करने वाले गुड्डू कुमार ने जिला उद्यान कार्यालय के मार्गदर्शन में जी-9 प्रजाति के केले की खेती



कर पहले ही प्रयास में लगभग एक लाख रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया। इसके बाद उन्हें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, चंडी (नालंदा) एवं आत्मा परियोजना के माध्यम से संरक्षित खेती का प्रशिक्षण मिला। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अग्र पंक्ति प्रदर्शन योजना के तहत 25 लाख रुपये लागत की पॉलीहाउस इकाई स्थापित करने के लिए उन्हें 18.75 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ। वर्तमान में गुड्डू कुमार पॉलीहाउस में बीजरहित खीरा, शिमला मिर्च एवं हाईब्रिड टमाटर की खेती कर रहे हैं, जिससे उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 2 से 2.5 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हो रहा है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय जिला प्रशासन, जिला उद्यान कार्यालय, कृषि विभाग एवं आत्मा परियोजना को दिया है। जिला प्रशासन ने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीक, संरक्षित खेती एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आय बढ़ाने की अपील की है। गुड्डू कुमार की सफलता यह साबित करती है कि प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और सरकारी सहायता के माध्यम से खेती को लाभकारी उद्यम बनाया जा सकता है।